THE SANSKRIT ŚIKSHIKÂ

A HINDI VERSION

OF

THE 'SANSKRIT TEACHER'

BY

RÂO BAHÂDUR VIDYÂBHÛSHANA KAMALÂŚANKARA PRÂNAŚANKARA TRIVEDÎ, B.A.,

RETIRED PRINCIPAL, P. R. TRAINING COLLEGE, AHMEDÂBÂD

(HONORARY FELLOW OF THE UNIVERSITY OF BOMBAY

AND

EXAMINER IN SANSKRIT IN THE BOMBAY AND THE PANJAB UNIVERSITIES)

Translated into Hindi

BY

PANDIT LAKSHMANA ŚÂSTRÎ TAILANGA SÂHITYÂCHÂRYA

PROFESSOR OF SANSKRIT, QUEEN'S COLLEGE, BENARES



MACMILLAN & CO., LIMITED

LONDON, BOMBAY, CALCUTTA, AND MADRAS

1917

Price Rs. 2/-

All rights reserved

PRINTED BY UPENDRA NATH BHATTACHARYYA
HARE PRESS
46 BECHU CHATTERJEE STREET CALCUTTA

संस्कृतशिक्षिका

अर्थात् [illegible]।

रावबहादुर विद्याभूषण कमलाशङ्कर प्राणशङ्कर त्रिवेदी, बी ए,

रिटायर्ड प्रिन्सिपल, पी आर ट्रेनिङ् कालेज, अमदाबाद,

मुम्बई विश्वविद्यालयके आनररी फेलो, बम्बई तथा पञ्जाब

विश्वविद्यालयके संस्कृत परीक्षक विरचित

'संस्कृत टीचर्'का

हिन्दी रूपान्तर



अनुवादक

पण्डित लक्ष्मणशास्त्री तैलङ्ग, साहित्याचार्य,

संस्कृत प्रोफेसर, क्वीन्स् कालेज्,

बनारस।

प्रकाशक

म्याक्मिलन् एण्ड कम्पनी लिमिटेड्

लण्डन्, बाम्बे कलकत्ता, और मद्रास।

१९१७

मूल्य २)

सर्व स्वत्व स्वाधीन।

भूमिका।

—०—

संस्कृत भाषा प्राचीन साहित्यका एक अमूल्य निधि है और यह प्रकृततत्त्वशास्त्र, भाषाशास्त्र, तथा इतर शास्त्रोंकी दृष्टिसे सब जातियोंको लाभदायक है, विशेषत हिन्दुओंको, जिनका जीवन धर्ममय है। मातृभाषाके यथार्थ ज्ञान तथा परिपाकके लिये और धार्मिक तथा आध्यात्मिक साहित्यके—जो सभ्य जगत्का एक आश्चर्य है—बोधके लिये संस्कृत भाषाका अभ्यास अत्यन्त आवश्यक है। इसकी लालसा लोगोंमें अवश्य उत्पन्न होनी चाहिये। जर्मन्, अंग्रेज, अमेरिकन् इत्यादि जातिया इस पर मुग्ध होकर इसके अभ्यासके लिये अपना जीवन समर्पण करते हैं।

मैं जब स्कूलों तथा कालेजोंमें कार्य करता था तब मेरे ध्यानमें यह बात आयी कि विद्यार्थियोंमें रुचि न होनेसे संस्कृतकी बड़ी हानि हो रही है। इसमें सन्देह नहीं कि उनमें संस्कृतका अनुराग उत्पन्न हो सकता और वह स्थिर भी हो सकता है यदि योग्य दिशासे उसका निरूपण किया जाय और साहित्यके बहुमूल्य खजाने उनके सामने रक्खे जाय। 'संस्कृत शिक्षिका' कुछ नयी रीतिपर बनायी गयी है और इसका उद्देश यह है कि संस्कृतमें विद्यार्थियोंका अनुराग उत्पन्न हो और उसका अभ्यास सुकर हो।

इस ग्रन्थमें विशेष बातें ये हैं —

(अ) प्रति पाठमें विद्यार्थियोंके लिये संस्कृतसाहित्यका साराश दिया गया है। वाक्य, प्रबन्ध तथा श्लोकोंके चुनावमें बड़ा ध्यान दिया गया है। ये महाकवियोंके प्रबन्धोंसे, महापुराणोंसे तथा उपनिषदोंसे लिये गये हैं। इनमें कई लोकोक्तिया हैं जो प्रतिदिनके जीवन तथा बातचीतके लिये उपयुक्त हैं (जैसे—गतानुगतिको लोको न लोकः पारमार्थिकः, अयमपरो गण्डस्योपरि स्फोट आम्नान् पृष्ट कोविदारान् व्याचष्टे क्षणे क्षणे यन्नवतामुपैति तदेव रूप रमणीयताया, महदपि परदु ख शीतल सम्यगाहु), तथा कई ऐसे श्लोक हैं जो उपदेश तथा उपयोगितासे पूर्ण हैं। इनसे चित्तपर उदात्त शील, श्रद्धा, उत्तमोंके प्रति आदर तथा विनय, विद्याका अनुराग, शक्ति, तथा प्रभुताका आदर, तथा परमेश्वरकी भक्ति, इत्यादिके संस्कार दृढ होंगे।

(आ) इसमें गद्यपद्यमय कविताओंका बड़ा सग्रह है। गद्यभाग पञ्चतन्त्र, दशकुमारचरित, कादम्बरी तथा श्रीमच्छङ्कराचार्यके ग्रन्थोंसे लिया गया है। इनमें विद्यार्थियोंको विविध रीतियोंके नमूने मिलेंगे। पद्यभाग चाणक्य, भर्तृहरि, कालिदास, भवभूति, इत्यादिके ग्रन्थों तथा रामायण, महाभारत, तथा अन्य ग्रन्थोंसे चुना गया है।

(इ) भाषाका उत्तम अभ्यास काव्योंसे ही सकता है जिनमें उत्तम विचार मनोहर रचनामें प्रकाशित किये गये हैं। ऐसे ऐसे ...पितरत्नोंके कण्ठस्थ कर लेनेसे भाषापर अधिकार तथा गाढ

अनुराग उत्पन्न होगा। पाठोंमें तथा ग्रन्थके अन्तमें दिये श्लोकोंके चुनावमें, जो लगभग २०० के हैं, इस बातपर विशेष दृष्टि दी गयी है।

(इ) विद्यार्थियोंका संस्कृतके छन्द तथा अलङ्कारोंमें प्रवेश करानेका यत्न किया गया है। गणोंके तथा मालिनी, वसन्ततिलका, हरिणी, शिखरिणी, इत्यादि प्रचलित छन्दोंके लक्षण दिये गये हैं। उपमा, रूपक, अर्थान्तरन्यास, अन्योक्ति, इत्यादि प्रसिद्ध अलङ्कारोंके लक्षण पाठोंमें तथा पुस्तकान्तकी टिप्पणियोंमें स्पष्ट किये गये हैं।

(उ) विद्यार्थियोंका ध्यान पहिले साहित्यकी ओर आकृष्ट किया गया है और व्याकरण उसका अङ्ग बनाया गया है, और ऐसा ही होना चाहिये। यह उद्देश अधोलिखित मार्गसे सिद्ध हुआ है। प्रतिपाठके आरम्भमें कुछ वाक्य दिये गये हैं जिनका हिन्दीमें अनुवाद किया गया है। इनमें नये व्याकरणके रूप मोटे टाइपमें दिये गये हैं जिसमें विद्यार्थियोंका ध्यान उनकी ओर आकृष्ट हो। इसके बाद तैयार रूपावली है। सबके अन्तमें नियम हैं जो उन रूपोंसे निकाले गये हैं। इस प्रकार अनुसृत पद्धति तुलनात्मक है। यह स्कूलके लड़कोंसे लेकर संस्कृतके जिज्ञासु वृद्ध पुरुषोंतक सभोंको शिक्षाप्रद तथा मनोरञ्जक होगी। स्कूलके विद्यार्थियोंको पहिले रूपोंका पहिचानना सीखना चाहिये और इसके बाद उनका अभ्यास करना चाहिये। जिज्ञासु वृद्धोंके लिये केवल उनका पहिचानना पर्याप्त है।

(ऊ) इसमें संक्षेपसे प्रायः वे सब व्याकरणके विषय आ गये हैं जिनका जानना संस्कृत साहित्यके अभ्यासके लिये अत्यन्त आवश्यक है। अप्रयुक्त रूप जान बूझकर छोड़ दिये गये हैं। अध्यापक तथा परीक्षककी भांतिसे मुझे इस बातका अनुभव हुआ है कि विद्यार्थी लोग अनियत रूपोंको केवल परीक्षाके लिये रट लेते हैं और परीक्षासे छुटकारा पाते ही उनको भूल जाते हैं। वे लोग भाषामें प्रचलित शब्दरूप तथा धातुरूपोंके साधारण नियमोंको नहीं समझते। इस त्रुटिके दूर करनेके लिये साहित्यमें साधारणतः प्रचारमें आनेवाले रूपोंपर विद्यार्थियोंका ध्यान आकृष्ट किया गया है। इसी उद्देशसे सन्धिके नियमोंका, जो विविध रूपोंके बनानेमें लगते हैं, बड़ी सावधानीसे निरूपण किया गया है और वे उदाहरणोंसे स्पष्ट किये गये हैं।

(ए) जो विषय अधिक सुगम तथा प्रचलित है वह पहिले दिया गया है और पीछेसे अधिक दुर्गम तथा कम प्रचलित विषय। समास तथा भूत कृदन्तोंका प्रयोग संस्कृत साहित्यमें बहुत पाया जाता है, इसलिये उनका पहिले प्रकरणोंमें समावेश किया गया है। भविष्यत् कालोंका परोक्षभूतके पूर्व तथा सामान्य भूतकालके चतुर्थ तथा पञ्चम प्रकारोंका निरूपण अन्यप्रकारोंके पूर्व किया गया है।

(ऐ) अन्तिम पाठमें कृत् तथा तद्धित प्रत्ययोंका वर्णन है जो प्रायः भाषामें मिलते हैं।

(ओ) संस्कृत व्याकरणके पारिभाषिक शब्दोंमें यह

विशेषता है कि वे अभिप्रायगर्भित हैं। यदि यह बात विद्यार्थियों की भलीभांति समझायी जाय, तो उनका कार्य बहुत कुछ सुगम होगा। मुझे यूनीवर्सिटीके परीक्षकके सम्बन्धमें यह कहते खेद होता है कि यह बात योग्य रीतिसे विद्यार्थियों के ध्यानमें नहीं लायी जाती। यही कारण है कि विद्यार्थी लोग 'बहुव्रीहि' इत्यादि शब्दों के लिखनेमें अनेक प्रकार की गलतियां किया करते हैं—जैसे कोई 'बहुरि' लिखते हैं, जो अत्यन्त उपहासास्पद है। इस आपत्तिको दूर करने के लिये इस पुस्तकमें प्रत्येक व्याकरण के पारिभाषिक शब्दोंका व्याख्यान किया गया है जिससे विद्यार्थियों के मन पर उनका संस्कार दृढ होगा। जब विद्यार्थीको यह मालूम हो जाता है कि 'बहुव्रीहि' शब्द स्वयं बहुव्रीहि समास है और उस समासके लक्षणको बतलाता है, जब वह यह समझ लेता है कि 'तत्पुरुष' शब्दका विग्रह दो प्रकारोंसे हो सकता है और यह दोनों प्रकारके समासों के

प्रशंसापत्र।

—ooXoo—

सूचना—बांब गवर्मेंटने 'संस्कृत टीचर' और उसके गुजराती अनुवाद' संस्कृत शिक्षिका' का स्कूलों तथा ट्रेनिंग कालेजोंमें पाठ्य पुस्तककी तरह उपयोग किया जाना मंजूर किया है। मध्यप्रदेशको गवर्मेंटने संस्कृत टीचर का द्वितीय श्रेणीके स्कूलोंमें तथा अलाहाबाद युनीवर्सिटीने सन् १९१९ की व्यान्तिक परीक्षामें पाठ्यपुस्तक की तरह उपयोग किया जाना मंजूर किया है।

माननीय न्यायमूर्ति सर् एन् जी चन्दावरकर, एम् ए, एल् एल् बी महाशय लिखते हैं —

१ मैंने आपकी पुस्तक (संस्कृत टीचर) को पढ़ा और उसे अत्यन्त उपयोगी पाया। पाठोंका रचनाक्रम, टिप्पणियां, और उद्धृत गद्यपद्यसंग्रह अत्युत्तम हैं।

प्रो॰ ए ए मक्डानल, आक्सफोर्ड —

आखिर हमको आपकी पुस्तक पढ़नेका अवसर मिला। जहांतक मेरा अनुभव है भारतवर्षके विद्यार्थियोंको संस्कृतविद्यामें प्रवेश करानेके लिये इससे उत्तम पुस्तक भारतवर्षमें छपी नहीं है। नवीन विद्यार्थियोंको संस्कृतविद्या बहुत रोचक बनायी जा सकती है यदि वह योग्य रातिसे पढ़ाई जाय। परन्तु मैं समझता हूं कि आजकल भारतवर्षमें बनी हुई पुस्तकोंमें, जिनको मैंने देखा है, यह बात नहीं पायी जाती। वे विशेषतः पढ़ानेके लिये बनायी गयी हैं। उनमें मनोहर टिप्पणियोंके रूपमें बहुत कम आवश्य विषय होता है और उनमें अनावश्यक नियम तथा अप्रयुक्त रूप बहुत होते हैं। आपका व्याख्याका प्रकार, संस्कृत साहित्यसे सावधानीके साथ चुने हुए गद्यपद्य, छन्द तथा अलङ्कारों पर टिप्पणियां तथा पाणिनीय व्याकरणपद्धति ये सब विषय मेरी समझमें अत्युत्तम हैं।

मैं समझता हूं कि भारतवर्षीय युनीवर्सिटियोंकी एन्ट्रेन्स परीक्षाके लिये यह ग्रन्थ अत्यन्त उपकारक होगा।

महामहोपाध्याय पं० हरप्रसाद शास्त्री एम्. ए., प्रिंसिपल, गवर्नमेंट् संस्कृत कालेज कलकत्ता —

अच्छा होता यदि आपकी पुस्तक इस प्रान्तमें भी चलायी जाती। [illegible] सचमुच ही आपने संस्कृत व्याकरणको एक सरस और विद्यार्थियोंके चित्तको अपनी ओर खींचनेवाली चीज बना डाला। [illegible] परन्तु आपने मधुमक्खियां पालनेवाले चतुर पुरुषके कुशल हाथसे सब मधुमक्खियोंको उड़ा दिया और शहद हमारे सबोंके लिये सुलभ कर दिया है। यह बात निश्चयपूर्वक कही जा सकती है कि आपके परिश्रमोंसे आपका प्रान्त अच्छी तरह लाभ उठायगा। [illegible] सबसे उत्तम बात तो यह है कि नियमोंके उदाहरणोंमें आपने आधुनिक संस्कृत न देकर प्राचीन काव्योंसे गद्य पद्य चुने। मेरी यह इच्छा है कि इस कार्यमें आपको पूर्ण सफलता प्राप्त हो। मैंने अपने लड़कोंसे आपकी पुस्तकका पूर्ण उपयोग लेनेके लिये कहा है।

श्रीयुत रेवरेंड् प्रो॰ ए हेग्लिन्, सस्कृत प्रोफेसर, झेवियर्स कालेज बबई —

संस्कृतकी विभक्तियां अनेक शब्दरूप, तथा धातुरूप विद्यार्थियोंकी स्मृतिशक्तिपर बडा बोझ डालते हैं। आपने बडी चतुराईसे विशेष प्रचलित रूपोंमें सीमाबद्ध कर इस कामको हलका बना डाला है। नियमोंको योग्य रचना और क्रमिक पाठोंका सनिवेश इस कामको और हलका करते हैं। आपने (उदाहरणार्थ) दिये हुए वाक्य तथा पुस्तकके अन्तमें दिये हुए गद्य पद्य उत्तम रीतिसे चुने हुए, भिन्न भिन्न विषयोंके, मनोरञ्जक, तथा काव्योंसे उद्धृत हैं।

विद्यार्थियोंको यह देखकर बडी प्रसन्नता होगी कि प्रति पाठमें दिये हुए भाषाके वाक्य कम और छोटे २ हैं। टाइप मोटा तथा स्पष्ट और पुस्तकका आकार छोटा है। पुस्तककी सम्पूर्ण रचना मनोहर है। मेरी रायमें संस्कृत टीचर स्कूलोंमें प्राथमिक व्याकरण और पाठ्य पुस्तककी तरह उपयुक्त होनेके योग्य है।

प्रो॰ वी एस् घाटे, एम् ए, सस्कृत प्रोफेसर, डेक्कन कालेज, पूना —

मैंने आपके 'संस्कृत टीचर्' के कुछ भाग पढे हैं। मैं प्रसन्नतासे इसे स्कूलोंमें चलाये जानेकी शिफारिस करता हू।

पहिले संस्कृत वाक्य लेकर उनपर व्याकरणनियमोंके बैठानेकी आपकी रीति अधिक स्वाभाविक है और मुझे निश्चय है कि यह सस्कृतकी पढाईको अधिक मनोरञ्जक बनायगी।

गद्यपद्योंका सग्रह उत्तम और मनोरञ्जक है। व्याकरणके भिन्न भिन्न विषय योग्य रीतिसे व्यवस्थित किये गये हैं, जैसे पुस्तकके पूर्व भागमें प्रथम ... [illegible] ...नामोंका वर्णन, तथा परोक्षभूतके पूर्व लोनों भविष्यत् कालोंका

ए महादेव शास्त्री, बी ए, संस्कृत पुस्तक निरीक्षक तथा मैसोर संस्कृत सीरीज़के सम्पादक —

आप विश्वास रक्खें कि आपने पढ़ानेकी रीतिमें बड़ी उन्नति कर दिखायी है। पढ़ने की इस नवीन स्वाभाविक रीतिसे संस्कृतका पढ़ाना अधिक मनोरञ्जक होगा। उदाहरणार्थ जो संस्कृत वाक्योंसे लिये गये हैं, साहित्यमें लोगोंकी रुचि उत्पन्न करेंगे।

ए अनन्ताचार्य शास्त्री, मैसोर पुरातत्त्वविभाग, बंगलोर —

मैंने आपकी पुस्तक पढ़ी। आपकी रीति उत्तम है। थोड़ेही दिनोंमें संस्कृत विद्यार्थियोंके लिये यह पुस्तक अच्छी सहायक होगी। दूसरी पुस्तक उन्हीं विद्यार्थियोंको सहायता दे सकती है जिनको पहिले ही से संस्कृत भाषाकी अच्छी व्युत्पत्ति है। पहिले वाक्य [illegible] उनके शब्दोंको विभाग निर्देश करनेकी रीति विद्यार्थियोंको साहित्य पढ़नेमें सहायता देती है। आपने उदाहरणार्थ चुने हुए गद्य पद्य केवल उपदेशपर ही नहीं हैं किन्तु वे स्मरण रखने योग्य तथा भावि जीवनमें उपयोगी भी हैं।

प्रो० राजराज वर्मा, एम् ए, संस्कृत प्रोफेसर, महाराजा कालिज, त्रिवोंड्रम् —

मैंने आपकी पुस्तक पढ़ी। मैं देखता हूं कि इसकी योजना बड़ी योग्यतासे कल्पित और बड़ी कुशलतासे रची गयी है। इसमें संक्षेप और सुगमताका योग हुआ है जिसके लिये आप धन्यवादार्ह हैं। नये विद्यार्थियोंके लिये पहली पुस्तकमें प्रयोगात्मक रीतिसे तुलनात्मक रीतिका अवलम्बन करना एक नयी बात है। इस नयी रीतिका अवलम्बन उन विद्यार्थियोंमें रुचि उत्पन्न तथा स्थिर करनेमें उपयुक्त होगा जिनके हाथमें यह पुस्तक दी जायगी। इसके गद्य पद्योंके विषयमें मुझे निश्चय है कि उनकी विचित्रता और उत्तमता सर्वत्र आदृत

होगी। अथवा इसमें यदि मतभेद हो सकता है तो वह कदाचित् इसके परिमाणके विषयमें। सम्भव है कि इसे कुछ लोग नये विद्यार्थियोंके लिये अपर्याप्त समझें। इसी प्रकार संस्कृतमें अनुवादके लिये वाक्य कदाचित् बहुत कम समझे जांय तो सम्भव है। परन्तु मुझे पूर्ण निश्चय है कि नये विद्यार्थियोंके लिये बनाई गयी ऐसी पुस्तकमें कुछ सीमा भी होती है। पुस्तकके अन्तमें दिये हुए गद्य पद्य भलीभांति चुने गये हैं और सदाचार के अच्छे निदर्शक हैं। व एन्ट्रेन्स परीक्षाकी एक वर्षकी पढ़ाईके लिये पर्याप्त हैं। मैं अपने विद्यार्थियोंमें इसका प्रचार करूंगा और सामान्यतः स्कूलोंमें इसके उचित उपयोगकी शिफारिस करूंगा।

प्रो॰ वीरेश्वर शास्त्री द्रविड, संस्कृत प्रोफेसर, महाराजा कालेज, जयपुर —

स्कूलों तथा भारतवर्षीय युनीवर्सिटियोंके म्याट्रिक्युलेशन परीक्षाके छात्रोंकी अपेक्षायें पूर्ण करनेमें यह पुस्तक अत्यन्त उपयुक्त है। अपने परिश्रमसे संस्कृतमें प्रवेश चाहनेवालोंके लिये तो यह अमूल्य है। आपने अवलम्बन की हुई तुलनात्मक पद्धति नूतन विद्यार्थियोंको उस नीरसताको कम करेगी जिसका उनको प्रायः अनुभव हुआ करता है। चुने हुए वाक्य सुगम तथा सुव्यवस्थित हैं और प्रधान व्याकरण नियमों को अच्छी तरह स्पष्ट करते हैं। पुस्तकके अन्तमें दिये हुए विविध विषयोंके गद्य पद्य इस पुस्तकमें अपूर्व हैं। उनका बार बार पढ़ना विद्यार्थियोंको संस्कृत भाषाकी रचना और मर्म समझने में बहुत उपकार करेगा।

टी॰ गणपति शास्त्री, संस्कृतपुस्तकनिरीक्षक तथा त्रिवाड्रम् संस्कृत सीरिजके सम्पादक —

आप ऐसे लोग लोगोंके अनेक प्रकारके उपकार करनेमें समर्थ हैं। उन्हें अपने

हुए अनेक उपकारोंसे हानि सहा। वे ऐसो दिनास फिर भी लोगोंका उपकार करनेकी इच्छा करते रहते हैं। अवश्य यह नयी पुस्तक गुणज्ञोंमें अवश्य प्रवेश पावेगी।

नारायण शास्त्री, हेड्मास्टर, संस्कृत पाठशाला, त्रिवांड्रम् तथा भूतपूर्व संस्कृत प्रोफेसर, महाराजा कालेज, त्रिवांड्रम् —

मैंने सावधानतासे आपकी पुस्तक पढ़ी। मुझे इसमें कहीं कोई भी चीज दुष्ट या असुन्दर दिखनेमें न आयी। मार्गोंसे उद्धृत कर पदोंकी निष्पत्ति प्रतिपादन करनेकी आपकी शैली पाणिनिसरीखे किसी वैयाकरणके ग्रन्थकी सुध न करती? इससे बढ़कर प्रशंसाकी बात तो यह है कि इसमें प्राचीन उत्तम काव्योंसे संग्रहीत वाक्य, गद्य, तथा पद्य मधुर कोमल तथा सदुपदेशपर हैं। अधिक क्या लिखें? आपकी पुस्तक संस्कृताभिमानियोंके मनके 'अंग्रेजोंके कमनेसे संस्कृतका प्रचार संकुचित हो रहा है' इस कण्टकको दूर करनेमें रामबाण औषध है यही मेरा निश्चित मत है।

आपने प्रस्तावनामें जो लिखा है कि यह पुस्तक स्कूलके विद्यार्थियों तथा अधिक वय प्राप्त अंग्रेजीके शिक्षितोंको जो संस्कृत जाननेकी अभिलाषा रखते हैं, प्रियामद तथा मनोरञ्जक होगी इससे मैं सहमत हूँ। ऐसा आदमी न मिलेगा जो इस विषयमें विवाद करे कि यह पुस्तक स्कूलोंमें उत्तम पाठ्यपुस्तकका स्थान पाने योग्य है। सदैव यह है कि इस प्रकारका आपका उद्योग शुभ होवे लोगोंको बहुत आनन्द देता है। पाठशालाओंमें पाठ्यपुस्तकोंका विचार करनेके अवसरपर कौन 'संस्कृत टीचर' को भूलेगा? सज्जन मनसे अपना हर्ष प्रकट करते हैं।

शास्त्री केदारनाथ दुर्गाप्रसाद, महामहोपाध्याय काव्यमालाके सम्पादक, जयपुर —

आपका 'संस्कृत टीचर्' नामका संस्कृतशिक्षक एकबारगी व्याकरण कोश तथा साहित्यमें उत्तम व्युत्पत्ति करानेमें समर्थ है।

इसमें सन्देह नहीं कि संस्कृत साहित्यमें प्रवेश करनेकी इच्छा रखनेवालोंको यह अत्यन्त

उपयोगी तथा नवीन श्रेणीकी पुस्तक बहुत लाभकारी होगी। संस्कृतानुरागी सहृदयोंसे मेरी सानुरोध यह प्रार्थना है कि केवल संस्कृत जाननेकी इच्छा रखनेवालोंके लिये वे लोग इसी शैलीपर प्रत्येक संस्कृत अथवा हिन्दीमें ग्रन्थ शीघ्र बनावें। पढ़ानेमें किस परिपाटीका स्वीकार करना चाहिये यह बात 'संस्कृत टीचर्' अच्छी तरह सिखाता है। संस्कृतमें हम इसे टीचर् नहीं, गीतर कहते हैं। क्योंकि पाणिनि कात्यायन तथा पतञ्जलि यह त्रिमुनि केवल श्लोकार्थमें व्युत्पत्ति करा सकता है और यह एक ही में कोश, व्याकरण, तथा काव्य सिखाता है। इसी प्रकार यह मोक्षमूलर—काले—आपटे—इनके पुस्तकोंसे भी निराला है। इस कारणसे भी यह गीतर है। इसमें ज़रा भी सन्देह नहीं कि यह संस्कृतसाहित्यमें प्रवेश तथा व्युत्पत्ति चाहनेवालोंका उपकार करेगा। यह संस्कृत गीतर बहुत योग्य समयपर उदित हुआ। प्रतिदिन बढ़नेवाली इसकी कलायें संस्कृत व्युत्पत्ति चाहनेवालोंको अपनी शिक्षारूपी चन्द्रिका दें।



गर्जति शरदि न वर्षति वर्षति वर्षासु निःस्वनो मेघः ।
नीचो वदति न कुरुते न वदति सुजनः करोत्येव ॥

* * * *

कल्याणानां त्वमसि महसां भाजनं विश्वमूर्ते
धुर्यां लक्ष्मीमथ मयि भृशं धेहि देव प्रसीद ।
यद्यत्पापं प्रतिजहि जगन्नाथ नम्रस्य तन्मे
भद्रं भद्रं वितर भगवन् भूयसे मङ्गलाय ॥

* * * *

शरणं करवाणि कामदं ते चरणं वाणि चराचरोपजीव्यम् ।
करुणामसृणैः कटाक्षपातैः कुरु मामम्ब कृतार्थसार्थवाहम् ॥

संस्कृतशिक्षिका।

पाठ १।

वर्ण।

संस्कृतमें अधोलिखित वर्ण होते हैं —

(अ) अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ॠ, ऌ, ए, ऐ, ओ, औ।

(ब) क्, ख्, ग्, घ्, ङ्, च्, छ्, ज्, झ्, ञ्, ट्, ठ्, ड्, ढ्, ण्, त्, थ्, द्, ध्, न्, प्, फ्, ब्, भ्, म्, य्, र्, ल्, व्, श्, ष्, स्, तथा ह्।

(अ) से चिह्नित वर्णोंको स्वर कहते हैं, क्योंकि और किसी वर्णकी सहायताके बिना ये उच्चारण किये जा सकते हैं।

(ब) से चिह्नित वर्णोंको व्यञ्जन कहते हैं, क्योंकि ये अपने उच्चारणमें स्वरोंकी अपेक्षा रखते हैं, क्, ख्, इत्यादि वर्णोंका बिना किसी स्वरके मिलाये उच्चारण नहीं हो सकता, व्यञ्जन शब्द वि+अञ्ज्+अन को जोड़नेसे बना है और उसका अर्थ मिलना है। उदाहरण—क=क्+अ, का=क्+आ, को=क्+ओ।

आ, ई, ऊ, और ॠ ये अ, इ, उ, तथा ऋ इनके दीर्घरूप हैं, ऌको दीर्घ नहीं होता।

स्वरोंके ऊपर जो बिन्दु दिया जाता है उसे अनुस्वार तथा उनके आगे जो दो बिन्दु दिये जाते हैं उनको विसर्ग कहते हैं। जैसे— ं, ः, कं, कः।

दो या अधिक व्यञ्जन जहाँ मिले रहते हैं उनको संयुक्ताक्षर कहते हैं। जैसे क्त=क्+त्, र्क=र्+क्, द्ध=द्+ध्, स्म=स्+म्,

श = ◌ + य, द्य = द् + य, ज्ञ = ज् + ञ, द्य = द् + य, द्ध = द् + ध,
द्व = द् + व, ह्ल = ह् + ल्।

स्मरण रखना चाहिये कि क्ष = क् + ष् के मिलानेसे तथा ज्ञ = ज् + ञ
से बना हुआ है।

पाठ २।

वर्तमान काल।

सृजति (वह) उत्पन्न करता है।	नश्यति (वह) नष्ट होता है।
लिखति (वह) लिखता है।	नृत्यति (वह) नाचता है।
विशति (वह) प्रवेश करता है।	कुप्यति (वह) कोप करता है।
स्पृशति (वह) छूता है।	लुभ्यति (वह) लोभ करता है।
मिशति (वह) मिलाता है।	क्रुध्यति (वह) क्रोध करता है।

१। ऊपर लिखे हुए शब्दोंको देखनेसे यह मालूम होगा कि वर्तमा[न] कालिक क्रियाके प्रथम पुरुषके एकवचनका प्रत्यय ति है।

सृजति	(सृज् अ ति)	नश्यति	(नश् य ति)
लिखति	(लिख् अ ति)	नृत्यति	(नृत् य ...
विशति	(विश् अ ति)		
स्पृशति	(स्पृश् अ ति)		
मिशति	(मिश् अ ति		

अनुसार धातु कई वर्गोंमें विभक्त हैं। संस्कृतमें ऐसे वर्ग दस हैं जिनको गण कहते हैं।

२। अ तुदादिगणका, और य दिवादिगणका चिह्न है।

शब्द संग्रह।

तुदादिगण।	दिवादिगण।
दिश्—दिखाना	कुप्—कोप करना
लिख्—लिखना	क्रुध्—क्रोध करना
सृज्—सिरजना	नश्—नष्ट होना
स्पृश्—छूना	नृत्—नाचना
विश्—प्रवेश करना	क्षुभ्—क्षोभ करना

पाठ ३।

वर्त्तमान काल।

वसत (ये दो) रहते हैं।	पूजयत (ये दो) पूजा करते हैं।
वदत (ये दो) बोलते हैं।	कथयत (ये दो) कहते हैं।
चरत (ये दो) चलते हैं।	गणयत (ये दो) गिनते हैं।
पठन्ति (ये) पढ़ते हैं।	रचयन्ति (ये) रचते हैं।
दहन्ति (ये) जलाते हैं।	स्पृहयन्ति (ये) चाहते हैं।
पतन्ति (ये) गिरते हैं।	पीडयन्ति (ये) कष्ट देते हैं।
नमन्ति (ये) प्रणाम करते हैं।	सूचयन्ति (ये) सूचना करते हैं।

१। ऊपरके शब्दोंसे यह मालूम होगा कि वर्त्तमान कालिक क्रियाके प्रथम पुरुषके द्विवचनका त: यह चिह्न है, तथा अन्ति यह प्रथम पुरुषके बहुवचनका चिह्न है।

वसत (वस् अ त)	पूजयत (पूज् अय त)
वदत (वद् अ त)	कथयत (कथ् अय त)
चरत (चर् अ त)	गणयत (गण् अय त)
पठन्ति (पठ् अ अन्ति)	रचयन्ति (रच् अय अन्ति)
स्मरन्ति (स्मृ अ अन्ति)	स्पृहयन्ति (स्पृह् अय अन्ति)
पतन्ति (पत् अ अन्ति)	पीडयन्ति (पीड् अय अन्ति)
नमन्ति (नम् अ अन्ति)	भूषयन्ति (भूष् अय अन्ति)

जिस प्रकार द्वितीय पाठमें दिये हुए वसति इत्यादि धातुओंमें अ लगता है उसी प्रकार वसत इत्यादि रूपोंमें भी अ लगता है ।

२। अ भ्वादिगणके धातुओंका चिह्न है। वस् इत्यादि धातु पूज् इत्यादि धातुओंसे पृथक् विभक्त क्यों है यह बात आगे चलकर मालूम होगी।

पूजयत इत्यादि रूपोंमें धातुओंसे अय लगाया गया है।

३। अय चुरादिगणका चिह्न है।

पठन्ति रचयन्ति इत्यादिमें अन्तिके पहिले रहनेवाला अ निकाला गया है।

४। अन्ति के पहिले रहनेवाला अ निकल जाता है

जयति (वह) जीतता है।	नाटयति—(वह) भाव करता है।
नयति (वह) ले जाता है।	क्षालयति (वह) धोता है।
भवति (वह) होता है।	चोरयति (वह) चुराता है।
स्मरति (वह) स्मरण करता है।	धारयति (वह) उठाता है।
तरति (वह) तैरता है।	
बोधति (वह) जानता है।	

ऊपर दिये हुए धातुरूप भ्वादि और चुरादिगणके हैं। जयति = जि + अ + ति (जि + अ = जे + अ = जय् + अ) जि का, नयति = नी + अ + ति (नी + अ = ने + अ = नय् + अ) नी का, भवति = भव् + अ + ति (भू + अ = भो + अ = भव् + अ) भू का, स्मरति = (स्मृ + अ = स्मर + अ)

ऋ का, तरति=तर्+अ+ति (तॄ+अ=तर्+अ) तॄ का, बोधति=बोध्+अ+ति (बुध्+अ=बोध्+अ) बुध् का रूप है।

५। ऊपरके रूपोंसे यह मालूम होता कि अन्तिम स्वर तथा उपान्त्य (अन्त्यसे समीपका) ह्रस्व स्वरोंमें लगचिह्न अ के पहिले कुछ परिवर्तन होता है। (इ, वा ई का ए, उ, वा ऊ का ओ, ऋ वा ॠ का अर्, तथा लृ का अल् हो जाता है)।

६। ए, ओ, अर्, तथा अल् इ वा ई उ वा ऊ, ऋ, वा ॠ, और लृ के यथाक्रम आदेश हैं और इनको गुण आदेश कहते हैं।

जे+अ=जय्+अ, ने+अ=नय्+अ, भो+अ=भव्+अ—

७। संस्कृतमें जब एक साथ दो स्वर आते हैं तो वे विशेष परिवर्तनसे मिल जाते हैं। इसको सन्धि कहते हैं।

८। जब ए तथा ओ के बाद कोई स्वर आता है तो वे यथाक्रम अय् तथा अव् में बदल जाते हैं।

नाटयति, चालयति चोरयति, धारयति इत्यादि चुरादिगणके धातु रूप हैं।

नट+अय+ति=नाटयति, चल—चालयति; कथ्—कथयति, चुर्—चोरयति, पीड्—पीडयति स्पृह्—स्पृहयति, धृ—धारयति—

९। उपान्त्य (अन्त्यके समीपका) अ प्राय इसकी वृद्धि आमें बदल जाता है, परन्तु कथ, गण्, वर् इत्यादिमें नहीं बदलता।

१०। स्पृह् इत्यादि छोड़ कर अ से भिन्न दूसरे उपान्त्य ह्रस्व स्वरको गुण होता है।

११। अन्त्य स्वरको वृद्धि होती है। अ की वृद्धि आ, इ तथा ई की वृद्धि ऐ, उ तथा ऊ की वृद्धि औ ऋ तथा ॠ की वृद्धि आर, और लृ की वृद्धि आल् है।

इच्छति, विशति, और स्पृशति तुदादि गणके रूप हैं। इनको बोधति के साथ मिलाओ।

१२ । जिस प्रकार भ्वादिगणके धातुओंमें अ के पहिले गुण होता है उस प्रकार तुदादिगणके धातुओंमें नहीं होता ।

शब्दसंग्रह ।

भ्वादिगण ।	चुरादिगण ।
चर्—चलना	कथ्—कहना
जि—जीतना	क्षल—धोना
तॄ—पार करना	गण—गिनना
दह—जलाना	चुर—चुराना
नी—ले जाना	धृ—पकड़ना या उठाना
पठ—पढ़ना	नट—नाचना
पत्—गिरना	पीड्—कष्ट देना
बुध्—जानना	पूज—पूजा करना
भू—होना	रच्—रचना
वद्—बोलना	सूच—सूचन करना या सुझाना
वस्—रहना	
स्मृ—स्मरण करना	

पाठ ४ ।

वर्तमान काल ।

कुप्यसि—(तू) कोप करता है ।
नश्यसि (तू) नष्ट होता है ।
हरथ (तुम दो) ले जाते हो ।
नयथ (तुम दो) ले जाते हो ।
शुष्यथ (तुम लोग) सूखते हो ।
क्षुभ्यथ (तुम लोग) क्षोभ करते हो ।
नशामि (मैं) नाश करता हूं ।
शिक्षामि (मैं) सिखता हूं ।
स्पृशाव (हम दो) छूते हैं ।
त्यजाव (हम दो) छोड़ते हैं ।
वदाम (हम लोग) बोलते हैं ।
स्पृहयाम (हम लोग) चाहते हैं ।

ऊपरके उदाहरणोंसे ये नियम निकलते हैं —

१। सि, थ, और थ यथाक्रम वर्तमानकालिक क्रियाके मध्यम पुरुषके एकवचन, द्विवचन, तथा बहुवचनके प्रत्यय हैं, और मि, व, म वर्तमानकालिक क्रियाके उत्तम पुरुषके एकवचन, द्विवचन, तथा बहुवचनके यथाक्रम प्रत्यय हैं।

२। स्पृहयामि, स्मराव, वदाम —मि, व, म के पूर्व अ को दीर्घ हो जाता है।

शाम्यामि—मैं शान्त होता हूं।	क्लाम्यति—वह मुरझाता है।
श्राम्याम—हम लोग थकते हैं।	भ्राम्यन्ति—वे घूमते हैं।
क्षाम्याव—हम दो क्षमा करते हैं।	भ्रम्यति—वह घूमता है।
माद्यामि—मैं मत्त होता हूं।	भ्रम्यसि—तू घूमता है।

इन उदाहरणोंसे ये नियम सिद्ध होते हैं —

३। शम, श्रम, तम, मद, और क्लम इन धातुओंके अ को दीर्घ होता है।

४। भ्रम भ्वादि तथा दिवादि दोनों गणोंमें पढ़ा हुआ है। और दिवादिमें अ को विकल्पसे दीर्घ होता है। इस प्रकार इसके तीन रूप होते हैं —भ्रमति, भ्रम्यति, भ्राम्यति।

गच्छसि—तू जाता है।	पृच्छाम—हम लोग पूछते हैं।
इच्छामि—मैं चाहता हूं।	पश्यथ—तुम लोग देखते हो।
तिष्ठन्ति—वे खड़े रहते हैं।	पिबत—वे दो पीते हैं।

५। गणचिह्न (विकरण) के पहिले कुछ धातुओंके स्थानमें दूसरे आदेश हुआ करते हैं। जैसे—गम् के स्थानमें गच्छ, इष के स्थानमें इच्छ, स्था के स्थानमें तिष्ठ, प्रच्छ के स्थानमें पृच्छ, दृश के स्थानमें पश्य, और पा के स्थानमें पिब आदेश होता है।

गच्छाम —हम लोग जाते हैं । नयथ —तुम लोग ले जाते हो ।
आगच्छामः—हम लोग आते हैं । आनयथ —तुम लोग ले आते हो ।
वसामि—मैं रहता हूं । हराम — हम लोग हर लेते हैं ।
निवसामि—मैं रहता हूं । अपहराम —हम लोग हरते हैं ।

६। धातुओंके पहिले लगे हुए आ, नि, अप इत्यादि उपसर्ग कहाते हैं । ये बहुधा धातुओंके अर्थोंको बदल देते हैं ।

स्नाथ —तुम लोग नहाते हो । यान्ति—वे जाते हैं ।

स्नाथ —स्ना धातुका रूप है, और यान्ति या धातुका । ये अदादिगणके धातु हैं ।

७। अदादिगणके धातुओंमें कोई गणचिह्न नहीं होता । धातुओंमें सीधे ही प्रत्यय लगाये जाते हैं ।

शब्दसंग्रह ।

भ्वादि ।	दिवादि ।
गम् (गच्छ्) जाना	क्लम् (क्लाम्)—थकना
आगम्—(गच्छ्) आना	क्षम् (क्षाम्)—क्षमा करना
क्षि—नाश करना	क्षुभ्—क्षोभ करना
अव तॄ—उतरना (अव—नीचे)	भ्रम् (भ्राम् या भ्रम)—घूमना
त्यज्—छोड़ना	मद् (माद्)—मस्त होना
दृश् (पश्य)—देखना	श्रम् (श्राम्)—थका होना
धाव्—धोना	क्षुध्—भूखना
पा (पिब्)—पीना	श्रम (श्राम)—थकना
भ्रम्—घूमना	तुदादि ।
नि वस्—रहना	इष् (इच्छ्)—चाहना
स्था (तिष्ठ्)—खड़ा रहना	प्रच्छ् (पृच्छ्)—पूछना
हृ—हरण करना ।	अदादि ।
	या—जाना
	स्ना—नहाना

पाठ ५।

उपसर्ग।

अपनयति—वह हटाता है (अप=दूर)।	प्रतिवदाम—हम लोग उत्तर देते हैं (प्रति=बदलेमें)।
अनुसरति—वह पीछे चलता या अनुकरण करता है (अनु=पीछे)।	उपगच्छतः—वे दो समीप आते हैं (उप=समीप)।
उत्पतामि—मैं कूदता हूं (उत्=ऊपर)।	अवगच्छाव—हम दो जानते हैं। (यहांपर अव का अर्थ 'नीचे' नहीं है।)
विनश्यथ—तुम दो नष्ट होते हो (वि=पूर्ण रूपसे)।	प्रचरसि—तुम चलते हो (प्र=आगे)।

गम्—भ्वादि।

	ए व।	द्वि व।	ब व।
प्रथम पुरुष	गच्छति	गच्छतः	गच्छन्ति
मध्यम ,,	गच्छसि	गच्छथः	गच्छथ
उत्तम ,,	गच्छामि	गच्छावः	गच्छामः

पुष्—दिवादि।

प्र पु	पुष्यति	पुष्यतः	पुष्यन्ति
म पु	पुष्यसि	पुष्यथः	पुष्यथ
उ पु	पुष्यामि	पुष्यावः	पुष्यामः

इष्—तुदादि।

प्र पु	इच्छति	इच्छतः	इच्छन्ति
म पु	इच्छसि	इच्छथः	इच्छथ
उ पु	इच्छामि	इच्छावः	इच्छामः

चर्—चुराना।

प्र पु	चोरयति	चोरयत	चोरयन्ति
म पु	चोरयसि	चोरयथ	चोरयथ
उ पु	चोरयामि	चोरयाव	चोरयाम

स्ना—नहाना।

प्र पु	स्नाति	स्नात	स्नान्ति
म पु	स्नासि	स्नाथ	स्नाथ
उ पु	स्नामि	स्नाव	स्नाम

उद्+पतामि=उत्पतामि, यहां द् का त् हुआ है।

यह जानना आवश्यक है कि अपने२ स्थानोंके अनुसार स्वर और व्यञ्जन किन वर्गों में विभक्त हैं।

अ, आ, कु, (क्, ख्, ग्, घ्, ङ्) ह्, और विसर्ग—कण्ठस्थानीय।
इ, ई, चु (च्, छ्, ज्, झ्, ञ्), य्, और श्—तालुस्थानीय।
ऋ ॠ, (ट् ठ्, ड, ढ्, ण्) र् और ष्—मूर्द्धस्थानीय।
लृ, तु, (त्, थ्, द्, ध् न) ल्, और स्—दन्तस्थानीय।
उ, ऊ पु, (प्, फ, ब्, भ्, म्)—ओष्ठस्थानीय।

ए और ऐ—कण्ठतालुस्थानीय।

ए=अवर्ण (अ वा आ)+इवर्ण (इ वा ई), ऐ=अवर्ण (अ वा आ)+ए।

ओ तथा औ—कण्ठोष्ठस्थानीय।

ओ=अवर्ण (अ वा आ)+उवर्ण (उ वा ऊ), औ=अवर्ण (अ वा आ)+ओ।

व्—दन्तोष्ठस्थानीय।

ङ्, ञ्, ण्, न्, और म्—इनको ऊपर लिखे हुए स्थानोंके सिवा नासिका स्थान भी है और ये अनुनासिक कहाते हैं।

य्, व्, और ल् अननुनासिक भी हैं और अनुनासिक भी। क् से म् तकके पांचो वर्गोके (कवर्ग, चवर्ग, टवर्ग, तवर्ग, और पवर्ग) वर्ण स्पर्श कहाते है, क्यों कि इन वर्णों के उच्चारण करनेमें जिह्वाका अग्र, उपाग्र, मध्य, और मूल इनके उच्चारण स्थानोंको (कण्ठ, तालु, मूर्द्धा, दन्त, और ओष्ठोंको) स्पर्श करता है।

पांचो वर्गोंके प्रथम, तृतीय, तथा पञ्चम वर्ण और य्, र्, ल, व्, अल्प प्राण कहाते हैं। क्योंकि इनके उच्चारणमें कम श्वासकी अपेक्षा है और इनका उच्चारण सुगमता से हो सकता है। इनके सिवा अन्य वर्ण महाप्राण कहाते है, क्योंकि इनके उच्चारणमें अधिक श्वासकी अपेक्षा है और इनका उच्चारण कठिनतासे होता है।

वर्गोंके प्रथम और द्वितीय वर्ण तथा, श्, ष्, स्, अघोष (कठोर व्यञ्जन), और,य् र्, ल्, व्, तथा ह् घोष (कोमल व्यञ्जन) कहाते है।

य्, र्, ल, और व् अन्तःस्थ वा अन्त स्थ (अर्द्धस्वर), और श, ष्, स्, तथा ह् ऊष्मन् कहाते हैं।

उद्+पतति=उत्पतति, उद्+सरति=उत्सरति, तम्+पात = उत्पात, उद्+साह = उत्साह, उम्+तेजनम्=उत्तेजनम्।

नियम—अनुनासिक वा अन्त स्थ को छोड कर और कोई व्यञ्जन, जब उनके बाद कोई अघोष वर्ण हो, अपने वर्गके प्रथम वर्णमें बदल जाता है।

शब्दसङ्ग्रह।

अनु इ (२य्रादि) पीछे जाना, अनुकरण करना।
अप नी (१आदि) ले जाना।
अव गम् (१आदि) जानना।
उद् पत् (१आदि) कूदना।
उप गम् (१आदि) पास जाना।
प्र चर् (१आदि) आगे चलना।

प्रति वच् (ब्रवीति) विरुद्ध बोलना , उत्तर देना ।
वि नश् (विनश्यति) पूर्णरूपसे नष्ट होना ।

पाठ ६ ।

अकारान्त शब्द ।

बालः क्रीडति—लड़का खेलता है ।
अश्वः चरति=अश्वश्चरति—घोड़ा चलता है ।
जनः तरति=जनस्तरति—आदमी तैरता है ।
चोरौ चोरयतः—दो चोर चुराते हैं ।
वृक्षौ पततः—दो पेड़ गिरते हैं ।
बुधाः पठन्ति—पण्डित लोग पढ़ते हैं ।
देवाः जयन्ति=देवा जयन्ति—देव लोग जीतते हैं ।
पर्णम् शुष्यति=पर्णं शुष्यति—पत्ता सूखता है ।
नयने पश्यतः—दो आँखें देखती हैं ।
पापानि नश्यन्ति—पाप नष्ट होते हैं ।
दुःखानि गलन्ति—दुःख गलते हैं ।
धर्मम् उपदिशामि=धर्ममुपदिशामि—मैं धर्मका उपदेश करता हूँ ।
असत्यम् वदथ=असत्यं वदथ—तुम लोग झूठ बोलते हो ।
बालं ताडयति—वह एक लड़केको मारता है ।
वेदान् पठामः—हम लोग वेदोंको पढ़ते हैं ।
पुस्तकानि लिखन्ति—वे लोग पुस्तकोंको लिखते हैं ।
वत्स, सुष्ठु भणसि—लड़के, तू अच्छा कहता है ।

सात विभक्तियाँ हैं ।

प्रथमा—यह प्रातिपदिकार्थमें लगती है ।
द्वितीया—यह क्रियाके कर्मको दिखाती है ।
तृतीया—यह किसी क्रियाके कर्ता या करणको दिखाती है ।

चतुर्थी—यह उसको दिखाती है जिसको कोई वस्तु दी जाय (सम्प्रदान), किंवा जिसके लिये कोई काम किया जाय (तादर्थ्य)।

पञ्चमी—अपादान वा हेतुको दिखाती है।

षष्ठी—सम्बन्धका बोध कराती है।

सप्तमी—यह किसी क्रियाके अधिकरणको बताती है।

सम्बोधन कोई आठवाँ कारक नहीं है वह केवल प्रथमाका बोध कराती है और किसीको पुकारनेमें इसका प्रयोग किया जाता है जैसे—हे राम, मुञ्च मणिं।

योधः शरान् क्षिपति, शरान् क्षिपति योधः, वा क्षिपति शरान् योधः = वीर बाणोंको फेंकता है।

संस्कृतमें वाक्यके शब्दोंके क्रमके लिये कोई नियम नहीं है।

इस पाठमें अकारान्त शब्दोंके प्रथमा, द्वितीया, और सम्बोधनके रूप दिये गये हैं।

राम—पुंलिङ्ग।

	एक व।	द्वि व।	बहु व।
प्रथमा	रामः	रामौ	रामाः
द्वितीया	रामम्	रामौ	रामान्
सम्बोधन	हे राम	हे रामौ	हे रामाः

फल—नपुंसक लिङ्ग।

प्र	फलम्	फले	फलानि
द्वि	,,	,,	,,
स	हे फल	,,	,,

अश्वः + सरति = अश्वस्सरति, जनः + तरति = जनस्तरति।

नियम—

१। विसर्गके बाद जब च् वा छ् आवे तो वह श् में बदल जाता है, और जब उसके बाद त तथा थ आवे तो वह स में बदल जाता है

२। यदि विसर्गके पहिले अ हो और उसके बाद कोई स्वर या कोमल व्यञ्जन हो तो उसका लोप हो जाता है।

३। विसर्गका लोप होने पर पास पास रहनेवाले स्वरोंमें सन्धि कार्य नहीं होता।

(अ) पुष्पम् + हरति = पुष्पं हरति—

(ब) वनम् + गच्छति = वनं गच्छति या वनङ्गच्छति—

(क) पुस्तकम् लिखति = पुस्तकं लिखति या पुस्तकँल्लिखति —

नियम—

४। विभक्तियोंके सहित शब्दोंको पद कहते हैं जैसे—रामः, फले, गच्छत।

५। (अ) पुष्पं हरति—जब किसी पदके अन्तमें म हो और उसके बाद श, ष, स, ह, या र हो तो वह अनुस्वारमें बदल जाता है।

(ब) वनं गच्छति, या वनङ्गच्छति—जब म के बाद कोई अन्य व्यञ्जन हो तो वह अनुस्वारमें अथवा जिस वर्गका वह व्यञ्जन हो उसके अनुनासिकमें बदल जाता है।

(क) पुस्तकं लिखति—या—पुस्तकँल्लिखति—जब म के बाद य, व, या ल हो तो वह अनुस्वारमें अथवा अनुनासिक य, व, या ल में बदल जाता है।

दुग्धं भक्षति।
नरमश्नाति वीरः।
अनृतं वदसि।
तिष्ठन्ति पर्वताः।
स्नानागारं यान्ति।
ताडयन्ति चोरान्।
पर्णानि पतन्ति।

शब्दसंग्रह ।

अकारान्त पुंलिङ्ग शब्द ।

अश्व—घोड़ा	योध—सिपाही
चोर—चोर	वत्स—प्रिय बालक
जन—मनुष्य	वीर—वीर
देव—देवता	वृक्ष—पेड़
धर्म—धर्म	वैद्य—वैद्य
पर्वत—पहाड़	शर—तीर
बाल—लड़का	स्तेन—चोर
बुध—पण्डित	

नपुंसक ।

अनृतम्—झूठ	पत्रम्—पत्ती
असत्यम्—झूठ	पापम्—पाप
दुःखम्—दुःख	पुस्तकम्—पुस्तक
नयनम्—नेत्र	वनम्—जंगल

धातु ।

अस (अस्यति) दिवादि—फेंकना ।
उपदिश (उपदिशति) तुदादि—उपदेश करना ।
क्रीड (क्रीडति) भ्वादि—खेलना ।
गल (गलति) भ्वादि—गलना ।
तड (ताडयति) चुरादि—पीटना, मारना ।
भण (भणति) भ्वादि—बोलना ।

पाठ ७।

अकारान्त शब्द।

रथेन आगच्छति=रथेनागच्छति—वह रथसे आता है।

पादाभ्यां चलति—वह दो पैरोंसे चलता है।

अक्षराणि गणयति बालः—लड़का अक्षरोंको गिनता है।

बालैः सह क्रीडामि—मैं लड़कोंके साथ खेलता हूं।

रामाय नमः—रामको नमस्कार।

क्रोधाद् भवति संमोहः—क्रोधसे अज्ञान होता है। (क्रोधात्+भवति भी क्रोधाद् भवति के बराबर है)।

चक्रं रथस्य अङ्गम्=चक्रं रथस्याङ्गम्—चक्र रथका एक भाग है।

व्याघ्रेभ्यः भयम्=व्याघ्रेभ्यो भयम्—व्याघ्रोंसे भय।

चन्द्रो नक्षत्राणां भूषणम्—चन्द्रमा ताराओंका भूषण है।

आकाशे शुकः उत्पतति=आकाशे शुक उत्पतति—आकाशमें शुक उड़ता है।

पुरुषेषु उत्तमः—पुरुषेषूत्तमः पुरुषोत्तमः—पुरुषोत्तम वा विष्णु पुरुषोंमें उत्तम है।

हस्तयोः पतति—हाथों पर पड़ता है।

इस पाठमें अकारान्त शब्दोंको प्रथमासे सप्तमीतक सब विभक्तियां दी गयी हैं।

राम—पुं।

	एक व।	द्वि व।	बहु व।
प्र०	रामः	रामौ	रामाः
द्वि०	रामम्	,,	रामान्
तृ०	रामेण	रामाभ्याम्	रामैः
च०	रामाय	रामाभ्याम्	रामेभ्यः
पं०	रामात् द्		,,

ष	रामस्य	रामयोः	रामाणाम्
स	रामे	,,	रामेषु।
सं०	राम	रामौ	रामाः

प्रथम–शब्द।

प्र०	प्रथमः	प्रथमौ	प्रथमाः
द्वि०	,,	,,	,,
तृ	प्रथमेन	प्रथमाभ्याम्	प्रथमैः
च	प्रथमाय		प्रथमेभ्यः
पं	प्रथमात् द्		,,
ष	प्रथमस्य	प्रथमयोः	प्रथमानाम्
स	प्रथमे		प्रथमेषु
सं०	प्रथम	प्रथमौ	प्रथमाः

रामेण रामाणाम् और प्रथमेन, प्रथमानाम् इन शब्दों पर ध्यान दो। [illegible] वर्णोंसे न का ण हो जाता है।

न का ण् होनेके नियम

१। [illegible]

[illegible]

५। आयात् + भवति = आयाद्भवति—पदके अन्तमें आनेवाला अनुनासिक भिन्न किसी वर्गका कोई व्यञ्जन उसके तृतीय वर्ण में बदल जाता है, यदि उसके बाद कोई स्वर या घोष वर्ण हो।

अत्र + अपि = अत्रापि, देव + आलयम् = देवालयम, रथेन + आगच्छति = रथेनागच्छति, कवि + ईश्वर = कवीश्वर, रघु + उत्तम = रघूत्तमः; पुरुषेषु + उत्तम = पुरुषेषूत्तम —अधोलिखित नियमके अनुसार होंगे —

६। जब अ इ उ, ऋ (ह्रस्व या दीर्घ), तथा ऌ के बाद वही ह्रस्व वा दीर्घ स्वर आता है तो उन दोनों स्वरोंके स्थानमें दीर्घ होता है।

इस प्रकार अवर्ण + अवर्ण = आ, इवर्ण + इवर्ण = ई, उवर्ण + उवर्ण = ऊ, ऋवर्ण + ऋवर्ण = ॠ, ऌ + ऌ = ॠ। (क्योंकि ऌ का दीर्घ नहीं होता, और ऋ तथा ऌ सवर्ण माने जाते हैं।)

व्याघ्रेभ्य + भयम—यहाँ पर विसर्गको उ हुआ, और उसका पहिला अ तथा उ मिलकर अधोलिखित नियमके अनुसार ओ हो गया :—

७। मन + रथ = मनोरथ, मन + भाव = मनोभाव, मन + वृत्ति = मनोवृत्ति, मन + हर = मनोहर, ग्राम + प्राप्ति = ग्रामोप्राप्ति (अन्तमें ग्रामोऽक्षि पाठ ८, नियम ३)—जब विसर्गके पहिले अ हो और उसके बाद अ या कोई घोष वर्ण हो तो उस विसर्गका उ हो जाता है।

यह उ तथा उसके पहिला अ मिलकर अधोलिखित नियमसे ओ हो जाता है।

८। परम + ईश्वर = परमेश्वर, चन्द्र + उदय = चन्द्रोदय, गङ्गा + उदकम = गङ्गोदकम—

जब अ या आ के बाद इ, उ, ऋ (ह्रस्व किंवा दीर्घ), वा ऌ आता है तो उन दोनोंके स्थानमें इ, उ, ऋ, तथा ऌ के गुण अर्थात् ए, ओ, अर्, तथा अल् आदेश होते हैं।

इस प्रकार अवर्ण + इवर्ण = ए, अवर्ण + उवर्ण = ओ, अवर्ण +

ऋवर्ण=अर, और अवर्ण+ऌ=अल्। व्याघ्रेभ्य + भयम्=व्याघ्रेभ्य + उ + भयम्=व्याघ्रेभ्यो भयम्।

नियम— शुक + उत्पतति=शुक उत्पतति।

९। विसर्गके पहिले अ हो, और उसके बाद अ के सिवा कोई स्वर हो, तो उसका लोप होता है।

नमो देवेभ्य।	पुत्र गृह धावति।
शरीर क्षयति।	अश्वादवतरति योधः।
नरा दुर्गाणि तरन्ति।	वनेषु व्याघ्रा भ्रमन्ति।
भद्राणि पश्यन्ति जना।	वृक्षादुत्पतति शुक।
गृहाणि प्रविशन्ति।	बालस्य चित्त लुभ्यति।

अकारान्त पुलिङ्ग शब्द।

आकाश—आकाश	पुरुषोत्तम—विष्णु
क्रोध—कोप	रथ—रथ
चन्द्र—चन्द्रमा	राम—राम
दुर्ग—कठिनाई	व्याघ्र—बाघ
नर—मनुष्य	शुक—तोता
पाद—पैर	प्रमोद—आराम
पुत्र—लड़का	हस्त—हाथ
पुरुष—१ पुरुष, २ आत्मा	

अकारान्त नपुंसक शब्द।

अङ्गम्—शरीरका अवयव।

अरण्यम्—वन	नक्षत्रम्—तारा।
आकाशम्—आकाश	मद्यम्—मद्य
गृहम्—घर	भयम्—डर
चक्रम्—चक्र	भूषणम्—गहना
दुर्गम्	शरीरम्—शरीर

विशेषण

उत्तम—उत्तम अच्छा।

अव्यय।

सह—साथ (यह या इसी अर्थके दूसरे शब्द जैसे साकम् सार्धम्, तृतीयाके साथ आता है)

नमः—नमस्कार (यह चतुर्थीके साथ प्रयोग किया जाता है।

धातु।

चल (चलति) भ्वादि—चलना।
प्रविश (प्रविशति) तुदादि—घुसना।
प्रहृ (प्रहरति) भ्वादि—मारना या प्रहार करना।
सृ [धाव] (धावति) भ्वादि—दौड़ना।

पाठ ८।

इकारान्त, उकारान्त, तथा ऋकारान्त शब्द।

रविः उदयं याति=रविरुदयं याति सूर्य उदय को जाता है—सूर्य उदित होता है।

रामः कपिभिः रावणं जयति=रामः कपिभी रावणं जयति—राम बन्दरोंसे रावणको जीतता है।

कवयः भूपतीनाम् चरितं वर्णयन्ति=कवयो भूपतीनां चरितं वर्णयन्ति—कवि लोग राजाओंके चरित्रका वर्णन करते हैं।

गुरवे नमः—गुरुको नमस्कार।

वीरः अरीन् जयति=वीरोऽरीञ्जयति—वीर शत्रुओंको जीतता है।

हरये स्वस्ति—हरिको जयजयकार।

अग्नये स्वाहा—अग्निको स्वाहा (आहुति)।

शिशवः वृक्षमारोहन्ति—बच्चे पेड़पर चढ़ते हैं।

मनो अपत्यानि मानवा =मनोरपत्यानि मानवा —मनुके लड़के मानव (कहाते हैं)।

बहव सन्ति, बहून् अणून् इत्यादि—

विशेष्य तथा विशेषणका लिङ्ग, वचन, तथा विभक्ति एक होती है।

शिशौ अपि प्रहरति मूर्ख =शिशावपि प्रहरति मूर्ख —मूर्ख लड़के पर भी प्रहार करता है।

विपदि धैर्य रक्षन्ति धीरा —धीर लोग विपत्में भी धैर्यकी रक्षा करते हैं।

भानु निभ मणि —भानुनिभ मणि —सूर्य जिसका रत्न है।

सुहृदाम् वचन नातिकामन्ति = सुहृदा वचन नातिकामन्ति—वे लोग मित्रोंकी बातको उल्लङ्घन नहीं करते।

इस पाठमें इकारान्त, उकारान्त, तथा ऋकारान्त शब्द दिये गये हैं।

हरि—पुंलिङ्ग।

	ए व।	द्वि व	ब व।
प्र.	हरि	हरी	हरय
द्वि	हरिम	,	हरीन
तृ	हरिणा	हरिभ्याम	हरिभि
च	हरये	हरिभ्याम	हरिभ्य
प	हरे	,,	,
ष	,,	हर्यो	हरीणाम
स	हरौ	,,	हरिषु
स	हरे	हरी	हरय

भानु—पुंलिङ्ग।

प्र	भानु	भानू	भानव
द्वि	भानुम्	,,	भानून
तृ॰	भानुना	भानुभ्याम	भानुभि

च	भानवे	भानुभ्याम्	भानुभ्यः
पं	भानोः	,,	,,
ष	,,	भान्वोः	भानूनाम्
स	भानौ	,,	भानुषु
सं	भानो	भानू	भानवः

हरि और भानु शब्दके रूपोंके मिलानेपर यह मालूम होता कि इन दोनोंमें एकसा परिवर्तन हुआ है।

विपद्—स्त्रीलिङ्ग।

	ए व।	द्वि व।	ब व।
प्र	विपद्	विपदौ	विपदः
द्वि	विपदम्	,,	,,
तृ	विपदा	विपद्भ्याम्	विपद्भिः
च	विपदे	,,	विपद्भ्यः
पं	विपदः	,,	,,
ष	,,	विपदोः	विपदाम्
स	विपदि	,,	विपत्सु
सं	विपद्	विपदौ	विपदः

इन तथा इनसे पहिले दिये हुए शब्दरूपोंसे ये प्रत्यय सुगमतासे मालूम होते हैं —

	ए व।	द्वि व।	ब व।
प्र	स्	औ	अः
द्वि	अम्	,,	,,
तृ	आ	भ्याम्	भिः
च	ए	,,	भ्यः
पं	अः		

ष	अस्	ओस्	आम
स	इ	,,	सु
स	स	औ	अस

१। ग्रिवश् + स = विप् — व्यञ्जनान्त शब्दोंका प्रत्यय स का लोप हो जाता है।

अब हम लोग इस पाठमें दिये हुए वाक्योंमें सन्धिके नियमोंका विचार करें।

रवि + उदयम् = रविरुदयम्, कपिभि + रावणम् = कपिभिर् रावणम् = कपिभी रावणम्, मनो + अपत्यानि = मनोरपत्यानि, भानु + विनश्य = भानुर्विनश्य, निर + रस = नीरस, निर + रोग = नीरोग —

नियम —

२। जब विसर्गके पहिले अ या आ के सिवा कोई स्वर आवे और उसके बाद कोई स्वर या घोष व्यञ्जन हो तो वह र में बदल जाता है।

३। जब र के बाद र हो तो उसका लोप होता है, और उसके पहिलेका स्वर, यदि वह ह्रस्व हो, दीर्घमें बदल जाता है।

घोर + अरीन = घोरोऽरीन —

जब विसर्गके पहिले और बाद अ हो तो वह उ में बदल जाता है (पाठ ७ नियम ७) अ + उ = ओ (पाठ ७ नियम ८)।

४। जब किसी शब्दके अन्तमें रहनेवाले ए या ओ के बाद अ आता है तो वह अ उसमें मिल जाता है, और यह उसका मिलना ऽ चिह्नसे दिखाया जाता है, जिसको अवग्रह कहते हैं।

गुरो + अपि = गुरोऽपि, नी + अक = नै[1] + अक = नायक, पो + अक = पायक।

१। अक (जो धातुसे होने वाला एक प्रत्यय है और कर्ताका बोध कराता है) के पहिले धातुके अन्तिम स्वरको वृद्धि आदेश होता है।

च	भानवे	भानुभ्याम्	भानुभ्यः
पं	भानोः	,,	,,
ष	,,	भान्वोः	भानूनाम्
स	भानौ	,,	भानुषु
सं	भानो	भानू	भानवः

हरि और भानु शब्दके रूपोंको मिलानेपर यह मालूम होगा कि इन दोनोंमें एकसा परिवर्तन हुआ है।

त्रिष्टुभ्—स्त्रीलिङ्ग।

	ए व।	द्वि व।	ब व।
प्र	त्रिष्टुप्	त्रिष्टुभौ	त्रिष्टुभः
द्वि	त्रिष्टुभम्	,,	,,
तृ	त्रिष्टुभा	त्रिष्टुब्भ्याम्	त्रिष्टुब्भिः
च	त्रिष्टुभे	,,	त्रिष्टुब्भ्यः
पं	त्रिष्टुभः	,,	,,
ष	,,	त्रिष्टुभोः	त्रिष्टुभाम्
स	त्रिष्टुभि	,,	त्रिष्टुप्सु
सं	त्रिष्टुप्	त्रिष्टुभौ	त्रिष्टुभः

इन तथा इनके पहिले दिये हुए शब्दरूपों से प्रत्यय सुगमतासे मालूम होते हैं :—

	ए व।	द्वि व।	ब व।
प्र	स्	औ	अस्
द्वि	अम्	,,	,,
तृ	आ	भ्याम्	भिस्
च	ए	,,	भ्यस्
पं	अस्	,,	,,

कुबेरो निधीनामीश।
मातलिरिन्द्रस्य सारथिः।
अलयः कुसुमानां गन्धं हरन्ति।
साधवो विपत्सु धैर्यं न त्यजन्ति।
बाला पांसुभिः क्रीडन्ति।

शब्दार्थ।

अग्नि (पुं)—आग	धैर्य (न)—धीरता
अपत्य (न)—सन्तान	निधि (पुं)—खजाना
अरि (पुं)—शत्रु	पांसु (पुं)—धूल
अलि (पुं)—भ्रमर	भूपति (पुं)—राजा
इन्द्र (पुं)—इन्द्र, स्वर्गका राजा	भानु (पुं)—सूर्य
ईश (पुं)—स्वामी	मणि (पुं)—रत्न
उदधि (पुं)—समुद्र	मनु (पुं)—मनु
उदय (पुं)—उदय, उन्नति	मातलि (पुं)—इन्द्रका सारथि
कपि (पुं)—बन्दर	मानव (पुं)—मनुष्य
कवि (पुं)—कवि	रवि (पुं)—सूर्य
कुबेर (पुं)—कुबेर, धनका प्रभु	रावण (पुं)—रावण
कुसुम (न)—फूल	वचन (न)—वचन
गन्ध (पुं)—सुगन्ध	विपद् (स्त्री)—विपद्
गुरु (पुं)—अध्यापक	शिशु (पुं)—लड़का
चरित (न)—चरित्र	साधु (पुं)—सज्जन
जन्तु (पुं)—प्राणी	सारथि (पुं)—सारथि
चित्र (न)—चित्र	सुहृद् (पुं)—मित्र
धीर (पुं)—गम्भीर पुरुष	हरि (पुं)—१ कृष्ण, २, किसी पुरुषका नाम

नियम —

५। ए, ऐ, ओ, तथा औ के बाद जब कोई स्वर आता है तो क्रमसे वे अय, अव, आय तथा आव में बदल जाते हैं।

हरये और विष्णवे—इनमें इ तथा उ को गुण होनेके बाद—इसी नियम के अनुसार बने हैं।

हरि+ए=हरे+ए=हरय+ए=हरये।

गुरु+ए=गुरो+ए=गुरव+ए=गुरवे॥

६। गुरो+अपि=गुरवपि और गुर अपि—

जब ए, ऐ, ओ, तथा औ, किसी पदके अन्तमें होते हैं और उनके बाद कोई स्वर रहता है, तो उनके स्थानमें होनेवाले अय, अव, आय, तथा आव के य तथा व का विकल्पसे लोप होता है, और इस प्रकार उनका लोप होनेपर एक साथ आये हुए स्वर आपसमें नहीं मिलते।

हरे+ए—का केवल हरये होता है, क्योंकि हरे का ए पदके अन्तमें नहीं है।

शार्ङ्गिन्+जयति=शार्ङ्गिञ्जयति सत्+चरितम्=सच्चरितम्—

नियम —

७। जब स या तवर्गका कोई वर्ण श या चवर्गके किसी वर्णके साथ आता है, तो स को श होता है, और तवर्गके वर्णको उसी क्रमसे चवर्गका वर्ण होता है। इस प्रकार शार्ङ्गिञ्जयति में तवर्गका पञ्चम न् के स्थानमें चवर्गका पञ्चम ञ हुआ, और सच्चरितम् में प्रथम वर्ण त् के स्थानमें प्रथम वर्ण च हुआ।

८। अतिक्रामन्ति या अतिक्राम्यन्ति—क्रम् भ्वादि तथा दिवादि दोनोंमें है और उसके उपान्त्य अ को दीर्घ होता है।

आकाशे उड्डयन्ते शुका—तोते आकाशमें उड़ते हैं ।

वत्से ! सुष्ठु शोभसे विनयेन—बच्ची, तू विनय से अच्छी शोभती है ।

असत्यं भाषध्वे—तुम लोग झूठ बोलते हो ।

पुष्पाणां गन्धं हरन्ति अलयः=पुष्पाणां गन्धं हरन्त्यलयः—भ्रमर फूलोंके गन्धको हरते हैं ।

बिडालान् ताडयति=बिडालांस्ताडयति—वह बिल्लियोंको मारता है ।

क्षिपति—वह ढेलोंको फेंकता है ।

प्रतिपच्चन्द्रकलेव दिने दिने वर्धते बाला—प्रतिपद्की चन्द्रकलाकी तरह दिन दिन लड़की बढ़ती है ।

कन्ययो विवाहो (कन्ययोर्विवाहो) वर्तते अद्य—आज दो लड़कियों का विवाह है ।

इस पाठमें दिये हुए वर्तमान कालके रूप पहिले दिये गये रूपोंसे भिन्न हैं, जैसे रमसे, शोभसे, भाषध्वे, उड्डयन्ते । धातुओंसे आइजानेवाले प्रत्यय दो प्रकारके होते हैं परस्मैपद और आत्मनेपद । जिन धातुओंमें परस्मैपद प्रत्यय लगते हैं वे परस्मैपदी, जिनमें आत्मनेपद प्रत्यय लगते हैं वे आत्मनेपदी, और जिनमें दोनों प्रकारके प्रत्यय लगते हैं वे उभयपदी कहाते हैं । वर्तमान कालके दोनों पदोंके रूप इस प्रकार होते हैं —

भू-धातु—परस्मै ।

	ए व ।	द्वि व ।	ब व ।
प्र पु	भवति	भवतः	भवन्ति
म पु	भवसि	भवथः	भवथ
उ पु	भवामि	भवावः	भवामः

धातु	अव्यय
अतिक्रम् (अतिक्रामति, अतिक्राम्यति) (भ्वादि॰ तथा दिवादि॰)—पार करना लांघना	अपि—भी
रक्ष (भ्वादि॰) बचाना	न—नहीं
आरुह (आरोहति) (भ्वादि) चढ़ना	स्वस्ति—जय जयकार। (यह चतुर्थी के साथ आता है।)
वर्ण् (वर्णयति) (चुरादि॰)—वर्णन करना	स्वाहा—आहुति देनेके समय उच्चारण किया जाता है। (यह चतुर्थी के साथ आता है।)

विशेषण

बहु—बहुत।

पाठ ९।

आत्मनेपद वर्तमान काल तथा आकारान्त शब्द।

विद्या नाम नरस्य रूपमधिकम्—विद्या सचमुच मनुष्यकी बड़ी सुन्दरता है।

सीतया सह रामो रमते—सीताके साथ राम खेलता है।

नरपतिर्विघ्नेभ्यः प्रजास्त्रायते—राजा विघ्नोंसे प्रजाओंको बचाता है।

मयूरा वर्षासु नृत्यन्ति—मोर बरसातमें नाचते हैं।

रमायाम् हरिरुत्सुक = रमायां हरिरुत्सुक—रमा (लक्ष्मी) के लिये हरि उत्सुक है।

पाठशालाभ्यः सायं निर्गच्छन्ति बालिकाः—लड़कियाँ सायङ्कालको पाठशालाओंसे निकलती हैं।

आकाशे उड्डयन्ते शुकाः—तोते आकाशमें उड़ते हैं ।

वत्से ! सुष्ठु शोभसे विनयेन—बच्ची, तू विनय से अच्छी शोभती है ।

अनृतं भाषध्वे—तुम लोग झूठ बोलते हो ।

पुष्पाणां गन्धं हरन्ति अलयः=पुष्पाणां गन्धं हरन्त्यलयः—भ्रमर फूलोंके गन्धको हरते हैं ।

बिडालान् ताडयति=बिडालांस्ताडयति—वह बिल्लियोंको मारता है ।

इषू क्षिपति—वह दो बाणोंको फेंकता है ।

प्रतिपच्चन्द्रकलेव दिने दिने वर्धते बाला—प्रतिपदकी चन्द्रकलाकी तरह दिन दिन लड़की बढ़ती है ।

कन्ययोः विवाहो (कन्ययोर्विवाहो) वर्तते अद्य—आज दो लड़कियों का विवाह है ।

इस पाठमें दिये हुए वर्तमान कालके रूप पहिले दिये गये रूपोंसे भिन्न हैं, जैसे रमते, शोभसे, भाषध्वे, उड्डयन्ते । धातुओंसे जोड़े जानेवाले प्रत्यय दो प्रकारके होते हैं परस्मैपद और आत्मनेपद । जिन धातुओंमें परस्मैपद प्रत्यय लगते हैं वे परस्मैपदी, जिनमें आत्मनेपद प्रत्यय लगते हैं वे आत्मनेपदी, और जिनमें दोनों प्रकारके प्रत्यय लगते हैं वे उभयपदी कहाते हैं । वर्तमान कालके दोनों पदोंके रूप इस प्रकार होते हैं —

भू भ्वादि—परस्मै ।

	ए व ।	द्वि व ।	ब व ।
प्र पु	भवति	भवतः	भवन्ति
म पु	भवसि	भवथः	भवथ
उ पु	भवामि	भवावः	भवामः

धातु	अव्यय
अतिक्रम् (अतिक्रामति, अतिक्राम्यति) (भ्वादि तथा दिवादि)—पार करना, लाघना	अपि—भी
रक्ष (भ्वादि) बचाना	न—नहीं
आरुह् (आरोहति) (भ्वादि) चढ़ना	स्वस्ति—जयजयकार। (यह चतुर्थी के साथ आता है।)
कथ् (कथयति) (चुरादि)—कथन करना	स्वाहा—आहुति देनेके समय उच्चारण किया जाता है। (यह चतुर्थी के साथ आता है।)

विशेषण

बहु—बहुत।

पाठ ८।

आत्मनेपद वर्तमान काल तथा आकारान्त शब्द।

विद्या नाम नरस्य रूपमधिकम्—विद्या सचमुच मनुष्यकी बड़ी सुन्दरता है।

सीतया सह रामो रमते—सीताके साथ राम खेलता है।

नरपतिर्विघ्नेभ्यः प्रजास्त्रायते—राजा विघ्नोंसे प्रजाओंको बचाता है।

मयूरा वर्षासु नृत्यन्ति—मोर बरसातमें नाचते है।

रमायाम् हरिरुत्सुकः =रमायां हरिरुत्सुकः—रमा (लक्ष्मी) के लिये हरि उत्सुक है।

पाठशालाभ्यः सायं निःसरन्ति बालिकाः—लड़कियां सायङ्कालको पाठशालाओंसे निकलती हैं।

आकाशे उड्डयन्ते शुकाः—तोते आकाशमें उड़ते हैं ।

वत्से ! सुष्ठु शोभसे विनयेन—बच्ची, तू विनय से अच्छी शोभती है ।

असत्यं भाषध्वे—तुम लोग झूठ बोलते हो ।

पुष्पाणां गन्धं हरन्ति अलयः = पुष्पाणां गन्धं हरन्त्यलयः—भ्रमर फूलोंके गन्धको हरते हैं ।

बिडालान् ताडयति=बिडालांस्ताडयति—वह बिल्लियोंको मारता है ।

इषू अस्यति—वह दो बाणोंको फेंकता है ।

प्रतिपच्चन्द्रकलेव दिने दिने वर्धते बाला—प्रतिपद्की चन्द्रकलाकी तरह दिन दिन लड़की बढ़ती है ।

कन्ययोः विवाहो (कन्ययोर्विवाहो) वर्तते अद्य—आज दो लड़कियोंका विवाह है ।

इस पाठमें दिये हुए वर्तमान कालके रूप पहिले दिये गये रूपोंसे भिन्न हैं, जैसे रमसे, शोभसे, भाषध्वे, उड्डयन्ते । धातुओंसे जोड़ेजानेवाले प्रत्यय दो प्रकारके होते हैं, परस्मैपद और आत्मनेपद । जिन धातुओंमें परस्मैपद प्रत्यय लगते हैं वे परस्मैपदी, जिनमें आत्मनेपद प्रत्यय लगते हैं वे आत्मनेपदी, और जिनमें दोनों प्रकारके प्रत्यय लगते हैं वे उभयपदी कहाते हैं । वर्तमान कालके दोनों पदोंके रूप इस प्रकार होते हैं —

भू भ्वादि—परस्मै ।

	ए व ।	द्वि व ।	ब व ।
प्र पु	भवति	भवतः	भवन्ति
म पु	भवसि	भवथः	भवथ
उ पु	भवामि	भवावः	भवामः

वध — धातु आत्मने।

	ए व।	द्वि व।	ब व।
प्र पु	वधते	वधेते	वधन्ते
म पु	वधसे	वधेथे	वधध्वे
उ पु	वधे	वधावहे	वधामहे

प्रत्यय (परस्मै)

प्र पु	ति	तस्	अन्ति
म पु	सि	थस्	थ
उ पु	मि	वस्	मस्

आत्मने।

प्र पु	ते	इते	अन्ते
म पु	से	इथे	ध्वे
उ पु	ए	वहे	महे

वधावहे—वधामहे—वध—वधन्त—

१। वहे और महे के पहिले अ को दीर्घ होता है जैसे वस और मस के पहिले अ को, और अन्ति के पहिले अ की तरह ए और अन्ते के पहिले अ का लोप होता है।

देखना चाहिये कि सब आत्मनेपद प्रत्यय ए में समाप्त होते हैं।

आकारान्त शब्द भी इस पाठमें लिये गये हैं।

रमा—(स्त्री)।

	ए व।	द्वि व।	ब व।
प्र	रमा	रमे	रमाः।
द्वि	रमाम्	,,	रमाः
तृ	रमया	रमाभ्याम्	रमाभिः

	ए व ।	द्वि व ।	ब व ।
च	रमायै	रमाभ्याम्	रमाभ्यः
प	रमायाः	,,	,,
ष	,,	रमयोः	रमाणाम्
स	रमायाम्	,,	रमासु
स	रमे	रमे	रमाः

हन्ति + अलय = हन्त्यलय , प्रति + उत्तरम् = प्रत्युत्तरम् , मधु + अरि = मध्वरि ।—

२ । जब इवर्ण, उवर्ण, ऋवर्ण और ऌ के बाद उनसे भिन्न प्रकारका (असवर्ण) स्वर आता है तो वे क्रमसे य, व् र और ल में बदल जाते हैं ।

बिडालान् + ताडयति = बिडालांस्ताडयति ।—

३ । जब पदके अन्तके न के बाद च , छ, त, थ, ट या ठ हो तो उसका अनुस्वार तथा विसर्ग दोनों होते हैं ।

४ । जब विसर्गके बाद च् या छ् हो तो वह श में, जब उसके बाद त् या थ हो तो स् में, और जब उसके बाद ट् या ठ हो तो ष् में बदल जाता है ।

कवी + आगच्छत , इषू + अश्नुति, लभेते + अत्र यहां सन्धिकार्य्य नहीं हुआ है ।

नियम —

५ । ईकारान्त ऊकारान्त, या एकारान्त संज्ञा किंवा क्रियावाचक शब्दोंके द्विवचनके अन्तिम स्वर उनके आगेके स्वरके साथ नहीं मिलते, इस प्रकार आगेके स्वरसे न मिलने वाले ई, ऊ और ए प्रगृह्य कहाते हैं ।

पटू + इयते = पटूइयते ।

विवरण :—

१। [illegible] (पाठ ८ विवरण ७ [illegible], [illegible]) [illegible] ।

[illegible] —[illegible] है । [illegible] विभक्ति लगी है ।

[illegible] ।
आतपात् [illegible] आतपत्रम् ।
[illegible] पुष्प न [illegible] ।
[illegible] ।
पङ्के जायते पङ्कजम् ।

शब्दार्थ ।

अगस्त्य (पुं)—एक ऋषिका नाम
अलि (पुं)—भ्रमर
आतप (पुं)—घाम, धूप
आतपत्र (न)—छत्र
इषु (पुं)—बाण
कन्या (स्त्री)—कुमारी
गन्ध (पुं)—गन्ध
चन्द्रकला (स्त्री)—चन्द्रकला
तृष्णा (स्त्री)—तृष्णा
नर (पुं)—मनुष्य
नरपति (पुं) राजा, मनुष्योंका स्वामी
पङ्क (पुं)—कीचड़
पङ्कज (न)—कमल
पाठशाला (स्त्री)—पाठशाला
पुष्प (न)—फूल
प्रभा (स्त्री)—प्रभा
प्रतिपद् (स्त्री)—[illegible]

प्रथम दि:

बाला (स्त्री)—लड़की
बालिका (स्त्री)—लड़की
बिडाल (पु)—बिलार
भार्या (स्त्री)—पत्नी
मयूर (पु)—मोर
रमा (स्त्री)—लक्ष्मी, विष्णु की स्त्री
रूप (न)—सुन्दरता
लोपामुद्रा (स्त्री) अगस्त्यकी भार्या
वत्सा (स्त्री)—प्रिय बालिका
वर्षा (स्त्री)—बरसात (यह शब्द सर्वदा बहुवचन ही में प्रयोग किया जाता है)
विप्र (पु)—विप्र
विद्या (स्त्री) ज्ञान
विवाह (पु)—विवाह
सीता (स्त्री)—सीता

विशेषण ।

अधिक—अधिक
उत्सुक—उत्सुक

अव्यय ।

अद्य—आज
इव—तरह, सदृश,
नाम—सचमुच
सायम—सायङ्काल

धातु ।

अस् (अस्यति) (दिवादि परस्मै)—फेंकना
उद्+डी (उड्डी—उड्डयते) (भ्वा आत्म)—उड़ना
चिन्त (चिन्तयति) (चुरादि परस्मै)—सोचना
ग्लै (ग्लायते) (भ्वा आत्म)—अघाना ।
निर्+गम (निर्गच्छति) (भ्वा परस्मै)—निकलना
भाष (भाषते) (भ्वा आत्म)—बोलना
रम (रमते) (भ्वा आत्म)—खेलना
लभ् (लभते) (भ्वा आत्म)—पाना
वृत (वर्तते) (भ्वा आत्म)—होना
वृध् (वर्धते) (भ्वा आत्म)—बढ़ना
शुभ (शोभते) (भ्वा आत्म)—शोभना

पाठ १० ।

सर्वनाम ।

सर्वः स्वार्थं समीहते—सर्वस्स्वार्थं समीहते—सब अपना स्वार्थ चाहता है ।

सर्वेभ्यः देवेभ्यो नमः = सर्वेभ्यो देवेभ्यो नमः —सब देवोंको नमस्कार ।

सर्वासु कलासु चतुरः एष बालः = सर्वासु कलासु चतुर एष बालः — यह लड़का सब कलाओंमें चतुर है ।

कस्य एष पुत्रः = कस्यैष पुत्रः —यह लड़का किसका है ?

का वार्ता वर्तते ?—क्या खबर है ?

अन्यः कः अपि एषः = अन्यः कोऽप्येष —यह कोई दूसरा ही है ।

किम् अपि एषा कथयति = किमप्येषा कथयति—यह कुछ भी कहती है ।

भूपते ! एषा एव सा ऊर्मिका = भूपते ! एषैव सोर्मिका—महाराज, यही वह अंगूठी है ।

के एते कन्ये—ये दो लड़कियां कौन हैं ? (के और एते का स्वर प्रगृह्य है, इस लिये सन्धि नहीं हुई) ।

तेषाम् विद्या न विद्यते = तेषां विद्या न विद्यते—उनको ज्ञान नहीं है ।

सर्व—(पुं)

	एक व	द्वि व	बहु व
प्र	सर्वः	सर्वौ	सर्वे
द्वि	सर्वम्	,,	सर्वान्
तृ	सर्वेण	सर्वाभ्याम्	सर्वैः
च	सर्वस्मै	,,	सर्वेभ्यः

	ए व	द्वि व	ब व
प	सर्वस्मात्	सर्वाभ्याम्	सर्वेभ्य
ष	सर्वस्य	सर्वयो	सर्वेषाम्
स	सर्वस्मिन्		सर्वेषु

सर्व (न)

	ए व	द्वि व	ब व
प्र द्वि	सर्वम्	सर्वे	सर्वाणि

और सब रूप पुलिङ्गके समान।

सर्व सर्वनाम है। इसका स्त्रीलिङ्गका रूप सर्वा होता है। राम, रमा, तथा फल शब्दके समान इसके तीनों लिङ्गोंमें रूप होते हैं। केवल अधोलिखित रूपोंमें विशेष है।

	पु	स्त्री	न
प्र ब व	सर्वे		
च ए व	सर्वस्मै	सर्वस्यै	पुलिङ्गके समान
प ,	सर्वस्मात्	सर्वस्या (ष ए व भी)	
ष ब व	सर्वेषाम्	सर्वासाम्	
स ए व	सर्वस्मिन्	सर्वस्याम्	

परस्मै, अन्येषाम्, किन्तु—पर (दूसरा), अन्य (दूसरा), और विश्व (सब) सर्वनाम हैं, और इनके रूप सर्वके समान होते हैं।

तद्—(पु)।

	ए व	द्वि व	ब व
प्र	स	तौ	ते
द्वि	तम्	,,	तान्
तृ	तेन	ताभ्याम्	तैः

यद्—(स्त्री)

	ए व	द्वि व	ब व
च	यस्यै	याभ्याम्	याभ्यः
प	यस्याः		,,
ष	,,	ययोः	यासाम्
स	यस्याम्		यासु

किम्—(न)।

प्र	किम्	के	कानि
द्वि	,,	,,	,,
तृ	केन	काभ्याम्	कैः

अदस्—(न)

प्र, द्वि	अदः	अमू	अमूनि

एतद्—(पुं)

प्र	एषः	एतौ	एते
द्वि	एतम् एनम्	एतौ एनौ	एतान् एनान्
तृ	एतेन एनेन	एताभ्याम्	एतैः
च	एतस्मै	,,	एतेभ्यः
प	एतस्मात्	,,	,,
ष	एतस्य	एतयोः एनयोः	एतेषाम्
स	एतस्मिन्		एतेषु

एतद्—(स्त्री)

द्वि	एताम् एनाम्	एते एने	एताः एनाः
तृ	एतया एनया		
ष स		एतयोः—एनयोः	

एतद्—(न)

द्वि	एतद् एनत्	एते एने	एतानि एनानि

तद्, यद्, एतद्, और किम् सर्वनाम हैं। इनको त, य, एत, और क समझना चाहिये। और इनके रूप सर्वके समान होते हैं। तद् के पुंलिङ्ग के प्रथमाके एकवचनमें सः और एतद् का एषः रूप होता है। तद् के स्त्रीलिङ्ग के प्रथमाके एकवचनमें सा और एतद् का एषा रूप होता है। तद्, यद्, एतद्, और किम् के नपुंसक लिङ्गके प्रथमा और द्वितीयाके एकवचनमें तद्, यद्, एतद्, और किम् ये रूप होते हैं। अन्य के नपुं के प्रथमा और द्वितीयाके एकवचनमें अन्यत्—द् रूप होते हैं। एतद् के द्वितीयामें, तृतीयाके एकवचनमें, षष्ठी, तथा सप्तमीके द्विवचनमें तीनों लिङ्गों में एन के भी रूप बनते हैं।

छत्र + छायम् = छत्रच्छायम्—

नियम :—

१। जब विसर्गके बाद क, ख, प या फ आता है तो वह ज्यों का त्यों रह जाता है या ×, ष, श या स में बदल जाता है।

एषः + बाल = एष बालः, सः + जन = स जनः, एषः + पुत्र = एष पुत्रः—

नियम :—

२। जब विसर्गके बाद कोई व्यञ्जन आता है तो उसका लोप हो जाता है।

कथ + एव = कथैव, गङ्गा + ओघ = गङ्गौघः, परम + ऐश्वर्यम् = परमैश्वर्यम्, महा + औषधि = महौषधिः—

नियम :—

३। अ वा आ + ए वा ऐ = ऐ, और अ वा आ + ओ वा औ = औ।

सर्वां देवता नमामि।

अन्यदेतत् काननम्।

क एषः बालः।

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]

[illegible]

[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]
[illegible]	

[illegible]	[illegible]
[illegible]	[illegible]
[illegible]	

[illegible]

[illegible]

[illegible]

[illegible]

पाठ ११।

द्वन्द्व और तत्पुरुष, ईकारान्त तथा ऊकारान्त शब्द।

अयं सा पञ्चवटी—क्या यह पञ्चवटी है?

अयं सा गोदावरी—क्या यह गोदावरी है?

अयं तत् तपोवनम्—क्या यह तपोवन है?

सा हि कुलपतेः प्राणाः—वह तो कुलपतिका जीवन है।

लक्ष्मीनारायणाभ्यां नमः—लक्ष्मी और नारायणको प्रणाम।

विघ्नभयेन नीचाः कार्यं न प्रारभन्ते—विघ्नोंके भयसे नीच लोग कार्यको प्रारम्भ नहीं करते।

उत्तमजनाः कदापि धर्मं न त्यजन्ति—अच्छे लोग कभी धर्मको नहीं छोड़ते।

पञ्चधातवः पुत्तलासामग्री तनुः—पञ्चधातुमय (पांच धातुओंका समुदाय) पुतलाका सामान है।

सरस्वत्याः जलं पावनम्=सरस्वत्या जलं पावनम्—सरस्वतीका जल पवित्र है।

कुबेरः स्वनगर्याम् अ(म)लकायां वसति—कुबेर अपनी नगरी अलकामें रहता है।

पत्न्यै कुप्यति माणवकः—माणवक अपनी स्त्री पर क्रोध करता है, (कुप् चतुर्थीके साथ आता है)।

सरय्वाः तटे *कश्चित्तापसः प्रतिवसति=सरय्वास्तटे कश्चित्तापसः प्रतिवसति—सरयूके तटपर कोई तपस्वी रहता है।

श्वश्र्वाः आज्ञामनुसरति वधूः—श्वश्र्वा आज्ञामनुसरति वधूः—बहू सासकी आज्ञाका अनुसरण करती है।

---

अथवा—वा (पक्षान्तरे—दूसरे पक्षमें)
इव—सदृश
ज्ञात्वा (ज्ञा+त्वा) जानकर
नु—परन्तु (भेद बताता है)
नित्यम्—सर्वदा, प्रतिदिन
निशम्य—(नि+शम्+य) सुनकर
पुरतः—सामने
हिंसितुम् (हिंस्+तुम्)—मार डालनेके लिये

---

* जब वि या परा पहिले आता है, जि आत्मनेपदी होता है।

पाठ १७ ।

नकारान्त शब्द ।

अपि कुशली भवान्—क्या आप प्रसन्न हैं ?

ग्राम काम एव (मा) तिरिक्तम्—काम ग्रामसे अधिक बड़ा है ।

केऽपि शशिनः कलङ्कं सारङ्गम् इति शङ्कन्ते—कोई लोग शङ्का करते हैं कि चन्द्रमाका कलङ्क मृग है ।

आत्मा त्वं गिरिजापते !—हे पार्वतीके पति, शिव, तुम (हमारे) आत्मा हो ।

आत्मा नदी संयमपुण्यतीर्था—आत्मा एक नदी है, जिसमें संयम (इन्द्रियोंका जय) रूपी पवित्र तीर्थ (तट) है ।

ऋटुरषाणां मूर्धा—ऋ, टवर्ग, र, तथा ष का मूर्धा स्थान है ।

तव वचनं मे मर्माणि निकृन्तति—तुम्हारी बात मेरे मर्मोंको काटती है ।

वसन्ति हि प्रेम्णि गुणा न वस्तुषु—गुण प्रेममें रहते हैं, वस्तुओंमें नहीं ।

अत्यगतीय हरितो हरींश्च वर्तन्त एते वाजिनः—मघवन् ये घोड़े सूर्य तथा इन्द्रके घोड़ोंको भी लांघ कर (उनसे बढ़कर) हैं ।

यद्भावि तद्भवति नात्र विचारणीयम्—जो होनहार है वह होता है, इसमें कुछ विचार करने योग्य नहीं है ।

इस पाठमें नकारान्त शब्दोंके रूप दिये गये हैं । वे इस प्रकार हैं —

	राजन्—पु ।			नामन्—न ।	
	ए व	द्वि व	ब व	ए व	द्वि व	ब व
प्र	राजा	राजानौ	राजानः	नाम	नाम्नी—नामनी	नामानि
द्वि	राजानम्	,,	राज्ञः	?	■ ,,	,,

तृ	राज्ञा	राजभ्याम्	राजभिः	नाम्ना	नामभ्याम्	नामभिः
च	राज्ञे	राजभ्याम्	राजभ्यः	नाम्ने		नामभ्यः
प	राज्ञः	,,	,,	नाम्नः	,,	,,
ष	,,	राज्ञोः	राज्ञाम्	,,	नाम्नोः	नाम्नाम्
स	राज्ञि—राजनि	,,	राजसु	नाम्नि नामनि	,,	नामसु
स	राजन्	राजानौ	राजानः	नाम नामन्	नाम्नी नामनी	नामानि

सीमन्—स्त्री । ब्रह्मन्—पु ।

	ए व	द्वि व	ब व	ए व ।	द्वि व ।	ब व ।
प्र	सीमा	सीमानौ	सीमानः	ब्रह्मा	ब्रह्माणौ	ब्रह्माणः
द्वि	सीमानम्	,,	सीम्नः	ब्रह्माणम्	,,	ब्रह्मणः
तृ	सीम्ना	सीमभ्याम्	सीमभिः	ब्रह्मणा	ब्रह्मभ्याम्	ब्रह्मभिः
च	सीम्ने	,,	सीमभ्यः	ब्रह्मणे	,,	ब्रह्मभ्यः
प	सीम्नः	,,	,,	ब्रह्मणः	,,	,,
ष	,,	सीम्नोः	सीम्नाम्	,,	ब्रह्मणोः	ब्रह्मणाम्
स	सीम्नि सीमनि	,,	सीमसु	ब्रह्मणि	ब्रह्मणोः	ब्रह्मसु
स	सीमन्	सीमानौ	सीमानः	ब्रह्मन्	ब्रह्माणौ	ब्रह्माणः

पन्थन्—पुं० । शर्मन्—न० ।

	ए व ।	द्वि व ।	ब व ।	ए व	द्वि व	ब व
प्र	पन्था	पन्थानौ	पन्थानः	शर्म	शर्मणी	शर्माणि
द्वि	पन्थानम्	,,	पथः	,,	,,	,,
तृ	पथा	पथिभ्याम्	पथिभिः	शर्मणा	शर्मभ्याम्	शर्मभिः

मूर्धन्—पु

	ए व	द्वि व	ब व
द्वि	मूर्धानम्	मूर्धानौ	मूर्ध्नः

7+6

	शशिन्—पु।			भाविन्—न।		
	ए व	द्वि व	ब व	ए व।	द्वि व।	ब व।
प्र	शशी	शशिनौ	शशिनः	भावि	भाविनी	भावीनि
द्वि	शशिनम्	,,	,,	,,	,,	,,
तृ	शशिना	शशिभ्याम्	शशिभिः	भाविना	भाविभ्याम्	भाविभिः
च	शशिने	,,	शशिभ्यः	भाविने	,,	भाविभ्यः
पं	शशिनः	,,	,,	भाविनः	,,	,,
ष	,,	शशिनोः	शशिनाम्	,,	भाविनोः	भाविनाम्
स	शशिनि	,,	शशिषु	भाविनि	,,	भाविषु
सं	हे शशिन्	हे शशिनौ	शशिनः	भावि भाविन्	भाविनी	भावीनि

ऊपर दिये हुए रूपोंसे यह मालूम पड़ेगा कि प्रत्यय तीन भागोंमें विभक्त हैं।

राजा, राजानौ, राजानः, राजानम्, राजानौ, सीमा सीमानौ, सीमानः, सीमानम्, सीमानौ, तथा नामानि को मिलाकर देखो। इन सभोंमें एकसा परिवर्तन हुआ है और ये अन्य रूपोंसे बिलकुल भिन्न हैं।

(अ) पहिले भाग पुंलिङ्ग तथा स्त्रीलिङ्गके पहिले पांच प्रत्यय और नपुं [illegible] प्रथमा तथा द्वितीयाके बहुवचनके प्रत्यय आते हैं। इन प्रत्ययोंको सर्वनामस्थान कहते हैं।

१। सर्वनामस्थानके आगे रहनेपर इनमें समाप्त होनेवाले शब्दोंका उपान्त्य अक्षर दीर्घ होता है।

राजा, राजानौ, राजानः इत्यादि, तथा नामानि को मिलाकर देखो।

(ब) दूसरे भाग में पुं तथा स्त्री के द्वितीयाके बहुवचनसे लेकर सप्तमी प्रत्यय, तथा नपुं के प्रथमा तथा द्वितीयाके द्विवचनके प्रत्यय आते हैं। इन प्रत्ययोंके आगे रहनेपर पूर्वको—भ—कहते हैं।

राज्ञः, ब्रह्मणः, तथा यज्वनः, राज्ञि राजनि, नाम्नी—नामनी—को मिलाकर देखो।

राज्ञः—इसमें उपान्त्य अका लोप हुआ है। राजन्+अस्=राज्+न्+अस=राज्+ञ्+अस=राज्ञ्+अस्=राज्ञः। ब्रह्मण और यज्वन में उपान्त्य अका लोप नहीं हुआ है। इससे यह नियम निकलता है —

५। यदि अन्तके अन् के पहिले मकारान्त वा वकारान्त संयोग हो तो भी उपान्त्य अका लोप नहीं होता। यदि उस अन्‌के पहिले ऐसा संयोग न हो तो भी उपान्त्य अका लोप नित्य होता है, और सप्तमीके एकवचनमें तथा नपुं॰ के प्रथमा और द्वितीयाका द्विवचनमें विकल्पसे लोप होता है।

राजभ्याम्, राजसु, यज्वभ्याम्, यज्वसु, नाम, आदि—

(क) तीसरे वर्गमें पुंलिङ्ग तथा स्त्रीलिङ्गके तृतीयाके द्विवचनसे लेकर व्यञ्जनादि प्रत्यय, तथा नपुंसक लिङ्गके प्रथमा तथा द्वितीयाके एकवचनके प्रत्यय आते हैं। इन प्रत्ययोंके पूर्व अङ्गको पद कहते हैं। ऊपर दिये हुए रूपोंको देखनेसे यह मालूम पड़ेगा कि पदके अन्तके न् का लोप हुआ है।

६। राजभ्याम्, राजभिः, राजसु, शशिभ्याम्, शशिषु, शशी, इत्यादि—

इन्नन्त शब्दोंका प्रथमाके एकवचनमें अन्तके नुका लोप होता है और उनके पूर्वके स्वरको दीर्घ होता है। पदके अन्तिम न् का लोप होता है।

राजपत्र, राजपुरुष, सुधन्वानम्—इन समासोंको देखो। इनके देखनेसे यह मालूम पड़ेगा कि नकारान्त शब्दोंके नुका लोप होता है यदि ये समासके उत्तरपद न हों।

राजन्‌का स्त्री रूप राज्ञी, और मालिन्‌का मालिनी है। इस प्रकार नकारान्त शब्दोंका स्त्रीलिङ्ग ई के जोड़नेसे बनता है। जिस अङ्गको यह प्रत्यय लगाया जाता है, वह भ अङ्ग कहाता है।

---

[1] राम उमि मत सते।
कुमार [1] नाना[illegible]नाइयति।
[illegible] [1] कतवाति न भगानम्।
[illegible] मत। सकृथा [illegible] यत प्रविष्टपूर्व।
[illegible] साप [illegible] माक मद्यपानि [illegible]।
[illegible] मुखमनद।
[illegible] कन्द यत्रो का गता।
[illegible] धातिया मता।
[2] किमिश हि मधुराणां [illegible] माङ्गलीयाम।
[illegible] न नाति न हरि [illegible] सावपि मो ति।
[illegible] मुद्रि [illegible] त।
[illegible] मुरभिता [illegible] विद्वा।
मृदि [illegible]।

[illegible] ।
कुसुमाला [illegible] ।।
[3] [illegible] अत्याय्यहम्।
[illegible] कुठे [illegible] मोकवम।
कोऽतिभार [illegible] कि तूर [illegible]।
को [illegible] पर [illegible] ।।
माता यस्य [illegible] नास्ति भार्या [illegible]।
[illegible] तथा प्रहम ।।

१। [illegible] की सति के। कौतुक उसने [illegible]
२। [illegible] किमित्र—कोमली वस्तु।
३। [illegible] कब भी उक्ति है। [illegible] की [illegible]
[illegible]।

क्या यह प्रमृष्ण पवन है ? ('ऋषि' का प्रयोग करो)
ऋषि लोग हिमालयकी चोटीपर रहते हैं ।
तुमको सर्वदा सच बोलना चाहिए । सत्यमार्गसे कभी न हटो (चल्)
जो लोग अच्छी तरह (साधु) काम नहीं करते, दुःखी होते हैं ।
उपन प्रसुत हुए सदैव ।
बुद्धिमान् लोगोंको कुछ कठिन नहीं है ।
मैं चाहे जो हूँ, दरिद्र या नीच, गुण हमारा बल है ।
('यत्' या 'को' का प्रयोग करो)
हम लोग उसका प्रणाम करें, वह तुम्हारा गुरु है और हमारा भी ।

शब्दार्थ ।

अतिभार (अतिभार) पु —बड़ा बोझ
अध (अध) पु —उक्ष
अवताडन (अवताडनम्) न —पीटना
आकृति (स्त्री)—सुन्दरता
आत्मन (पु)—आत्मा
कपालमालन् (न तत्पु० कपाल—पु खोपड़ी, मालन्—न माला) —खोपड़ियोंकी माला ।
कर्मन (न)—काम ।
कलङ्क (कलङ्क) पु दाग, धब्बा
गिरिजा (स्त्री)—पार्वती
चक्रवर्तिन (पु)—सार्वभौम
चरण (चरण) पु —पैर
जन्मन् (न)—जन्म
तात (तात) पु पिता
नैत्र (ईक्षम्) न —भाग्य
नामन् (न)—नाम
पौरुष (पौरुषम) न —बल
प्रेमन् (पु)—प्रेम
ब्रह्मन (पु) ब्रह्मा , (न) परब्रह्म
मण्डन (मण्डनम्) न —भूषण
मर्मन (न)—मर्म
मूर्धन्—(पु)—सिर
यज्वन (पु)—यज्ञ करनेवाला
राजन (पु)—राजा
वर्मन (न)—१ कवच , २ क्षत्रियों के नामके आगे आता है
वस्तु (न)—वस्तु
वाजिन (पु)—घोड़ा
विश्वेश (विश्वेश) पु —परमेश

सैन्य (सैन्य) पु—सैन्य
शर्मन् (न) ब्राह्मणोंके नामके आगे आता है
शशिन् (पु)—चन्द्र
शूद्र (शूद्र) पु—शूद्र
संयम (संयम) पु—इन्द्रियोंका दम
सारङ्ग (सारङ्ग) पु—हरिण
सीमन् (स्त्री)—सीमा
सूत (सूत) पु—सारथि
स्थिति (स्त्री)—अवस्था
स्वामिन् (पु)—प्रभु
हरि (पु) १ इन्द्रका घोड़ा, २ विष्णु
हरित (पु)—सूर्यका घोड़ा

विशेषण।

अणु—सूक्ष्म
अतिरिक्त (अति + रिच् + त)——अधिक
अप्रियवादिन् (स्त्री अप्रियवादिनी)—कर्कश बोलनेवाला
अशुचि—अपवित्र
आयत्त—अधीन
आयुष्मत्—चिरञ्जीवी
इन्द्रशर्मन्—पु (बहु०, इन्द्र पु—इन्द्र, शर्मन्—न सुख, यह ब्राह्मणोंके नामके आगे लगाया जाता है)—इन्द्र नाम का ब्राह्मण
कुशलिन्—सुखी
चतुरशर्मन्—पु (बहु०, चतुर—पु चातुर्य शर्मन्—न सुख) चातुर्यसे उत्पन्न
ग्रन्थिन्—ग्रन्थोंमें पण्डित
गुप्तात्मक (गुप्त=गुप—आय [गोपायति] + त = रक्षित, आत्म—पु होकर, आत्मन् प आत्मा, क एक प्रत्यय है जो बहु० समासके अन्तमें लगाया जाता है) गुप्त और आत्मक
दुरात्मन् (बहु०)—दुष्ट
दूर—दूर
धारिन्—जो वस्तुओंको धारण कर सकता है
नैसर्गिक (स्त्री नैसर्गिकी)—स्वाभाविक
पक्षपातिन्—पक्षपाती
पर (सर्वना)—दूसरा
पुण्य—पवित्र

प्रशस्त—(प्र+शंस+त)—प्रशंसा किया गया
प्रियवादिन्—प्रिय बोलनेवाला
भाविन्—होनहार
भूत—सत्य
वर—अच्छा
विचारणीय—विचार करने योग्य
विभु—व्यापक, सर्वव्यापी
विषयिन्—विषयी
व्यवसायिन्—उद्योगी
समर्थ—शक्तिमान
सविद्य (बहु०, स—सह—साथ, विद्या ज्ञान)—पण्डित
सहाध्यायिन्—साथ पढ़नेवाला
सिद्ध (सिध्+त, स्त्री सिद्धा)—सिद्ध, निश्चित, प्रमाणित
सुरभि—सुगन्ध

धातु ।

आ+ह्वे (आह्वयति) (भ्वा पर)—पुकारना
नि+कृत् [कृन्त] (निकृन्तति) (तु पर)—काटना
पा (पाति) (अ पर)—रक्षा करना
ऊह् (ऊहते) (भ्वा आ)—ऊहा या सन्देह करना

अव्यय ।

प्रतीत्य (प्रति+इ+य)—लाँघ कर, पार कर
इव—सदृश (सम्भावना दिखाता है)
तथा—वैसा
नु—संशय दिखाता है
यथा—जैसे
यदि—यदि, अगर
स्वयम्—खुद
सर्वथा—सब प्रकारसे

पाठ २० ।

कर्मणि प्रयोग और भावे प्रयोग ।

देवदत्तः पत्रकं लिखति—देवदत्त पुस्तक लिखता है ।

देवदत्तेन पत्रकं लिख्यते—देवदत्तसे पुस्तक लिखी जाती है ।

भद्र ! गच्छ त्वमधुना—भद्र ! अब तू जा तू ।

भद्र ! गम्यतामधुना त्वया—भद्र ! अब तुझसे जाया जाता है ।

सखे ! इहागच्छ (आ) आसने (भव) उपविश—मित्र यहां आओ, यहां आओ, आसनपर बैठो ।

सखे ! इहागम्यताम् त्वया (आ) आसने (भव) उपविश्यतां त्वया । मित्र आपसे ! यहां यहां आया जाय, आसनपर बैठा जाय ।

नृपाः पण्डितैः सह भाषन्ते—राजा लोग पण्डितोंके साथ बोलते हैं ।

नृपैः पण्डितैः सह भाष्यते—राजाओंसे पण्डितोंके साथ बोला जाता है ।

बुधाः कस्मात्क्रोधम्—पण्डितोंने क्रोध किया ।

बुधैः कस्मात्क्रुध्यत—पण्डितोंसे क्रोध किया गया ।

सज्जना न कदाप्यनृतं वदन्ति—साधु लोग कभी झूठ नहीं बोलते ।

सज्जनैः कदाप्यनृतं नोद्यते—साधु लोगोंसे कभी झूठ नहीं बोला जाता ।

तूष्णीं तिष्ठतु भवान्—आप चुप बैठें ।

तूष्णीं स्थीयतां भवता—आपसे चुप बैठा जाय ।

वनदेवता नृपाणां कीर्ति गायन्ति—वनदेवताएं राजाओंका यश गाती हैं ।

वनदेवताभिर्नृपाणां कीर्तिर्गीयते—वन देवताओंसे राजाओंका यश गाया जाता है ।

विजयतां भवान्—आप जीतें ।

विजीयतां भवता—आपसे जीता जाय ।

राज्ञां यशः स्तूयताम्—राजाओंके यशकी स्तुति की जाय ।

यद्भवता इ (ते) ष्यते तत्सर्वं क्रियते मया—जो आपसे चाहा जाता है वह सब मुझसे किया जाता है ।

तद्धि (तत्+हि) काननमतीव रमणीयम्—सचमुच वह जंगल बहुत सुन्दर है ।

इस पाठमें कर्मणि प्रयोग तथा भावे प्रयोगका वर्णन किया गया है । कर्तरि प्रयोगमें धातुके रूप ही कर्ताका बोध कराते हैं, कर्ताको आगे तृतीया छोड़कर कर्ताकी पुनरुक्ति करनेकी कोई आवश्यकता नहीं रहती । इस लिये कर्ता प्रथमान्त रहता है । कर्मणि प्रयोगमें धातुके रूप ही कर्मका बोध कराते हैं । कर्मको आगे द्वितीया छोड़कर कर्म बतानेकी आवश्यकता नहीं रहती, इस लिये कर्म प्रथमान्त रहता है । देवदत्तेन पुस्तकं लिख्यते—में लिख्यते कर्म है अर्थात् कर्मका बोध कराता है । इसलिये कर्म पुस्तकं प्रथमामें प्रयोग किया गया । 'लिख्यते' से कर्ताका बोध नहीं होता इस लिये कर्ता देवदत्त तृतीयामें प्रयोग किया गया है । देवदत्तः पुस्तकं लिखति—में कर्म अनभिहित है, अर्थात् लिखति इस रूपसे इसका बोध नहीं होता, जो कर्तरि है, इसलिये 'पुस्तक' का द्वितीया में प्रयोग हुआ ।

सकर्मक धातुओंका कर्मणि प्रयोग होता है, क्योंकि उनको कर्म होता है, अकर्मक धातुओंका कर्मणि प्रयोग नहीं होता, क्योंकि उनको कर्म नहीं होता । परन्तु उनका भावे प्रयोग होता है अर्थात् उनके धातुका रूप क्रियाका बोध कराता है । सुखे तिष्ठामि—कर्तरि प्रयोग है, सुखे स्थीयते मया—भावे प्रयोग है । सकर्मक तथा अकर्मक धातुओंका कर्तरि प्रयोग होता है । भावे प्रयोग प्राय केवल प्रथम पुरुषके एक वचनमें प्रयोग किया जाता है ।

नी—कर्मणि प्रयोगके रूप।

	वर्तमान, लट्।			अनद्यतन भूत, लङ्।		
	ए व	द्वि व	ब व	ए व	द्वि व	ब व
प्र पु	नीयते	नीयेते	नीयन्ते	अनीयत	अनीयेताम्	अनीयन्त
म पु	नीयसे	नीयेथे	नीयध्वे	अनीयथाः	अनीयेथाम्	अनीयध्वम्
उ पु	नीये	नीयावहे	नीयामहे	अनीये	अनीयावहि	अनीयामहि

	आज्ञार्थ—लोट्।			विध्यर्थ—लिङ्।		
	ए व	द्वि व	ब व	ए व	द्वि व	ब व
प्र पु	नीयताम्	नीयेताम्	नीयन्ताम्	नीयेत	नीयेयाताम्	नीयेरन्
म पु	नीयस्व	नीयेथाम्	नीयध्वम्	नीयेथाः	नीयेयाथाम्	नीयेध्वम्
उ पु	नीयै	नीयावहै	नीयामहै	नीयेय	नीयेवहि	नीयेमहि

	चि—वर्तमान।			स्तु—आज्ञा।		
	ए व	द्वि व	ब व	ए व	द्वि व	ब व
प्र पु	चीयते	चीयेते	चीयन्ते	स्तूयताम्	स्तूयेताम्	स्तूयन्ताम्

कर्मणि तथा भावे प्रयोगके रूप धातुको य लगाकर उसके आगे आत्मने पद प्रत्यय जोड़नेसे बनते हैं। य के पूर्व कोई विकरण नहीं लगता।

कर्मणि तथा भावे प्रयोगमें यके पहिले अधोलिखित परिवर्तन होता है —

चीयते, स्तूयते—

१। अन्तिम इ तथा उ को दीर्घ होता है।

स्थीयते, दीयते, पीयते—

२। कुछ आकारान्त धातुओंके आको ई होता है। ये धातु ये हैं— स्था, दा, धा, मा, गा, पा (पीना), हा (छोड़ना), तथा सा।

गै—गीयते, सो—सीयते—

३। ए, ऐ, ओ, तथा औकारान्त धातुओंको आकारान्त समझना चाहिये।

कृ—हृ—क्रियते, ह्रियते—

४। ऋकारान्त धातुओंके ऋ को रि होता है।

यज्—इज्यते, वच्—उच्यते, वद्—उद्यते, ग्रह्—गृह्यते, ह्वे—हू—हूयते, ह्वे=ह् व् ए=ह् उ ए=हु उ=हु=हू (वको उ हुआ, अन्तिम स्वरका लोप हुआ और प्रथम नियमानुसार उको दीर्घ हुआ)।

५। कुछ धातुओंके य्, व्, र्, तथा ल्को इ, उ, ऋ, तथा लृ होते हैं इनको सम्प्रसारण कहते हैं।

६। वह्—उ अह्—उह्—सम्प्रसारणके आगे रहनेवाले स्वरका लोप होता है।

७। अञ्ज्—अज्यते—कुछ धातुओंके अनुनासिकका लोप होता है, पर नन्द्का नन्द्यते होता है।

अर्यते, स्मर्यते—

८। ऋ धातुको तथा संयोगके अन्तमें रहनेवाले ऋको गुण होता है।

तीर्यते, कीर्यते, पूर्यते—

९। जब ॠको गुण या वृद्धि नहीं होती और वह ओष्ठ्यस्थानीय वर्णसे बाद होता है तो उसका इर् तथा उर् होता है। किसी व्यञ्जनके आगे रहने पर इर् तथा उर्‌को उनका दीर्घ होता है।

चुर्—चोर्यते, तड्—ताड्यते—

१०। चुरादिगणके धातुओंमें णिकरणके पहिले होनेवाले गुण या वृद्धि आदेश ज्योंके त्यों रहते हैं।

कारयति=वह कराता है, कार्यते=उससे कराया जाता है।

११। प्रेरणार्थक बनानेके लिये धातुओंके आगे अय लगाया जाता

है। सकर्मक धातुओंके कर्मणि रूप से कर्तरि का परिवर्तन होता है। ये सब प्रेरणार्थकमें भी होते हैं।

मूल धातुओंके समान प्रेरणार्थकमें भी सब लकारोंमें रूप होते हैं।

प्रेरणार्थकके कर्मणि प्रयोग तथा भाव प्रयोगके रूप मूल के कर्मणि तथा भाव प्रयोगके रूपोंके समान होते हैं।

१२। पाठ + इति = पाठयति या पाठयति, सन्धि विषय = सन्धिविषय या सन्धिविषय — इन शब्दोंमें प्रथम पद अकारान्त होने से, सो उसकी इस प्रकार सन्धि दो विकल्पसे होती है।

इत्यादि सूत्र।

शिष्य कृपया शिक्षय।

भो! भगवन्! किमिति न पाठयसे।

मम राजा कारागृहे बन्धयत।

धर्म हि बलम् गुरोर्निबोधत।

सन्ध्या आकाशमुपैति।

सूर्य इव प्रतिभासयति प्रतिभाषते।

धर्म तव! अतिदर्शयतस्तथा च।

सेनापतिरानुयात राजा।

न मर्षयिष्यति यावत् हि सः।

कुमार! तथा प्रकाशय यथा लोकास्त्वमेव सिद्धेयानितुं विषय न विक्रीणीत राजमार्गेषु पाषाणम्।

धियो यावदेकोऽपि शिशुभावन् गुरु सुकृतम्।

मा बाला परजनैर्निन्दितम्।

आयुष्मान् अत्र आगच्छति बालस्य विशेषोऽभिज्ञाने।

भरत प्रकृति कार्येषु विकृतिर्विदित्वा बुधे।

स पृष्टस्तेन कस्त्वं भो हेतुनागमनं तु किम् ।
सशोक इव कस्मात् त्वं दुर्मना इव लक्ष्यसे ॥
किं पुष्पैः किं फलैस्तस्य करीरस्य दुरात्मनः ।
येन वृद्धिं समासाद्य न कृतः पत्रसंग्रहः ॥
प्रत्यहं लयमायाति प्रत्यहं जायते पुनः ।
अद्यापि हतपापाया नान्तोऽस्या अवसानतः ॥
काम क्रोध मोह लोभ पञ्चात्मानं भावय कोऽहम् ।
आत्मज्ञानविहीना मूढास्ते पच्यन्ते नरकनिगूढाः ॥

उस अधिकारिकी (अधिकारिन्) प्रजाओंसे स्तुति की जाती है ।
देखो, पेड़ लताओंसे घेरे जाते हैं (परिवृ) ।
हम लोग प्रतिदिन दुष्टोंसे जलाये जाते हैं ।
लड़कोंसे पिता तथा माताकी सेवा की जानी चाहिए ।
पृथ्वी ब्रह्मासे उत्पन्न की गयी है ।
अब भी आप चुप क्यों नहीं होते ?
जबतक एक भी रोग है, तबतक शरीरको सुख नहीं ।
मैं जानता हूँ (अव+गम्) कि लोभ उससे अभीतक छोड़ा नहीं गया है ।

शब्दार्थ

अभिवादन (अभिवादनम्) न—प्रणाम करना
अस्त्र (अस्त्रम्) न—अस्त्र [यन्त्र]
अश्वमेध (अश्वमेधः) पु—अश्वमेध
आगमन (आगमनम्) न—आना
करीर (करीर) पु—एक काँटेदार पेड़, जिसमें पत्ते नहीं होते
काम (काम) पु—इच्छा
क्रतु (पु)—यज्ञ
घात (घात) पु—नाश
जीवित (जीवितम्) न—जीवन
तृण (न)—घास
पत्र (पत्रम्) न—पत्ता
प्रकृति (स्त्री)—स्वाभाविक

मारउ (मारय)व —मारो
माह (माह) व —मुझ
रउ (रघु) पुं —रव
राम (राम) पु [illegible]
रिउ (रिपु)—शत्रु
लउ (लघु) पु —[illegible]
दसरहसुआ (स्त्री तत्स०, दसरह + सुआ —स्त्री)—दशरथ की
विश्वास (स्त्री)—[illegible] [illegible], [illegible]
[illegible]
सिव (शिव) पु —प्राणवल

विवय (विषय) पु —[illegible]
([illegible], [illegible], [illegible], [illegible], [illegible])
मुत्ति (मुक्ति)—[illegible]
आश्रमुदगा ([illegible]) (पु०,
तत्स० आश्र—पु + अनुदगा
—पु —[illegible] [illegible])—
[illegible] [illegible] [illegible]।
धम्मिग (स्त्री)—[illegible]
मनुअ (मानव) पु —[illegible] [illegible]
मज्जन (मज्जन) प (स्नान [illegible])
—[illegible]
सनाथि (प)—[illegible]

विवरण ।

[illegible] ([illegible])—[illegible]
[illegible] ([illegible] + त)—[illegible]
[illegible] [illegible], [illegible] [illegible] [illegible] [illegible]
—[illegible]
नरकनिग्गह (नरक—पु + निग्गह
नि + ग्रह [गृह्णाति स] + त=
छिपा हुआ) नरक में डूबा
हुआ
परवस (स्त्री —परवशो)—पराधीन
पुच्छ (पच्छ [पृच्छ] [नि पा]+
त—पूछा गया
मुक्क (मुच + त) -मुक्त

[illegible]—[illegible] [illegible]
[illegible] ([illegible] + त) [illegible]
[illegible] ([illegible] + [illegible] + त)—[illegible]
[illegible] [illegible]
पतोत (बहु० [illegible]
[illegible]—[illegible], यह [illegible]
[illegible] [illegible] [illegible] है,
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible]
[illegible] [illegible] [illegible] है।
[illegible] (स्त्री —[illegible] बहु०,
[illegible]—([illegible] + त) + [illegible])
[illegible] [illegible]।

■ [illegible] ([illegible]) [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] पर [illegible] [illegible] जाता है।

धातु।

अनु + इष् (अन्विष्यति) (दि पर) —खोजना
अव + हृ (अवहरति) (भ्वा पर) —ले जाना
आ + क्षिप् (आक्षिपति) (तु पर) —फेंकना
आ + या (आयाति—अ पर)—आना
आस् (कर्मणि प्र आस्यते) बैठना
आ + ह्वे (आह्वयति—भ्वा पर) —पुकारना
उप + आ + लभ् (उपालभते) (भ्वा पर)—निन्दा करना
कृ (कर्म प्र क्रियते)—करना
गै (गायति) (भ्वा पर)—गाना
जन् (जायते) (दि आ)—उत्पन्न होना
धृ (ध्रियते) (दि आ)—होना
नि + धा (कर्म प्र निधीयते)—रखना

पच् (पचति—ते) (भ्वा उभ) —पकाना
परि + हृ (कर्म प्र परिह्रियते)—छोड़ना
प्रति + बन्ध् (कर्म प्र प्रतिबध्यते) —रोकना
प्र + यत् (प्रयतते) (भ्वा आ)—यत्न करना
भावय (प्रेर भू)—सोचना
मृग् (मृग्यति, मृगयते) (दि पर, चु आ)—खोजना
लिख् (तु पर)—लिखना
वच् (कर्म प्र उच्यते)—बोलना
वि + कृष् (विकर्षति) (भ्वा पर) —खींचना
सं + हृ (संहरति) (भ्वा पर)—बटोरना
स्तु (कर्म प्र स्तूयते) —स्तुति करना

अव्यय।

किमिति—क्यों?
जोषम्—चुप
तूष्णीम्—चुप

प्रत्यहम्[1] (अव्य प्रति + अहन् से बना)—प्रतिदिन
समासाद्य (प्रेर सम् + आ + सद् + य)—पाकर

---

१ प्रत्यह दूसरा रूप

पाठ २१।

वर्तमान कृदन्त।

हरिं पश्यन् मुच्यते—हरिको देखता हुआ मुक्त होता है।

अवसरं प्रतीक्षमाणो वर्तते—वह समयकी प्रतीक्षा कर रहा है, बाट जोह रहा है।

लङ्कायां पशव इव हताः पश्यतो रामस्य—रामके देखते २ लङ्कावासी पशुओंकी तरह मारे गये। (पश्यतः रामस्य—अनादरषष्ठी है।)

दिनेषु गच्छत्सु सा कान्तिमपुष्यत्—ज्यों २ दिन बीतने लगे वह कान्तिको बढ़ाने लगी (दिनेषु गच्छत्सु—सतिसप्तमी है)।

पत्तने विद्यमाने ग्रामे रत्नपरीक्षा—नगरके रहनेपर गाँवमें रत्नकी परीक्षा (पत्तने विद्यमाने—सतिसप्तमी है)।

सा राज्ञी सखीभिः पर्युपास्यमाना तिष्ठति—वह रानी भी सखियोंसे सेवित होती हुई बैठी है।

अभ्युन्नतिमिच्छद्भिरुद्यमः सर्वथा सेव्यः—उन्नति चाहनेवालोंको सब प्रकारसे उद्योगका सेवन करना चाहिये।

चिन्तयन्नपि अहं नास्य कारणमवगच्छामि—सोचते हुए भी मैं इसका कारण नहीं समझता।

परस्मैपदी धातुओंका वर्तमान कृदन्त इस प्रकार बनता है —

भ्वादि—भू—भवत्, भू+अ=भो+अ=भव, भव+त्=भवत्, दिवादि—पुष्—पुष्यत्, पुष्+य=पुष्य, पुष्य+त्=पुष्यत्, तुदादि—विश—विशत्, विश+अ=विश, विश+त्=विशत्, चुरादि—चुर्—चोरयत्, चुर्+अय=चोर्+अय=चोरय, चोरय+त्=चोरयत्

अदादि—अस—सत्, अस + अत = स (वर्तमानके प्र पु के ब व की प्रकृति) + अत = सत्, अदादि—या—यात्, या + अत् = या (वर्त प्र पु ब व की प्रकृति) + अत = यात्।

धातुको विकरण लगाओ यदि प्रकृति अकारान्त हो तो त लगाओ, और यदि वह अकारान्त न हो तो वर्तमानके प्रथमपुरुषके बहुवचनकी जो प्रकृति होती है उसमें अत् लगाओ।

आत्मनेपदी धातुओंके वर्तमान कृदन्तके रूप इस प्रकार बनते हैं —

भ्वादि—वृत—वर्तमान, वृत + अ = वर्त + अ = वर्त, वर्त + मान = वर्तमान, भ्वादि—सेव—सेवमान, सेव + अ = सेव, सेव + मान = सेवमान, दिवादि—विद्—विद्यमान, विद् + य = विद्य विद्य + मान = विद्यमान, मृ—म्रियमाण, मृ + अ = म्रिय + अ = म्रिय, म्रिय + मान = म्रियमाण, चुरादि—आमन्त्र्—आमन्त्रयमाण, आमन्त्र् + अय = आमन्त्रय, = आमन्त्रय + मान = आमन्त्रयमाण।

वर्तमान यह शब्द स्वयं वर्तमान कृदन्त है और अब यह सिखाता है कि वृत् इत्यादि धातुओंसे वर्तमान कृदन्त किस प्रकार बनाये जाते हैं।

धातुको विकरण लगाओ। यदि प्रकृति अकारान्त हो तो मान लगाओ, और यदि वह अकारान्त न होतो वर्तमानके प्र पु के बहुवचन में जो प्रकृति रहती है उसे आन लगाओ। इनके उदाहरण आगे आवेंगे। (२५ वां पाठ कर्मणि वर्त० कृ० देखो।)

भू—भूयमान	चुर्—चोर्यमाण
कृ—क्रियमाण	तड—ताड्यमान।
पुष—पुष्यमाण	कृ (प्रेर)—कार्यमाण

कर्मणि तथा भावे प्रयोगके वर्तमान कृदन्त कर्मणि तथा भावे प्रयोगकी प्रकृतिको मान लगानेसे बनते हैं।

	गच्छत्—पुं।			गच्छत्—न।		
	एक	द्वि	बहु	एक	द्वि	बहु
प्र	गच्छन्	गच्छन्तौ	गच्छन्तः	गच्छत्	गच्छन्ती	गच्छन्ति
द्वि	गच्छन्तम्	,,	गच्छतः	,,	,,	,,
तृ	गच्छता	गच्छद्भ्याम्	गच्छद्भिः	शेष रूप पुंलिङ्गके समान।		
च	गच्छते	,,	गच्छद्भ्यः			
पं	गच्छतः	,,	,,			
ष	,,	गच्छतोः	गच्छताम्			
स	गच्छति	,,	गच्छत्सु			
सं	गच्छन्	गच्छन्तौ	गच्छन्तः			

ये रूप भवत् या वत् में समाप्त होनेवाले शब्दोंके समान होते हैं। केवल पुंलिङ्गके प्रथमाके एकवचनमें भेद है। उदाहरण ध्यान दो।

भ्वादि गच्छत्—न्ती—गच्छन्ती।
दिवादि, कुप्यत्—न्ती—कुप्यन्ती।
चुरादि, चालयत्—न्ती—चालयन्ती।
प्रेर भावयत्—न्ती—भावयन्ती।
तुदादि, क्षिपत्—न्ती—क्षिपन्ती ती।
अदादि, यात्—ती—याती न्ती।

वर्तमान कृदन्तके स्त्रीलिङ्गके रूप ई को जोड़नेसे बनते हैं। भ्वादि, दिवादि, चुरादि, तथा प्रेरणार्थक धातुके रूपमें इस ईके पूर्व न् लगता है और तुदादिगणके तथा अदादि आकारान्त धातुओंमें न् विकल्पसे लगता है।

गच्छत् नपु प्र, द्वि, सं—गच्छत् गच्छती-न्ती गच्छन्ति
यात् [redacted], ,, ,,—यात् याती-न्ती यान्ति

नपुंसकके [redacted], द्वि तथा सम्बोधनके द्विवचनके रूप स्त्रीलिङ्गकी प्रकृतिके समान होते हैं।

वसमाने—स्त्री—वसमाना—आत्मनेपदके वर्तमान कृदन्तके स्त्रीलिङ्ग-के रूप आप पाठमेंसे बनते हैं।

तस्य पश्यत एव हता पश्यतो राक्षसस्य—यह अनादरषष्ठी या भाव षष्ठी का उदाहरण है। इसका अर्थ है— राक्षसके देखते२ 'पश्यतो राक्षसस्य' का अर्थ—'राक्षसस्य पश्यतः सतः' है। यह भाव षष्ठी इस लिये कहाती है कि इसका अर्थ स्पष्ट करनेके लिये सत्‌का षष्ठीका एकवचन सतः— प्रयोग किया जाता है।

सत्सु विद्यमाने और निदेषु गच्छत्सु—सतिसप्तमीका उदाहरण है। इनका अर्थ है—सत्में विद्यमान सति, निदेष गच्छत्सु सत्सु।

पश्य पितृव्य प्रहरन् कथं न लज्जसे।
कथमेतत् प्रलपता च सहस्रधा न दीर्णमनया जिह्वया।
अपि कुशलं तातस्य? क्षेममस्माकम्। कुत्रास्ति च कुशलम्?
इदानीं विरमतो भवत्कथनात्।
अद्य यदा कोटिमधिरोहति प्रमोदः पौराणाम्।
नाद्य कुलस्याभ्युदय प्रजानाम्।
उत्तिष्ठमानस्तु परो नोपेक्ष्यो भूतिमिच्छता।
समे शिवो दण्ड कथं प्रकाशयति।
यस्मिञ्जीवति जीवन्ति बहवः सोऽत्र जीवति।
सतां सद्भिः सङ्गः कथमपि हि पुण्येन भवति।
विकसति हि पतङ्गस्योदये पुण्डरीकं
द्रवति च हिमरश्मावुद्गते चन्द्रकान्तः।
सूर्ये तपत्यावरणाय दृष्टेः
कल्पेत लोकस्य कथं तमिस्रा।
त्वं जीवितं त्वमसि मे हृदयं द्वितीयं
त्वं कौमुदी नयनयोरमृतं त्वमङ्गे।

[illegible] ।
[illegible] ३
[illegible] ।
[illegible] ॥
[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ।
[illegible] ॥

— —

क्या [illegible] कि मैं [illegible] [1]
को [illegible] अपना [illegible] नहीं [illegible] है ।
इन [illegible] [illegible] किया ।
इस [illegible] का काम है ?
राम ने कहा, 'रानी, क्या यह [illegible] जा सकता है ?
क्या तुमको झूठ कहना अच्छा नहीं लगता ?
तब यह राजा था अभी तक दूसरोंको नहीं सताता था ।
([illegible]) ।
यद्यपि गुरु [illegible] था तथापि शिष्यने अपराध किया गया ।
([illegible]) ।

[illegible] ।

अङ्ग (अङ्गम्) न — शरीर	अवसर (अवसर) पु — योग्य समय
अभ्युदय (अभ्युदय) पु — उन्नति	आयास (आयासम्) न — दुःख
अशुभ (अशुभम्) न — अशुभ	कविताशाखा (कमधा०, कविता—

१। [illegible] यद्यपि [illegible] है ।
[illegible]

स्त्री, शाखा स्त्री)—कविता—की शाखा

कान्ति (स्त्री)—सुन्दरता

कारण (कारणम्) न—हेतु

कुशल (कुशलम्) न—सुख

कोटि (स्त्री और कोटी)—चरम सीमा

कौमुदी (स्त्री)—चाँदनी

क्षीर (क्षीरम्) न—दूध

क्षेम (क्षेम—मम) पु, न—कुशल

गुण (गुण) पु गुण, उपयोग

चन्द्रकान्त (चन्द्रकान्त) पु—एक मणि, जो चन्द्रकिरणोंके सम्पर्कसे पसीजता है।

तमिस्रा (स्त्री)—रात

तातपाद (तातपाद) पु (तात, पु पिता,+पाद—पु चरण, यह एक आदरवाचक शब्द है, जो बहुवचनमें प्रयोग किया जाता है)—पूज्य पिता।

तापस (तापस) पु—तपस्वी

दर्शन (दर्शनम्) न—देखना

दार (दारा—पु यह सर्वदा बहुवचन में प्रयोग किया जाता है)—स्त्री

द्विज (द्विज) पु—द्विज

दृष्टि (स्त्री)—दृष्टि, नजर

देवी (स्त्री)—रानी

नन्द (नन्द) पु—पाटलिपुत्रका राजा। नन्द नौ भाई थे

नाथ (नाथ) पु—प्रभु

पतङ्ग (पतङ्ग) पु—सूर्य

परीक्षा (स्त्री)—परीक्षा

पशु (पु)—पशु [कमल

पुण्डरीक (पुण्डरीकम्) न—सफेद

पुण्य (पुण्यम्) न—पुण्य

पौर (पौर) पु—नगरवासी

प्रमोद (प्रकृष्टवाची मोद, प्रादि समा०, प्र=बड़ा+मोद—पु=हर्ष)—पु बड़ा हर्ष

भूति (स्त्री)—ऐश्वर्य

भोजन (भोजनम्) न—भोजन

राक्षस (राक्षस) पु—नन्द राजाका मन्त्री

वह्नि (पु)—अग्नि

वाल्मीकिकोकिल (वाल्मीकिकोकिल) पु वाल्मीकि मुनि +कोकिल पु कोयल—वाल्मीकिरूपी कोयल

विधि (पु)—परमेश्वर, ब्रह्मा, दैव

शिशिर, (शिशिर रम) पु, न—जाड़ेका ऋतु, माघ तथा फागुन मास

सखी (स्त्री) सहेली
मद्य (मद्य) न शराब
मण्डप (मण्डप) न बिछावा
मकान (मकान) न घर
दारा (स) पत्नी
हिमालय (पु) पहाड़, हिम, म हिम, हि० ठंडा + आलय पु जिसका घर जिसमें ठिकाना ठंड है, पहाड़

विशेषण।

अपकारिन् — अपकार या बुराई करनेवाला
उपकारिन् — भलाई करनेवाला
अपथ्य — अनारोग्यद
विद्यमान (कर्म बताता है विद् ध)—जिसकी विद्या की जाती है
शीत (श्यै + त या + क)—ठंडा हुआ
नूतन नया, नूत—नया
पर (प्रथम)—१ दूसरा २ बड़ा
अधीयमान (शु० पढ़ा जाता हुआ,
पर्याप्त (परि + अव + आप् या प्राप्त हुए) सिद्धि हासिल हुआ
प्रत्युत्पन्न (प्रति + उत् + पद्—पैदा या का अर्थ में) बाद में पैदा हुआ अथवा देखता हुआ
बहु—बहुत
भवत् (अथवा भवान् पुरुष) आप
सर्व—सब
गत (गम—जा का अर्थ में) बीता हुआ, गया
आयु—अवस्था
सेव्य (सेव् + य)—सेवा योग्य

धातु।

अधि + रुह् (अधिरोहति) (भ्वा पर)—चढ़ना
अनु + स्था (तिष्ठ्) (तिष्ठति) (भ्वा आ)—उद्यत होना
कृष् (कर्षति) (भ्वा पर)—हल चलाना
क्लृप् (कल्पते (भ्वा आ)—यह चतुर्थी के साथ आता है)—समर्थ होना।

द्रु (द्रवति) (भ्वा पर)—गलना, पिघलना

प्र+लप् (प्रलपति) (भ्वा पर)—अस्पष्ट बोलना

लस्ज् (लज्जते) (तु आ)—लजाना

वि+कस् (विकसति) (भ्वा पर)—खिलना

अव्यय ।

एवम्—ऐसा

कथमपि—किसी प्रकार, बड़ी कठिनतासे

निर्घृणम् (बहु०, निर्=निकल गया हुआ+घृणा स्त्री दया, निर्गता घृणा यस्मात् कर्मणो यथा स्यात्तथा)—जिससे दया निकल गयी है, निर्दय

मधुराक्षरम्—(बहु०, मधुर विशे० मीठा+अक्षर—न ऋषु, मधुराणि अक्षराणि यस्मिन् कर्मणि यथा स्यात्तथा)—मीठे शब्दोंमें

विशेषतः—अधिक

सहस्रधा—हजार प्रकारसे

पाठ २२ ।

वस् तथा ईयस् में अन्त होनेवाले शब्द ।

विद्वान् लिखति=विद्वाँल्लिखति—पण्डित लिखता है ।

न किमपि विदुषामगम्यम्—पण्डितोंको कोई वस्तु अगम्य नहीं है ।

मतिरेव बलाद् गरीयसी—बुद्धि ही बलसे बड़ी है ।

*द्वारकामध्युषुषो कृष्णस्य या सम्पदासीत् मनसाऽप्यसुलभा —द्वारकामें

१। मधुर आदि एकवचनान्त विशेषणका रूप क्रियाविशेषणकी तरह प्रयोग किया जाता है। विग्रह दिखानेमें यस्मात् कर्मणो यथा स्यात्तथा, या यस्मिन् कर्मणि यथा स्यात्तथा कहा जाता है, जिससे इसका क्रियाके साथ सम्बन्ध मालूम होता है।

* उप, अनु, अधि, आङ् पूर्वक वस् धातुका आधार कर्म होता है।

[illegible] लोगोंकी जो सम्पत्तियां थीं वे मनको भी अगम्य हैं (अर्थात् उनकी कल्पना भी नहीं की जा सकती) (जन बहुवचन आये हैं)।

विद्वान् सर्वत्र पूज्यः।—विद्वान् सब ठौर पूजित होता है।

विद्वद्भिरत्र निर्णयः कार्यः—इस विषयमें पण्डितोंसे निर्णय किया जाना चाहिये।

इस पाठमें वस् तथा ईयसन्त शब्द दिये गये हैं।

विद्वस्—पुं। सेदिवस्—पु०।

	ए० व०	द्वि० व०	ब० व०	ए० व०	द्वि० व०	ब० व०
प्र०	विद्वान्	विद्वांसौ	विद्वांसः	सेदिवान्	सेदिवांसौ	सेदिवांसः
द्वि०	विद्वांसम्	,,	विदुषः	सेदिवांसम्	,,	सेदुषः
तृ०	विदुषा	विद्वद्भ्याम्	विद्वद्भिः	सेदुषा	सेदिवद्भ्याम्	सेदिवद्भिः
च०	विदुषे	,,	विद्वद्भ्यः	सेदुषे	,,	सेदिवद्भ्यः
प०	विदुषः	,,	,,	सेदुषः	,,	,,
ष०		विदुषोः	विदुषाम्	,,	सेदुषोः	सेदुषाम्
स०	विदुषि	,,	विद्वत्सु	सेदुषि	,,	सेदिवत्सु
स०	विद्वन्	विद्वांसौ	विद्वांसः	सेदिवन्	सेदिवांसौ	सेदिवांसः

विद्वस्—न० सेदिवस्—न०।

	ए० व०	द्वि० व०	ब० व०	ए० व०	द्वि० व०	ब० व०
प्र०, द्वि०, स०	विद्वत्	विदुषी	विद्वांसि	सेदिवत्	सेदुषी	सेदिवांसि

शेष पु० के समान। शेष पु० के समान।

विदुषी स्त्री (नदीके समान) सेदुषी स्त्री (नदीके समान)

श्रेयस्—पु०।

	ए० व०	द्वि० व०	ब० व०
प्र०	श्रेयान्	श्रेयांसौ	श्रेयांसः
द्वि०	श्रेयांसम्	,,	श्रेयसः

	ए व	द्वि व	ब व
तृ	श्रेयसा	श्रेयोभ्याम्	श्रेयोभिः
स	श्रेयसि	श्रेयसोः	श्रेयःसु—श्रेयस्सु

श्रेयस्—न०।

	ए व	द्वि व	ब व
प्र, द्वि, स	श्रेयः	श्रेयसी	श्रेयांसि

तत् + लिखति = तल्लिखति ग्रन्थान् + लिखति = ग्रन्थांल्लिखति — जब दन्तस्थानीय वर्णके बाद ल् होता है तो उसको ल होता है, और यदि वह दन्तस्थानीय अनुनासिक हो तो उसको अनुनासिक ल् होता है।

लघु छोटा—लघुतर—लघीयस् = उससे छोटा—लघुतम—लघिष्ठ = सबसे छोटा।

गुरु—बड़ा—गुरुतर—गरीयस् = उससे बड़ा—गुरुतम गरिष्ठ = सबसे बड़ा।

— (ईयस् और इष्ठके पूर्व गुरुको गर् होता है)

महत्—महीयस्—महिष्ठ।—

विशेषणोंको ईयस् तथा इष्ठ प्रत्यय लगानेसे आपेक्षिक रूप बनते हैं। तर तथा तम भी इसी अर्थके दूसरे प्रत्यय हैं। ईयस् तथा इष्ठ पर रहनेपर अन्तिम स्वर या उपान्त्य स्वरके साथ अन्तिम व्यञ्जनका लोप होता है।

स्त्री गरीयसी, गरिष्ठा, गुरुतरा, गुरुतमा।

बलवत् बलिन्, बलीयस् बलिष्ठ—ईयस् तथा इष्ठके लगनेपर वत् तथा इन् इत्यादि मत्वर्थीय (स्वामित्वज्ञापक) प्रत्ययोंका लोप हो जाता है।

ऊपरके रूपोंके देखनेसे ये नियम निकलते हैं —

विद्वस् + स् = विद्वन्स् स् = विद्वान्स् = विद्वान्—

१। अन्तिम व्यञ्जनसे पूर्व सर्वनामस्थानमें न् आता है और इस न् के पूर्वका स्वर दीर्घ होता है।

विद्वस् + औ = विद्वन्स् + औ = विद्वान्स् + औ = विद्वांसौ।

२। स् के पश्चात् सर्वनामस्थान न हो, और उसके आगे अ, ए, या स् हो, तो सम्प्रसारण होता है।

विद्वस् + अस् = विदुस् + अस् = विदुषः

सन्निवस् + अस् = सन्निवस् + अस् = सदुस् + अस् = सिदुषः

३। भ अङ्ग के अन्तमें वसुका वद् होता है। वसुसे पूर्वके इ का लोप होता है।

विद्वस् + भ्याम् = विद्वद् + भ्याम् = विद्वद्भ्याम्,

विद्वस् + सु = विद्वत् + सु = विद्वत्सु।

४। यदि कोई अघोष वर्ण आगे हो, तो पदके अन्तमें दको त् होता है, और यदि कोई घोष वर्ण आगे हो तो पदके अन्तमें दको द् होता है।

यह स्मरण रखना चाहिये कि पुंलिङ्गकी प्रथमा, द्वितीया, तथा सम्बोधन के ए. व. की प्रकृति पद है, पुंलिङ्गकी प्रथमा, द्वितीया, तथा सम्बोधन की द्वि. व. की प्रकृति भ अङ्ग है, तथा पुंलिङ्गकी प्रथमा, द्वितीया और सम्बोधनके बहुवचनका प्रत्यय सर्वनामस्थान है। वह प्रकृति जिसको स्त्री प्रत्यय ई लगाया जाता है, भ अङ्ग है।

एते पथप्रबोधा मार्गाः।

आर्य! श्रूयताम्। श्रूयमेतत्।

आर्य! यदि वेदविद्याध्ययनमिच्छसि तर्हि तस्याध्ययनं गम्यताम्।

हे विद्वन्! किं वस्तु त्वया गुरवे प्रदर्शितं तत्पृच्छ्यताम्।

कुशलं विहाय प्रमादात् अथ बुद्धिरेव नास्ति।

अथ मा तनुमतो किमायस्य राजर्षे पत्नी?

नमं याष्ट्रे सिता मलिना मुहूर्त अपि नावतिष्ठन्त ।
श्रेयांसि सर्वाण्यधिगच्छन्ति सुपस्ते क्रियाप्राखम् ।
पुण्येनैव हि लभ्यते सुकृतिभि सत्सङ्गतिर्दुर्लभा ।
यो यस्य चित्ते न कदा स दूरे ।
नरस्याभरणं रूपं रूपस्याभरणं गुण ।
गुणस्याभरणं ज्ञानं ज्ञानस्याभरणं क्षमा ॥
सत्यमेव व्रतं यस्य दया दीनेषु सर्वदा ।
कामक्रोधौ वशे यस्य स साधु कथ्यते बुधै ॥
१ आहूतस्याभिषेकाय प्रस्थितस्य वनाय च ।
न मया लक्षित कश्चित् स्वल्पोऽप्याकारविभ्रम ॥
प्रायो नाम तप प्रोक्तं चित्तं निश्चय उच्यते ।
तपोनिश्चयसंयोगात् प्रायश्चित्तमितीर्यते ॥
विपदि धैर्यमथाभ्युदये क्षमा सदसि वाक्पटुता युधि विक्रम ।
यशसि चाभिरुचिर्व्यसनं श्रुतौ प्रकृतिसिद्धमिदं हि महात्मनाम् ॥

जो २ दिन बीतते गये, वह लड़का सब कलाओंमें कुशल हुआ ।
पूज्य गुरुजी ! मैं आपको प्रणाम करता हूं ।
आयु प्रतिदिन क्षीण होती है ।
विपत्तिमें हमलोगोंको धीरज धरना चाहिये ।
सज्जन सदाचारको आधार समझते हैं ।
पण्डितोंकी सभामें मूर्खोंको न जाना चाहिये ।
हमलोगोंको हमारे मङ्गलके लिये उद्योग करना चाहिये ।
किसी प्रकार तुमको आगसे बाहर निकल जाना चाहिये ।

१। यह उक्ति रामके विषयमें कही गयी है ।

कृदन्त ।

अधिकार (स्त्री) —भाग

✓ अभिषेक (अभिषेक) न राज्यारोहण

अनुबन्ध (स्त्री सम्बन्ध,)—आसक्ति (समवायोत्पत्ति —समका भी आसक्ति)

आकार (आकार) पु —आकृति

आभरण (आभरणम्) न —भूषण

कल (कल) पु —[illegible]

ग्रामा (स्त्री)—शालि

चित्त (चित्तम्) न —मन

द्वारका (स्त्री)—द्वारका

निश्चय (निश्चय) पु —निश्चय

✓नेपथ्य (नेपथ्यम्)न —वस्त्र, सजावट, वेष, रङ्गभूमि में इसका भाग, जहाँ नट लोग वेष बनाते हैं ।

पट्टिका (स्त्री)—कुटनता

प्रवेशक (प्रवेशकम्) न (प्र + विश् धातु + णिच् —क = इसका अर्थ समझा विशेष) न नाटक विशेष, प्रस्तावना (जिस नाटकीय रूप का न उल्लेख नाटका आरम्भ हो जाता है ।)

धातु (धातु पुम्)० न धातु । बुद्धि

पुष्प (पुष्प न)पु,—न फूल

मधु (स्त्री)—मधु, शहद

✓विषय (विषय) पु —दोषमय

✓विचार (विचार धम) न करना, प्रश्न

विश्रम (विश्रम) पु —श्रम समका शोभ

शयन (शयनम्) न —मङ्गल

शम (शमम्) न —मङ्गल

सौभाग्य (न)—कल्याण

✓सम्पद् (न)—सभा

विशेष ।

स्मरण—कामका भाव

✓अधिकारियम —जो था सुख

✓अध्यवसाय—जो रह सुखा

✓अवसित (अव + सो + त)—समाप्त

✓आयास—शारीरिक मानसी श्रम

✓आहत (आ + हन् धातु पर + त)—लगाया हुआ

क्रियायास (बहुव्रीहि, क्रि + आयास— स्त्री —नाम,का आयास जिस क्रियायास)—क्रिया नामका

तत (तन—धातु पर + त)—फैला

त्वरा (त्वर् का भाव)—जल्दी स्पष्ट

✓प्रेरित (प्र + ईर्—धातु पर + त) —भेजा हुआ

प्रेषित (प्र+इष्—इष् पर+त)—भेजा हुआ

प्रश्न (प्रच्छ् का रूप)—पूछ वाक्य

महात्मन् (बहु०, महत्+आत्मन् पु)—जिसका मन बड़ा है, उच्चाशय, धार्मिक

दर्शित (दृश् पर+त)—दिखाया गया

प्रथम—अधिक प्रमाणवाला वाक्य

स्वल्प (सु—बहुत+अल्प)—बहुत छोटा

धातु।

ईह् (इह—प्र आत्म कर्म० ईहते)—बोलना

ग्रह् (कर्म०, गृह्यते)—पकड़ना

स्था (तिष्ठति—स्था पर)—* अव के साथ (आत्म)—खड़ा रहना

अव्यय।

अन्यत्र—दूसरी जगह

तर्हि—तो

विहाय (वि+हा का अव्यय भूत कृदन्त)—छोड़कर, सिवा

पाठ २३।

संख्यावाचक।

(१ से १० तक।)

विधवायाः पुनरुद्वाहः शास्त्रसम्मतः इत्येके मन्यन्ते, अपरे पुनः शास्त्रप्रतिषिद्ध इति—

कोई लोग विधवाका पुनर्विवाह शास्त्रसम्मत है ऐसा कहते हैं, और लोग तो वह शास्त्रसे निषिद्ध है ऐसा कहते हैं।

ऋग्यजुःसामानीति त्रयो वेदाः त्रयाणां वेदानां बहवः शाखाः सन्ति—

ऋग्, यजु और साम ऐसे तीन वेद हैं तीन वेदोंकी बहुतसी शाखाएं हैं।

---

* सम्, अव, प्र, वि इन उपसर्गोंके साथ स्थाधातु आत्मनेपदी होता है।

गच्छतः सूर्याणि चत्वारि त्रीणि द्वयम्, कति संख्या तु षट्—इत्यादि प्रकार, जिनका बोध या कालिमा का हुआ पृष्ठ है।

इन शब्दोंके संख्यावाचक रूप तीनों लिङ्गोंमें होते हैं। एकसे चारतक संख्याओंके रूप इस प्रकार हैं —

एकः, द्वि, त्रयः, चत्वारः, पञ्च, षट्, सप्त, अष्ट, नव और दश।

एकशब्दके रूप सर्वशब्दके समान होते हैं। बहुवचनमें इसका अर्थ है—कुछ लोग या कोई लोग।

द्वि।

	पु०	स्त्री तथा नपु०।
प्र०	द्वौ	द्वे
द्वि०	,,	,,
तृ०	द्वाभ्याम्	द्वाभ्याम्
च०	,,	,,
पं०	,,	
ष०	द्वयोः	द्वयोः
स०	,,	,,

द्विशब्द केवल द्विवचनमें होता है, इसको पु० तथा नपु० में द्वा, तथा स्त्री० में द्वा समझना चाहिए।

त्रि और चतुर् शब्दके संख्यावाचकोंके रूप केवल बहुवचनमें होते हैं।

	त्रि।			चतुर्।	
	पु०	स्त्री०	न०	पु०	स्त्री०
प्र०	त्रयः	तिस्रः	त्रीणि	चत्वारः	चतस्रः
द्वि०	त्रीन्	,,	,,	चतुरः	,,
तृ०	त्रिभिः	तिसृभिः	शेष पु० के समान	चतुर्भिः	चतसृभिः

च	त्रिभ्यः	तिसृभ्यः	चतुर्भ्यः	चतसृभ्यः
पं	,,	,,	,,	,,
ष	त्रयाणाम्	तिसृणाम्	चतुर्णाम्	चतसृणाम्
स	त्रिषु	तिसृषु	चतुर्षु	चतसृषु

षष् पञ्चन् अष्टन् (तीनों लिङ्गोंमें समान)

	चतुर् न	षष्	पञ्चन्	अष्टन्
प्र	चत्वारि	षट् षड्	पञ्च	अष्ट अष्टौ
द्वि	,,	,,	,,	,,
तृ	शेष रूप पु॰ व॰	षड्भिः	पञ्चभिः	अष्टभिः अष्टाभिः
च	समान	षड्भ्यः	पञ्चभ्यः	अष्टभ्यः अष्टाभ्यः
पं		,,	,,	,, ,,
ष		षण्णाम्	पञ्चानाम्	अष्टानाम्
स		षट्सु-षट्त्सु	पञ्चसु	अष्टसु अष्टासु

षट्सु या षट्त्सु पर ध्यान दो। ट तथा स् के बीचमें विकल्पसे त् आता है।

सप्तन्, नवन्, तथा दशन्के रूप पञ्चन्के समान होते हैं।

पहिले दस पूरणप्रत्ययान्त या क्रमिकसंख्यावाचक इस प्रकार हैं —

प्रथम मा-न्त्री, अग्रिम मा, अन्तिम मा, द्वितीय या, तृतीय या, चतुर्थ थी, तुरीय या, पञ्चम मी, षष्ठ ठी सप्तम मी, अष्टम मी, नवम मी, दशम मी।

प्रथम शब्दके प्रथमाके बहुवचनमें प्रथमे प्रथमाः रूप होते हैं।

द्वितीयस्मै द्वितीयाय, द्वितीयस्मात् द्वितीयात्, द्वितीयस्मिन्-द्वितीये, एवं द्वितीयस्यै द्वितीयायै इत्यादि। इसी प्रकार तृतीय तथा तृतीयाके रूप होते हैं।

द्वितीय तथा तृतीय के च॰ प॰, ष॰ तथा सप्तमीके एकवचनमें विकल्पसे सर्वनामके समान रूप होते हैं।

प्रकारवाचकोंसे क्रियाविशेषण इस प्रकार बनते हैं —

एकधा एक प्रकारसे, द्विधा द्वेधा, त्रिधा त्रेधा, षड्धा षोढा इत्यादि।

धा लगानेसे (विभाग अथवा प्रकार है)।

एकत्र—एक जगह। सुच् शस् कृत्व संख्याका बोध कराता है।

एकशः—एक एक, द्विशः—दो २ (शस्के लगानेसे, यह पुनरुक्तिका बोध कराता है।)

पञ्चकृत्वः—पाँच बार, षट्कृत्वः—छः बार (कृत्वः लगानेसे, जो क्रियाकी पुनरुक्ति बताता है।)

पर एकका सकृत् होता है (एकबार), द्वि—द्विः (दो बार), त्रि—त्रिः, चतुर्—चतुः।

एकका तर तथा तम लगाये जाते हैं—

एकतर दोमें एक, एकतम (बहुतोंमें एक) एकतरस्मै एक-तमस्मिन् इत्यादि—एकतर तथा एकतमके रूप सर्वके समान होते हैं, परन्तु एकतर का नपुं के प्रथमा तथा द्वितीयाके एकवचनमें एकतरम् होता है। अन्यका अन्यतर होता है (दोमें एक)। अन्यतरस्मै अन्यतरत् इत्यादि—सर्वनामके समान रूप होते हैं पर अन्यतम (बहुतोंमें एक) के अन्यतमाय, अन्यतमम् इत्यादि अकारान्त शब्दोंके समान रूप होते हैं।

दशरथस्य तिस्रो भार्याः कौसल्या सुमित्रा कैकेयी च।

भ्रमरशब्दे द्वौ रेफौ तस्मात् द्विरेफ इत्युच्यते।

न्याय वैशेषिक सांख्य योग मीमांसा वेदान्त इति षट् दर्शनानि।

जानुभ्यां पाणिभ्यां पादाभ्यामुरसा बुद्ध्या शिरसा वचसा दृशा प्रणाम साष्टाङ्ग प्रणाम कथ्यते।

अमीषां चतुर्णां फलानां मध्ये यत्ते रोचते तद् गृह्यताम्।

हृदये रोचते भक्तिः।

देवश्चाप रोचते योऽर्क ।
तिस्रपु कन्याश्चिय लावण्य श्रेष्ठा ।
ऋग्वाभिस्तुभि प्रवन्न शिवोऽग्रताद्व ।
अपि वरम १ उचित रत्नया प्रथम आश्रमे * द्वितीयमध्यार्धितुभिन्नाभी
समय ।
मध्योपयो देवगर्भोऽरेच्छा ।

ब्राह्मण क्षत्रियो वैश्यस्त्रयो वर्णा द्विजातय ।
समाः विप्रस्तुत्य हु एव रसअरफल ।
काव्यामृतरसास्वाद मद्भय सुपर्ण षट ॥
अध्यापनमध्ययन यजन याजन तथा ।
दान प्रतिग्रहश्चैव षट् कर्माण्यग्रजन्मन ॥
शिक्षा कल्पो व्याकरण निरुक्त छन्दसा चय ।
ज्योतिषामयन चैव वेदाङ्गानि षडेव तु ॥
स्वर्ण राप्य च ताम्रञ्च रङ्ग यशदमेव च ।
सीस लोह रसश्चेति धातवोऽष्टौ प्रकीर्तिता ।
अर्थागमो नित्यमरोगिता च
प्रिया च भार्या प्रियवादिनी च ।
वश्यश्च पुत्रोऽर्थकरी च विद्या
षड् जीवलोकस्य सुखानि राजन् ॥

सूर्य के सात घोड़े है ।
सत्त्व, रजस, और तमस् तीन गुण हैं।
तापीसे नर्मदा बड़ी है ।
शिवके तीन नेत्र हैं।

---

१ आस् आत्मका आधार कर्म होता है ।

प्राय इसको सर्वत्र ही व्यवहार है।
मैं कर्मोंका योग कर लिखनेके लिये यहाँ कहा।
रघुवंशका प्रथम अधिक पर्व है।
यहाँ मैं वर्णन चार प्रश्न थ।

शब्दार्थ।

अग्रजन्मन् पुं (बहु० अग्र प्रिग०, प्रथम, जन्मन् न जन्म)— जिसका जन्म प्रथम है, ब्राह्मण
अध्यापन (अध्यापनम्) न —पढ़ाना
अयन (अयनम्) न —मार्ग
अपराजिता (स्त्री)—पराजय
आश्रम (आश्रम) पुं —जीवनको एक अवस्था। ब्रह्मचर्य, गार्हस्थ्य, वानप्रस्थ तथा संन्यास जीवनकी चार अवस्थायें हैं।
आस्वाद (आस्वादः) पु —स्वाद
उरस् (न) छाती, हृदय
ऋच (स्त्री) ऋग्वेद
कल्प (कल्प) पु —एक वेदका अङ्ग
कार्त्तिकेय (कार्त्तिकेय) पु —शिवपुत्र, जिनको छः मुख हैं।
काव्य (काव्यम्) न —कविता
कैकेयी (स्त्री) दशरथकी स्त्री, भरतकी माता
कौसल्या (स्त्री) दशरथकी स्त्री रामकी माता

गण (गण) पु —समूह
गण्डकी नदी—गण्डक नदी
गुरु (अ) मुश्किल
गोपाल (गोपालक) पुं, गाय०, गोप पुं ग्वाले, गाय पु गाय) जातियोंका नाम
ज्योतिष (न) शास्त्र (ज्योतिषामयनम् —ज्योतिष शास्त्र, जिसमें ताराओंका गति वर्णित है)
तनु तनू (स्त्री) शरीर
ताम्र (ताम्रम्) न —तांबा
दर्शन (दर्शनम्) न —शास्त्र
दान (दानम्) न —देना
देवदत्त (देवदत्त) पुं —किसीका नाम
देश (देश) पुं —देश
द्विजाति (पु बहु० द्वि दो, जाति स्त्री, जन्म) जिसके दो जन्म हैं —ब्राह्मण, क्षत्रिय, तथा वैश्य
द्विरेफ (द्विरेफः—पु बहु० द्वे रेफौ यस्य स । भ्रमर शब्दमें दो रकार हैं) भ्रमर

षड्दर्शन —

निरुक्त (निरुक्तम्) न —शब्द— व्युत्पत्तिशास्त्र

न्याय (न्याय) पु —गौतमकृत एक शास्त्र

पुनरुद्वाह (पुनरुद्वाह) पु पुनर् फिर, उद्वाह पु -विवाह)—पुनर्विवाह

प्रणाम (प्रणाम) पु —नमस्कार

प्रतिग्रह (प्रतिग्रह) पु —लेना

बल (बलम्) न —१ शक्ति, २ सेना

मीमांसा (स्त्री) जैमिनिकृत, षड्दर्शनोंमें एक दर्शन

मोदक (मोदक) पु —एक प्रकारकी मिठाई

यजन (यजनम्) न —याग

यजुष् (न) यजुर्वेद

यशस् (यशस्म्) न —कीर्ति

योग (योग) पु —षड्दर्शनोंमें एक दर्शन, पतञ्जलिकृत

रङ्ग (रङ्ग रङ्गम्) पु, न —रंग

रस (रस) पु —स्वाद

रूप्य (रूप्यम्) न —चांदी

लावण्य (लावण्यम्) न—शोभा, अङ्गकान्ति

लोह (लोहम्) न —लोहा

वर्ण (वर्ण) पु —१ जाति, २ अक्षर

विधवा (स्त्री, बहु०, वि उपसर्ग बिना, धव पु पति) स्त्री, जिसका पति मृत है

विषवृक्ष (विष न + वृक्ष पु, तत्पु०) विषयुक्त पेड़

वेदाङ्ग (वेदाङ्गम्) न —(तत्पु०, वेद पु वेद + अङ्ग न भाग) वेदका एक भाग

वेदान्त (वेदान्त) पु —वेदान्त-दर्शन, षड्दर्शनोंमें एक दर्शन, व्यासकृत

वैशेषिक (न) षड्दर्शनोंमें एक दर्शन, कणादकृत

व्याकरण (व्याकरणम्) न —शब्दशास्त्र

शाखा (स्त्री)—वेदकी एक शाखा

शिक्षा (स्त्री)—वर्णोच्चारणशास्त्र

शिरस् (न)—सिर

सर्प (सर्प) पु —सांप

सांख्य (सांख्यम्) न —षड्दर्शनोंमें एक दर्शन, कपिलकृत

सामन् (न)—सामवेद

सौध (सौधम्) न —कोठा

सुजन (सुजन) पु, प्रादिसमास, सु + जन)—सज्जन

सुमित्रा (स्त्री)—लक्ष्मणकी माता

स्वर्ण (स्वर्णम्) न —सोना

विशेषण।

अपकर (स्त्री अपकरी) दुःख उत्पन्न करनेवाला	यथा—यथार्थ वहनवाला
एक एक, (बहु व में) कुछ	विद्वस्—जाननेवाला, पण्डित
गरीयस्—(अधिक बड़ा)	शास्त्रप्रतिषिद्ध (तत्पु०, शास्त्र न+ प्रतिषिद्ध = प्रति+ निध षिध् + त)—शास्त्रसे निषिद्ध
प्रपन्न (प्र+पद्—गि जा+त) प्राप्त	सशास्त्र (बहु०, स=साथ, शास्त्र न)—शास्त्रसहित
प्रियवादिन् (स्त्री प्रियवादिनी)—मधुर बोलनेवाला	साष्टाङ्ग (बहु०, स+अष्टन्+अङ्ग, न)—आठ अङ्गोंके साथ
बलीयस् (स्त्री बलीयसी) अधिक शक्तिमान्)	सेदिवस्—जो बैठ चुका
रसवत्—स्वादयुक्त	

धातु।

रुच् (रोचते—भ्वा आ)—पसन्द करना (यह चतुर्थीके साथ आता है) पसन्द करनेवालेमें चतुर्थी होती है। तुभ्यं रोचते—तुमको पसन्द है।

अव्यय।

अध्यासनम् (अधि+आस्+ल्युट्)—बैठना	केवलम्—केवल
इदानीम्—अब	नित्यम्—सदा

पाठ ७४।

अनियत सम्बन्धवाचक।

अपना काम—आपसे काम।

तस्मात् सखा त्वमसि यन्मम तत्तवैव—इस लिये तुम मित्र हो, जो मेरा है वह तुम्हारा ही है।

दध्नो भावेन परिणतं क्षीरमेतत्—दहीके रूपमें बदला हुआ यह दूध है ।
पत्युः सेवा स्त्रीणां परमो धर्मः—पतिकी सेवा स्त्रियोंका परम कर्तव्य है ।
कन्यका रूपगर्वितायाः श्रियः प्रत्यादेशः—कन्या रूपसे गर्वित लक्ष्मीको दबानेवाली है ।
साधूनां कीर्तिः सर्वासु दिक्षु प्रसरति—सज्जनोंका यश सब दिशाओंमें फैलता है ।
शिवास्ते पन्थानः सन्तु—तुम्हारे मार्ग सुखजनक हों ।
इस पाठमें पति, सखि, श्री, स्त्री, अक्षि, पथिन्, तथा दिश् शब्दके रूप दिये गये हैं ।

१। पति शब्दके तृ, च, प, ष, तथा सप्तमीके एकवचनके रूप क्रमसे—पत्या, पत्ये, पत्युः, पत्युः, तथा पत्यौ होते हैं, शेष रूप हरिके समान होते हैं ।

२। भूपतये, भूपते इत्यादि—भूपति सेनापति, इत्यादिमें समासके अन्तमें रहनेवाले पतिशब्दके रूप नियमरूपसे होते हैं ।

सखि—पुं ।

	ए व	द्वि व	ब व
प्र	सखा	सखायौ	सखायः
द्वि	सखायम्	,,	सखीन्
तृ	सख्या	सखिभ्याम्	सखिभिः
च	सख्ये	,,	सखिभ्यः
प	सख्युः	सखिभ्याम्	सखिभ्यः
ष	,,	सख्योः	सखीनाम्
स	सख्यौ	,,	सखिषु
सं	सखे	सखायौ	सखायः

३। सखिके पहिले पाँच रूप—सखा, सखायौ, सखायः, सखायम्, सखायौ हैं, शेष रूप पतिके समान होते हैं ।

स्त्री—स्त्री।

	ए व	द्वि व	ब व
प्र	स्त्री	स्त्रियौ	स्त्रिय
द्वि	स्त्रीम्—स्त्रियम्	,,	स्त्री—स्त्रिय
तृ	स्त्रिया	स्त्रीभ्याम्	स्त्रीभि
च	स्त्रियै	,,	स्त्रीभ्य
प	स्त्रिया	,,	,
ष		स्त्रियो	स्त्रीणाम
स	स्त्रियाम्	,,	स्त्रीषु
स	स्त्रि	स्त्रियो	स्त्रिय

४। स्वरादि प्रत्यय आगे रहनेपर स्त्रीके ईको इय् होता है। इसमें द्वितीयाके एकवचनमें स्त्रीम् वा स्त्रियम्, तथा बहुवचनमें स्त्री वा स्त्रिय होता है।

श्री—स्त्री। भ्रू—स्त्री।

	ए व	द्वि व	ब व।	ए व	द्वि व	ब व
प्र	श्री	श्रियौ	श्रिय	भ्रू	भ्रुवौ	भ्रुव
द्वि	श्रियम	,,	,	भ्रुवम्	,	,
तृ	श्रिया	श्रीभ्याम्	श्रीभि	भ्रुवा	भ्रूभ्याम	भ्रूभि
च	श्रिय श्रियै	,,	श्रीभ्य	भ्रुव भ्रुवै	,,	भ्रूभ्य
प	श्रिय श्रिया	,,	,	भ्रुव भ्रुवा	भ्रूभ्याम्	भ्रूभ्य
ष	,, ,,	श्रियो	श्रियाम्-श्रीणाम्	,, ,,	भ्रुवा	भ्रुवाम् भ्रूणाम्
स	श्रियि श्रियाम्	,,	श्रीषु	भ्रुवि भ्रुवाम्	,,	भ्रूषु
स	श्री	श्रियो	श्रिय	भ्रू	भ्रुवो	भ्रुव

५। *धी, श्री, ह्री, भ्रू तथा सू इत्यादि शब्दोंके रूपोंमें अधोलिखित परिवर्तन होते हैं।

(अ) प्रथमाके ए व में स् का लोप नहीं होता।

(उ) स्वरादि विभक्तियोंके पूर्व ई को इय् तथा ऊ को उव् होता है।

(ऋ) च, प, ष, तथा सप्तमीके एकवचनमें और ष के बहुवचनमें दो २ रूप होते हैं। एक नियतरूपसे प्रत्ययोंके जोड़ने पर बनते हैं, और दूसरे नदी तथा वधूके समान चलते हैं।

अक्षि—न। श्री—स्त्री।

	ए व	द्वि व	ब व	ए व	द्वि व	ब व
प्र	अक्षि	अक्षिणी	अक्षीणि	श्रीः	श्रियौ	श्रियः
द्वि	,,	,,	,,	श्रियम्	,	,
तृ	अक्ष्णा	अक्षिभ्याम्	अक्षिभिः	श्रिया	श्रीभ्याम्	श्रीभिः
च	अक्ष्णे	,,	अक्षिभ्यः	श्रिये	,,	श्रीभ्यः
पं	अक्ष्णः	,,	,	श्रियः	,	,,
ष	,,	अक्ष्णोः	अक्ष्णाम्		श्रियोः	श्रीणाम्
स	अक्ष्णि अक्षणि	,	अक्षिषु	श्रियि	,,	श्रीषु
सं	अक्षि अक्षे	अक्षिणी	अक्षीणि	श्रीः	श्रियौ	श्रियः

६। तृतीयाके एकवचनसे लेकर स्वरादि प्रत्यय पर रहनेपर अस्थि, दधि, सक्थि, तथा अक्षिको अस्थन्, दधन्, सक्थन् तथा अक्षन् समझना चाहिये।

---

*अवीलक्ष्मीतरीतन्त्रीधीह्रीश्रीणामुणादितः।
सप्तानामपि शब्दानां सुलोपो न कदाचन॥

इसकारण लक्ष्मी अवी (रजस्वला स्त्री) लक्ष्मी तरी (नौका) तन्त्री (एक बाजा) श्री, तथा धीके प्रथमाके एकवचनमें स का लोप नहीं होता।

भिक्ष्, भिक्षाम् भिन्नु, दृन्, दृशु—

७। भिन्न् तथा सान्तम्, त्वान्तम्, इत्यादि हलन्ते समाप्त होनेवाले शब्दोंका अन्तिम ऋ व्यञ्जनादि प्रत्यय पर रहनेपर, कमें बन्द जाता है।

पथिन्—पु ।

	ए व	द्वि व	ब व
प्र	पन्था	पन्थानौ	पन्थान
द्वि	पन्थानम्	,,	पथः
तृ	पथा	पथिभ्याम्	पथिभि
च	पथे	,,	पथिभ्य
पं	पथः	,,	,,
ष		पथो	पथाम्
स	पथि		पथिषु
सं	पन्थाः	पन्थानौ	पन्थान

८। पथिन् के पहिले पांच रूप—पन्था, पन्थानौ, पन्थान, पन्थानम्, पन्थानौ—हैं। इसका अङ्ग पथ् है।

९। अमापथ—अमाका मार्ग। समासके अन्तमें पथिन्‌को पथ होता है।

क्षुधातुर क्रोध मुपयति।
अथ पन्था साकेतमुपतिष्ठते।
स्तौमि कथं न खण्डित भुवि मन ।
न्याय्यात्पथ प्रविचलन्ति पद न धीरा ।
अनिर्वेद श्रियो मूलम्।

दुग्ध च शर्करा चैव घृत दधि तथा मधु इति पञ्चामृतमिदम्।

आ पाप! कथमेव गन्तो साधुत्वमाह न ते निपतित वज्रमशनीणा वा सहमधा न जिह्वा विदलता गता वा न वाणी नष्टानि वा नाक्षराणि।

एकस्मिञ्जीर्णकोटरे जायया सह निवसतः पश्चिमे वयसि वर्तमानस्य कथमपि पितुरहमेवैको विधिवशात् सूनुरभवम् ।

परिहासविजल्पितं सखे परमार्थेन न गृह्यतां वचः ।

नानाभङ्गं वहन्ति कुत्र भवतामस्मादृशा भाग्यभीमाः ।

यो ध्रुवाणि परित्यज्य अध्रुवं परिषेवते ।
ध्रुवाणि तस्य नश्यन्ति अध्रुवं नष्टमेव तु ॥
संहितैकपदे नित्या नित्या धातूपसर्गयोः ।
नित्या समासे वाक्ये तु सा विवक्षामपेक्षते ॥
त्वदनुगुणं निरीक्ष्य पात्रीं कुलियुक्ता किमु वक्तुमीश मा ।
मधुरं हि पयः स्वभावतो ननु कीदृक् सितशर्करान्वितम् ॥
काकः कृष्णः पिकः कृष्णः को भेदः पिककाकयोः ।
वसन्ते समुपायाते काकः काकः पिकः पिकः ॥
स्वभावं नैव मुञ्चन्ति सन्तः संसर्गतोऽसताम् ।
न त्यजन्ति रुतं मञ्जु काकसम्पर्कतः पिकाः ॥
न सा सभा यत्र न सन्ति वृद्धा वृद्धा न ते ये न वदन्ति धर्मम् ।
नासौ धर्मो यत्र न सत्यमस्ति न तत्सत्यं यच्छलेनानुविद्धम् ॥

उनके समान सज्जन इस संसारमें कम हैं ।

रघुने सब दिशाओंके राजाओंको जीता ।

'अब क्या करना चाहिये यह तुम मुझसे अच्छा समझते हो' (एतावत्) यह कहता हुआ वह चुप हुआ ।

मैं नहीं जानता कि उस स्त्रीने क्या कहा ।

पति पर सती स्त्रियोंकी भक्तिका भाव होना चाहिये ।

मित्र ! मेरे शब्दोंको अन्यथा न समझो ।

[illegible] है । ऐसे उदाहरण महाभारतमें बहुत हैं ।

जैसे प्यासा कि उस माताका दूध पीनेको चला गया।
हिन्दूमें जो मित्र वही यथार्थ मित्र है।

शब्दार्थ।

अनिर्वेद (अनिर्वेद पु नञ्स०, अ + निर्वेद पु वैराग्य)—वैराग्यका अभाव, उत्साह
अमृत (अमृतम्) न —अमृत
उत्तमाङ्ग (उत्तमाङ्गम्) न (उत्तम विश० + अङ्ग-न) उत्तम अवयव, सिर
उपयश (उपयशः) पु —उपयश
उर्वशी (स्त्री)—स्वर्गकी एक अप्सराका नाम
कीर्ति (स्त्री)—यश
कोटर (कोटर रम्) पु न —खोढ़रा
क्षीर (क्षीरम्) न —दूध
घृत (घृतम्) न —घी
छल (छलम्) न —कपट
जाया (स्त्री)—स्त्री
त्वदनुस्मृति† (स्त्री तत्पु, त्वत् + अनुस्मृति)—तुम्हारा स्मरण
दधि (न)—दही
दिश (स्त्री)—दिशा
दुग्ध (दुग्धम्) न —दूध
धी (स्त्री धा)—बुद्धि
धीर (पु)—बुद्धिमान्
पति (पु)—पति
पथिन् (पु)—रास्ता
परमार्थ (परमार्थ पु कर्मधा० परम विश० उत्तम + अर्थ पु वस्तु)—यथार्थ वस्तु
पारमार्थिक—सत्यरूप
परिहास (परिहास) पु —हंसी
पिक (पिक) पु —कोकिल
मधुव्रत (मधुव्रत) पु —फूलका चूसनेवाला
भृङ्ग (भृङ्ग) पु —भंवरा (भूभङ्ग—भाव चढ़ाना)
भू (स्त्री)—पृथ्वी
भ्रू (स्त्री)—भौंह
मेघ (मेघ) पु —मेघ
मूल (मूलम्) न —जड़, कारण
मुख (मुखम् न मु+ख)—मुँह

---

† मस शमी ए व के पहले युष्म, तथा अस्म की त्वत् तथा मत् होता है।

वसन्त (वसन्त) पु —वसन्त ऋतु, चैत्र और वैशाख
वाणी (स्त्री) बोली
विप्रलिप्त (वि प्र+लिप्+त)— अस्पष्ट वाणी
विजिगीषा (स्त्री) —जीतनेवालेकी इच्छा
विह्वलता (स्त्री) व्याकुलता
शर्करा (स्त्री)—चीनी
श्री (स्त्री) लक्ष्मी
सचिव (पु)—मित्र
समाज (समाज) पु —समाज
सार्वभौम (सार्वभौम) पु —सम्राट
साधु (पु)—सज्जन
सितशर्करा (स्त्री) मिसरी
सूनु (पु)—पुत्र
सङ्ग (सङ्ग) पु —साथ
संहिता (स्त्री)—सन्धि या अक्षरोंका जोड़
सम्पर्क (सम्पर्क) पु —साथ
साकेत (साकेत) पु —अयोध्या
सेवा (स्त्री)—सेवा
स्त्री (स्त्री)—स्त्री
स्वभाव (पु)—प्रकृति
ह्री (स्त्री)—लज्जा

विशेषण ।

अध्रुव—अनिश्चित
अनुविद्ध (अनु+व्यध् के यह+त)—मिला हुआ
अन्वित (अनु+इ+त)—युक्त
अवदीर्ण (अव+दॄ+त)—फटा हुआ
असत्—बुरा
काण—काना
कीदृश—किस प्रकारका
कृष्ण—काला
खण्डित—टूटा हुआ
गलत् (गल्—धातु पर का शतृ कृ)—गीलता हुआ
गर्जित (गर्ज+त) गर्जित
जीर्ण (जॄ-कि प + त)—पुराना
त्वादृश—तुम्हारे जैसा
ध्रुव—निश्चित
निपतित—(नि+पत्+त)—गिरा हुआ
निवसत् (नि+वस्‌का शतृ कृ)—रहता हुआ

नित्य—आवश्यक
परिणत (परि+नम्+त)—झुका हुआ
पश्चिम—अन्तिम (पश्चिम वय वृद्धता)
पाप—पापी
पावन (स्त्री पावनी)—पवित्र
मञ्जु—मनोहर
युत (युज्+त)—मिला हुआ
वृद्ध (वृध्—भ्वा आ + त)—बढ़ा
शिव—कल्याणकर
समुपागत (सम्+उप+आ+गम् भ्वा पर+त)—आया हुआ

धातु।

अप+ईक्ष् (अपेक्षते—भ्वा आ)—चाहना, आशा करना, भरोसा करना
उप+स्था (उपतिष्ठते—भ्वा आ)—सेवना
प्र+सृ (प्रसरति—भ्वा पर)—फैलना
प्र+वि+चल् (प्रविचलति—भ्वा पर)—हिलना
परि+षेव् (परिषेवते—भ्वा आ) (परिषेव)—सेवन करना आश्रय लेना

अव्यय।

कियत्—कितना अधिक?
वक्तुम् (वच्+तुम्)—बोलना
विधिवशात्—दैववश

पाठ २५।

स्वादि तथा तनादिगणके धातु।

एवं चक्रवर्तिनं पुत्रमाप्नुहि—इस प्रकारसे सार्वभौम पुत्रको पाओ।

शृणु मे सावशेषं वचः—मेरी बात (जिसमें शाप है) सारा सुनो।

सखि! अत्रागच्छ पुष्पाणि चिनवावहै—सखी! यहाँ आओ हम दोनों फूल बटोरें।

जगन्नाथ! न वयं ते महिमानं स्तोतुं शक्नुमः—हे जगन्नाथ! हम लोग तुम्हारे महिमाकी स्तुति नहीं कर सकते।

अध्वर्यवो यज्ञे सोममसुन्वन्—अध्वर्युओंने यज्ञमें सोमको कूटा।

त्वमपि स्वं नियोगमशून्यं कुरु—तुम भी अपने कामको अशून्य बनाओ।—तुम भी अपना काम करो। (अशून्यं कुरु=पूरा करो)।

क्रमेण च तस्या वपुषि यौवनं पदमकरोत्—क्रमसे यौवनने उसके शरीरमें स्थान किया।

ईश्वरकृपया विना दुष्कराणि कार्याणि जनाः कथं साध्नुयुः—ईश्वरकी कृपाके बिना लोग कठिन कामोंको कैसे सिद्ध करें!

इस पाठमें स्वादि तथा तनादि गणके रूप दिये गये हैं।

	चि—चुनना पर० लट्।			आप्—पाना पर०।		
	ए० व०	द्वि० व०	ब० व०	ए० व०	द्वि० व०	ब० व०
प्र० पु०	चिनोति	चिनुतः	चिन्वन्ति	आप्नोति	आप्नुतः	आप्नुवन्ति
म० पु०	चिनोषि	चिनुथः	चिनुथ	आप्नोषि	आप्नुथः	आप्नुथ
उ० पु०	चिनोमि	चिनुवः-चिन्वः	चिनुमः-चिन्मः	आप्नोमि	आप्नुवः	आप्नुमः

	तन्—तानना पर० लोट्।			आप्—पाना पर० लोट्।		
	ए० व०	द्वि० व०	ब० व०	ए० व०	द्वि० व०	ब० व०
प्र० पु०	तनोतु	तनुताम्	तन्वन्तु	आप्नोतु	आप्नुताम्	आप्नुवन्तु
म० पु०	तनु	तनुतम्	तनुत	आप्नुहि	आप्नुतम्	आप्नुत
उ० पु०	तनवानि	तनवाव	तनवाम	आप्नवानि	आप्नवाव	आप्नवाम

तन्—तना पर लङ्। आप्—स्वा पर लङ्।

	ए व	द्वि व	ब व	ए व	द्वि व	ब व
प्र पु	अतनोत्	अतनुताम्	अतन्वन्	आप्नोत्	आप्नुताम्	आप्नुवन्
म पु	अतनोः	अतनुतम्	अतनुत	आप्नोः	आप्नुतम्	आप्नुत
उ पु	अतनवम्	अतनुव, अतन्व	अतनुम, अतन्म	आप्नवम्	आप्नुव	आप्नुम

चि—स्वा पर विधि। चि—स्वा आ विधि।

	ए व	द्वि व	ब व	ए व	द्वि व	ब व
प्र पु	चिनुयात्	चिनुयाताम्	चिनुयुः	चिन्वीत	चिन्वीयाताम्	चिन्वीरन्
म पु	चिनुयाः	चिनुयातम्	चिनुयात	चिन्वीथाः	चिन्वीयाथाम्	चिन्वीध्वम्
उ पु	चिनुयाम्	चिनुयाव	चिनुयाम	चिन्वीय	चिन्वीवहि	चिन्वीमहि

तन्—आ लङ्। चि आ लोट्।

	ए व	द्वि व	ब व	ए व	द्वि व	ब व
प्र पु	अतनुत	अतन्वाताम्	अतन्वत	चिनुताम्	चिन्वाताम्	चिन्वताम्
म पु	अतनुथाः	अतन्वाथाम्	अतनुध्वम्			

तन्—लट् आ तना। तन्—आ लोट्।

	ए व	द्वि व	ब व	ए व	द्वि व	ब व
प्र पु	तनुते	तन्वाते	तन्वते	तनुताम्	तन्वाताम्	तन्वताम्
म पु	तनुषे	तन्वाथे	तनुध्वे	तनुष्व	तन्वाथाम्	तनुध्वम्
उ पु	तन्वे	तनुवहे, तन्वहे	तनुमहे, तन्महे	तनवै	तनवावहै	तनवामहै

इन रूपोंको देखनेसे ये नियम तुम्हारे ध्यानमें आवेंगे —

१। नु स्वादिका तथा उ तनादिगणका विकरण है।

गण दो वर्गोंमें विभक्त हैं। पहिलेमें भ्वादि, दिवादि, तुदादि, तथा चुरादि ये गण आते हैं, जिनमें प्रकृति अकारान्त होती है (क्योंकि अ, य,

थ, तथा अय इनके विकरण हैं), और दूसरे वर्गमें अन्य गणके धातु आते हैं, जिनमें प्रकृति अकारान्त नहीं होती।

२। कुछ प्रत्यय ऐसे हैं कि जो पर रहनेपर अन्तिम स्वर तथा उपान्त्य ह्रस्व स्वरको गुण या वृद्धि होती है, और कुछ ऐसे हैं, कि जिनके पूर्व कोई परिवर्तन नहीं होता। इनमें पहिले प्रकारके विकारक, तथा दूसरे प्रकार के अविकारक प्रत्यय कहाते हैं।

३। परस्मैपद—विधिलिङ्के एकवचन, तथा लोट्के मध्यमपुरुषके एकवचनके सिवा और सब एकवचन विकारक हैं। लोट्के उत्तम पुरुषके द्विवचन तथा बहुवचनके सिवा और सब द्विवचन तथा बहुवचन अविकारक हैं।

४। आत्मनेपद—लोट्के उत्तमपुरुषके एकवचन, द्विवचन, तथा बहुवचन—विकारक, तथा शेष अविकारक हैं।

५। केवल विधिलिङ्के सिवा इतर दूसरे वर्गके परस्मैपदके प्रत्यय प्रथम वर्गके गणोंके समान होते हैं। विधिलिङ्के प्रत्यय इस प्रकार हैं —

प्र पु	यात्	याताम्	युः
म पु	याः	यातम्	यात
उ पु	याम्	याव	याम

६। तनु—आप्नुहि—हि लोट्के मध्यमपुरुषके एकवचनका प्रत्यय है। तनादिगणके सब धातुओंमें तथा स्वादिगणके स्वरान्त धातुओंमें इसका लोप होता है।

७। आत्मनेपदमें प्रथमपुरुषके बहुवचनके अनुनासिकका लोप होता है, और इथे, इते, इथाम्, तथा इताम् को आथे, आते, आथाम्, तथा आताम् होता है।

८। चिनव न्व, आप्नुव—वकार तथा मकारादि प्रत्ययोंके पूर्व

विकरणके उ का विकल्पसे लोप होता है, यदि इसके पूर्व कोई संयुक्त न हो।

९। नित्यमपि आत्मनेपदि—यदि विकरणके पूर्व कृ धातु प्रयुक्त हो तो उसका मकारादि प्रत्ययोंके पूर्व लोप होता है।

कृ—धातु।

	पर वर्तमान।			आत्म वर्त।		
	ए व	द्वि व	ब व	ए व	द्वि व	ब व
प्र पु	करोति	कुरुतः	कुर्वन्ति	कुरुते	कुर्वाते	कुर्वते
म पु	करोषि	कुरुथः	कुरुथ	कुरुषे	कुर्वाथे	कुरुध्वे
उ पु	करोमि	कुर्वः	कुर्मः	कुर्वे	कुर्वहे	कुर्महे

	पर—लोट्।			आत्म—लोट्।		
पुण्यानि हि नामग्रहणान्यपि पुण्यभाजाम् । किं पुनर्दर्शनानि ? धन्यमिद-माश्रमपदमयमधिवसतिर्यत्र । पुण्यभाजः खल्वमी मुनयो यन्निरन्तरमेनमपरमिव नलिनासन पुण्यावलोकननिश्चल इव पुण्याः कथाः शृण्वन्त उपासते ।

क्षीरपालायत मा पीड दत्तास्ते मेऽपि शर्म च ।
हृष्ट वो नो ददात्वीशः पतितोऽस्मि मो हरि ॥

मातेव रक्षति पितेव हिते नियुङ्क्ते
भार्येव चाभिरमयत्यपनीय खेदम् ।
कीर्तिं च दिक्षु विमलां वितनोति लक्ष्मीं
किं किं न साधयति कल्पलतेव विद्या ॥

ददतु ददतु गालीर्गालिमन्तो भवन्तो
वयमपि तदभावाद्गालिदानेऽसमर्थाः ।
जगति विदितमेतद्दीयते विद्यमानं
न हि शशकविषाणं कोऽपि कस्मै ददाति ॥

सकृदुच्चरितं येन हरिरित्यक्षरद्वयम् ।
बद्धः परिकरस्तेन मोक्षाय गमनं प्रति ॥

प्रकृत्यैव प्रिया सीता रामस्यासीन्महात्मनः ।
प्रियभावः स तु तया स्वगुणैरेव वर्धितः ॥
तथैव रामः सीतायाः प्राणेभ्योऽपि प्रियोऽभवत् ।
हृदयं त्वेव जानाति प्रीतियोगं परस्परम् ॥

रामके इच्छानुसार लक्ष्मणने सीताको निर्जन वनमें छोड़ा।

रे पापी! क्या तुझे यह खराब वचन कहते लज्जा नहीं आती?

याजकलोगोंने अग्निमें आहुति दी।

हे प्रभो! कृपा कर मुझे शक्ति दीजिये।

इस राजाको चाहिये कि आये हुए अतिथियोंका आसन तथा जलसे सत्कार करे।

तुमको अपने वीरोंके शत्रुओंके साथ लड़नेके लिये तैयार होना चाहिये।

पहले शिशु मुझे प्राणसे भी अधिक प्रिय था।

यहां देवराज राजाका शोध करता है।

दूध स्वयं मधुर है फिर चीनी मिलानेपर क्या पूछना है (किं पुन)?

उस आश्रमके जीव मुनिको अपने पुत्रोंसे किसीप्रकार भिन्न न थे ('व्यतिरिक्त'का प्रयोग करो)।

शब्दार्थ।

अधिपति (पुं)—स्वामी

अवलोकन (अवलोकनम्) न—दृष्टि

आश्रमपद (आश्रमपदम् न तत्पु०, आश्रम पु + पद—न स्थान)—तपोवन

कल्पलता (स्त्री कल्पवल्ली समा० कल्पवृक्षिका लता)—एक लता जो सब मनोरथोंको पूर्ण करती है

कोलाहल (कोलाहल) पु—शोर

गालि (स्त्री)—गाली

छाया (स्त्री)—छाया

जन्तु (पु)—प्राणी

नलिनासन (नलिनासन—पु बहु०, नलिन न कमल + आसन न)—कमल जिसका आसन है, ब्रह्मदेव

नामधेय (नामधेयम्) न—नाम (धेय एक प्रत्यय है जो अर्थमें कोई भेद नहीं करता, नाम एवं नामधेयम्)

[illegible] (स्त्री)—आग

परिकर (परिकर) पुं —कमरबन्द (बद्ध परिकरस्तेन = उसने कमर बाँधी)
पावक (पावक) पुं —अग्नि
पुत्रकृतक (पुत्रकृतक) पुं —कृतक पुत्र
प्रकृति (स्त्री)—स्वभाव
प्रतिवचन (प्रतिवचन) न —उत्तर
प्रियभाव (प्रियभाव) पु —प्रिय होना
प्रीतियोग (प्रीतियोग) पु —प्रेमका बन्धन
भवितव्यता (स्त्री)—होनहार
मृत्यु (पु)—मरण
रस (रस) पु —रस
विषाण (विषाणम्) न —सींग
शशक (शशक) पु —खरहा
संरम्भ (रम्भ) पु —क्रोध
सत्व (सत्त्वम्) न —जीव
सर्वदमन (पु)—दुष्यन्तके पुत्रका नाम (जो सबको दबाता है वह)
सायक (सायक) पु —बाण

विशेषण ।

अमोघ (नञ्०, अ+मोघ निष्फल)—सफल
असार (बहु०)—निःसार, तुच्छ
धन्य—भाग्यवान्
निश्चल—अचल, स्थिर
निर्विशेष (बहु०, निर्गत विशेष येभ्यस्तानि, निर्विशेषाणि, निर्+विशेष—पु सेन)—भेदरहित, समान
पुण्यभाक्—पुण्यवान्
सर्वङ्कष (स्त्री —षा) — सबको सतानेवाला

धातु ।

अप+नी (अपनयति से भ्वा उभ)—हटाना
उद्+विज (उद्विजते—तु आत्म)—घबड़ाना
दा (ददाति जु उभ)—देना, आके साथ (आरभ)—लेना
धा (दधाति धत्ते—जु उभ)—धारण करना, रखना, आके साथ—रखना, करना, उत्पन्न करना, अपिके साथ—बन्द करना, अभिके साथ—कहना, प्रकट करना, अवके साथ—ध्यान

देना, णि के साथ—करना, सम् के साथ—मिलाना

निज् (नेनेक्ति नेनिक्ते जु उभ)—धोना, अव के साथ—धोना

भृ (बिभर्ति बिभृते जु उभ)—भरना

विज् (वेवेक्ति वेविक्ते जु उभ)—अलग करना

वि+प्र+कृ (विप्रकरोति—कुरुते तना उभ)—बिगाड़ना

विष् (वेवेष्टि-वेविष्टे जु उभ)—घेरना, व्याप्त करना

अनु+सम्+धा (अनुसन्धत्ते—जु आ)—पूछा करना

साध् (साध्नोति स्वा पर)—सिद्ध करना

हा (जिहीते जु आ)—जाना, उद् के साथ—उड़ना, उठना

हु (जुहोति जु पर)—होम करना

ह्री (जिह्रेति—जु पर)—लजाना

अव्यय।

अहर्निशम्—दिनरात

उत्तमम् (उद्+तम+अम्)—के ऊपरके लिये, ज्यादा लिये (तम प्रत्यय—जिससे अधिक है, उससे अधिक तथा अतिशयता बोध होता है।)

यथावत्—अनुसार

बहुधा—अनेक प्रकारसे

शान्तं पापम्—बला टले

सहस्रगुणम्—(क्रि०, सहस्र गुणा यस्मिन् कर्मणि यथा स्यात्तथा, सहस्र = हजार+गुण गु) —हजारगुना

स्थाने—ठीक है

हन्त—हाय! आह! (यह शोक या हर्षमें आता है।)

पाठ ३१।

विशेषण तथा क्रियाविशेषण।

एकादश जना द्वादशाश्वा—ग्यारह जन और बारह घोड़े हैं।

आपणको ब्राह्मणानां विंशतये दक्षिणामयच्छत्—आपणकने बीस ब्राह्मणों को दक्षिणा दी।

रघुवंशे कुमारसम्भवे च यथाक्रममेकोनविंशतिः सप्तदश च सर्गाः—रघुवंश तथा कुमारसम्भवमें क्रमसे उन्नीस तथा सत्रह सर्ग हैं।

जालान्तरगते रश्मौ यत् सूक्ष्मं रजो दृश्यते तस्य त्रिंशत्तमो भागः परमाणुः कथ्यते—झरोखेंसे आनेवाले किरणमें जो सूक्ष्म कण दिखाई देता है उसका तीसवां हिस्सा परमाणु कहलाता है।

सीता प्राणेभ्योऽपि प्रेयसी रामस्य—सीता रामको प्राणोंसे भी अधिक प्यारी थी।

कच्चित् कामप्रवेदने—(अव्यय) 'कच्चित्' अपनी इच्छा प्रकाश करनेमें प्रयोग किया जाता है। अर्थात्—"मैं आशा करता हूं" इस अर्थमें आता है।

कच्चिन्मृगीणामनघा प्रसूतिः—मैं आशा करता हूं कि मृगीके बच्चे दुःखरहित अर्थात् सुखी हैं।

अपि के समान कच्चित् भी प्रश्न पूछनेमें आता है, पर यह उस प्रश्नमें आता है जहां अपनी इच्छा प्रकट करनी हो। इसका अर्थ 'मैं आशा करता हूं,' 'मैं समझता हूं' है। कभी कभी यह केवल प्रश्न पूछनेमें प्रयोग किया जाता है।

दिष्ट्या प्रतिहता युष्माकं विघ्नाः—सुदैवसे तुमलोगोंके विघ्न नष्ट हुए—मैं विघ्नोंके नष्ट होनेपर आपका अभिनन्दन करता हूं। 'दिष्ट्या' यह दिष्टि का तृ ए व है।

स्थाने खल्वत्र चित्रे सज्जति मे दृष्टिः—यह योग्य ही है कि मेरी दृष्टि इस चित्रमें लग रही है। स्थाने=युज्यते—यह योग्य है।

काममेतद्दुर्लभं मनस्त्वस्मिन्नुत्सुकम्—मान लिया कि यह दुर्लभ है, पर मेरा मन तो इसके लिये उत्सुक है। कामम्=जितना कोई चाहे उतना, चाहे जितना अधिक।

अथ रोहिणीषु [illegible] अङ्ग किं पुनरनुपमादन्तम्—इस [illegible]
हुए देखिए भी प्रेम [illegible] जाता है, उसमें [illegible] [illegible]
पर कितना अधिक हुआ।

किं पुन, किमुत तथा किमु 'कितना अधिक' इस अर्थ मानते हैं।
इनका यह है—इति का बाना, इति कि [illegible] ([illegible] रोहिणीषु [illegible]
अङ्ग [illegible] [illegible] [illegible] इति कि [illegible]।
इनका कैमुतिकन्याय कहते हैं।

[illegible] गुरो पुत्रो न च [illegible]—[illegible] [illegible] पुत्र [illegible] को
पूछ [illegible] नहीं।

यत्नु च प्रयासतः [illegible] का [illegible] [illegible]—न च [illegible] न तु न पुत्रम्
—[illegible] रहता है।

यथा यथा [illegible] तथा तथाऽस्य [illegible] [illegible]—
ज्यों ज्यों [illegible] [illegible] त्यों त्यों उसकी [illegible] [illegible] [illegible] गई।

यथा यथा—तथा तथा—ज्यों ज्यों अधिक त्यों त्यों अधिक, ज्यों ज्यों कम त्यों त्यों
कम।

क्व सूर्यप्रभवो वंशः क्व चाल्पविषया मतिः—सूर्यवंश कहाँ और मेरी
बुद्धि, जिसकी विषय [illegible] है, कहाँ?—इस [illegible] [illegible] [illegible] है।
क्व क्व (कहाँ कहाँ) बड़ा अन्तर दिखाते हैं (दो [illegible] [illegible] [illegible])।
पक्षपातिनो [illegible] [illegible] च—हम और तुम दोनों राजा पक्षपाती (तरफदार) हैं।
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] भिन्न [illegible] [illegible] [illegible] पु
तथा दूसरा [illegible] दा [illegible] विशेषण पु [illegible] जाता है।
" न च मां च तौ, स च तव च, मां च तव च [illegible] [illegible]—[illegible] एक
[illegible] [illegible] पु [illegible] [illegible] दो और दूसरा [illegible] दा [illegible] विशेषण पु
होता है।
[illegible] धृतिः [illegible] [illegible] [illegible]—उसमें [illegible] धैर्य, तथा [illegible]
[illegible] हैं।

यदि अनेक विशेष्य अनेक लिङ्गोंके हों तो विशेषण नपुंसकमें आता है ।

तयोश्च दैवतया तयोः कुशलवाविति नामनी प्रभावश्चाख्यात — उसी देवताने उनके कुश और लव इन नामों तथा शक्तिका वर्णन किया ।

यहां आख्यात इस विशेषणका लिङ्ग तथा वचन उसके पूर्व रहनेवाले संज्ञाशब्दके ऐसा हुआ । इसका अन्य संज्ञाशब्दोंके साथ लिङ्गविपरिणामसे अन्वय होता है । नामनी आख्याते इति लिङ्गविपरिणामेनान्वय ।

इस पाठमें विशेषण तथा क्रियाविशेषणोंका वर्णन किया गया है ।

एकसे दसतकके संख्यावाचकोंका वर्णन २३वें पाठमें आ चुका है ।

इससे गुणित संख्यावाचक नीचे दिये जाते हैं —

विंशति	(स्त्री)	बीस	शत	(न)	एक सौ
त्रिंशत्	,,	तीस	सहस्र	,,	हजार
चत्वारिंशत्	,,	चालीस	अयुत	,,	दस हजार
पञ्चाशत्	,,	पचास	लक्ष	,,	लाख
षष्टि	,,	साठ	प्रयुत	,,	दस लाख
सप्तति	,,	सत्तर	कोटि	स्त्री	करोड़
अशीति	,,	अस्सी			
नवति	,,	नब्बे			

विंशतये ब्राह्मणेभ्यो दक्षिणां ददाति नारायण — अथवा ब्राह्मणानां विंशतये दक्षिणां ददाति नारायण । इस प्रकार विंशति इत्यादि संज्ञाशब्द हैं । जब ये विशेषण रहते हैं तो, किसी संज्ञा शब्दके साथ हों, एक व. तथा स्त्रीलिङ्गमें प्रयोग किये जाते हैं ।

एकादशन्—ग्यारह	द्विसप्तति } बहत्तर
द्वादशन्—बारह	द्वासप्तति
षोडशन्—सोलह	त्रिनवति } तिरानवे
त्रयोविंशति—तेईस	त्रयोनवति
पञ्चविंशति—पचीस	षण्णवति—छानवे
अष्टाविंशति—अट्ठाईस	द्व्यशीति—बयासी
द्विचत्वारिंशत् } बयालीस	त्र्यशीति—तिरासी
द्वाचत्वारिंशत्	अष्टाशीति—अट्ठासी
त्रिपञ्चाशत् } तिरपन	एकोनसप्तति } उनहत्तर
त्रयःपञ्चाशत्	एकान्नसप्तति
अष्टषष्टि } अड़सठ	ऊनसप्तति
अष्टाषष्टि	

नियम —१ त्रिंशतिके बादके संख्यावाचकोंमें द्वि को द्वा त्रि को त्रय, तथा अष्ट को अष्टा होता है। अशीति के साथ समास करनेमें ये परिवर्तन नहीं होते, तथा चत्वारिंशत्, पञ्चाशत्, षष्टि, सप्तति, तथा नवति के साथ समास करनेमें ये परिवर्तन विकल्पसे होते हैं। पञ्चन् इत्यादि शब्दोंमें न्का लोप होता है, जिस प्रकार समासमें इतर नकारान्त शब्दोंमें न्का लोप होता है।

एकोनसप्तति इत्यादि—एकेन ऊना सप्तति एकोनसप्ततिः, एकेन न सप्ततिः एकान्नसप्तति, यहा एक को एकाद् हुआ है।

एकादश —ग्यारहवां	सप्ततितम —सत्तरवां
विंश —विंशतितमः बीसवां	षट् सप्त तितम —छोहत्तरवां
त्रिंश त्रिंशत्तम —तीसवां	अशीतितम अस्सीवां
षष्टितम —साठवां	एकाशीत तितम —इक्यासीवां
ष्टितम —एकसठवां	

नवतितम —९० वां	शततम —१०० वां
षण्णवतितम —९६ वां	सहस्रतम —१००० वां

नियम —

२। एकादशन् से नवदशन् तक शब्दोंसे क्रमिक संख्यावाचक न् का लोप करनेसे बनते हैं।

३। विंशति से आगे क्रमिक संख्यावाचक तम लगानेसे या अन्तिम स्वर का लोप कर या पूर्व स्वरके साथ अन्तिम व्यञ्जन का लोप कर अ लगाने से बनते हैं। विंशति में ति का लोप होता है।

४। षष्टि, सप्तति, अशीति तथा नवति के क्रमिक संख्यावाचक केवल एकही प्रकार से—तम लगाने से—बनते हैं।

सप्तदशोत्तरं शतम् वा सप्तदशाधिकं शतम् =११७। त्रिसप्तत्यधिकनवदश-शततमो विक्रमार्कसंवत्सरोऽयम् = संवत् —१९७३। अष्टात्रिंशदुत्तराष्टादश-शततम आंग्लाब्दनवमिदम् = सन १८३८। सप्तदशाधिकैकोन-विंशतिशततम ख्रिस्ताब्दम् = इसवी सन १९१७।

५। ऊपरकी संख्या बतानेमें 'अधिक' लगाया जाता है।

तर तथा तम, ईयस् तथा इष्ठ आपेक्षिक तथा सर्वोत्कृष्टताद्योतक प्रत्यय हैं। इनका वर्णन पहिले आ चुका है। कुछ शब्दोंमें ईयस् तथा इष्ठ आगे रहनेपर परिवर्तन होता है और इस प्रकार उनके रूप अनियत होते हैं। वे इस प्रकार हैं —

केवल	आपेक्षिक	सर्वोत्कृष्ट
प्रशस्य स्तुत्य	श्रेयस्	श्रेष्ठ
वृद्ध बूढ़ा	ज्यायस्, वर्षीयस्	ज्येष्ठ, वर्षिष्ठ
अन्तिक पास	नेदीयस्	नेदिष्ठ
बाढ़ अच्छा	साधीयस्	साधिष्ठ

स्थूल मोटा	स्थवीयस्	स्थविष्ठ
दूर दूर	दवीयस्	दविष्ठ
युवन् युवा	यवीयस्, कनीयस्	यविष्ठ कनिष्ठ
ह्रस्व छोटा	ह्रसीयस्	ह्रसिष्ठ
क्षिप्र फुर्तीला	क्षेपीयस्	क्षेपिष्ठ
क्षुद्र नीच	क्षोदीयस्	क्षोदिष्ठ
प्रिय प्यारा	प्रेयस्	प्रेष्ठ
स्थिर निश्चल	स्थेयस्	स्थेष्ठ
उरु चौड़ा	वरीयस्	वरिष्ठ
बहुल मोटा	बंहीयस्	बंहिष्ठ
दीर्घ लम्बा	द्राघीयस्	द्राघिष्ठ
अल्प थोड़ा	अल्पीयस् कनीयस्	अल्पिष्ठ कनिष्ठ
पृथु बड़ा	प्रथीयस्	प्रथिष्ठ
मृदु कोमल	म्रदीयस्	म्रदिष्ठ
कृश दुबला	क्रशीयस्	क्रशिष्ठ
दृढ़ मजबूत	द्रढीयस्	द्रढिष्ठ
बहु बहुत	भूयस्	भूयिष्ठ

इन सभोंमें तर तथा तम भी लगते हैं। ये रूप अनियत नहीं हैं। प्रशस्यतर, युवतर (न् का लोप), दीर्घतर, प्रियतम, बहुतम, अल्पतम।

ऊपर दी हुई सूची कण्ठाग्र करनेकी आवश्यकता नहीं।

६। सर्वनामोंसे अव्यय इस प्रकार बनते हैं —

(अ) सर्वतः, कुतः (किम् से किमको कु होता है), यतः ततः, इतः अतः —तस् लगानेसे (जो हर विभक्तिके अर्थमें आ सकता है पर विशेषतः पञ्चमी या सप्तमीके अर्थमें आता है। सार्वविभक्तिकस्तसिः।)

(आ) तत्र, अमुत्र, सर्वत्र, अन्यत्र, अत्र, यत्र, कुत्र—त्र लगानेसे (सप्तम्यर्थ, स्थलवाचक)।

(इ) सर्वदा, एकदा, अन्यदा, यदा, तदा, कदा—दा लगानेसे (सप्तम्यर्थ, कालवाचक)।

(ई) यथा, तथा, सर्वथा, कथम् (किम् से—केन प्रकारेण)—था लगानेसे (प्रकारवाचक)।

(उ) पूर्वेद्युः, अन्येद्युः, अपरेद्युः (दूसरे दिन)—एद्युः लगानेसे (उस दिन)।

भूयान् भेदोऽनयोः शिष्ययोः।

अभिषवभूयिष्ठा परिसरान्यम्।

वृद्धतमोऽपि राजा तद्वृत्तान्तमाकर्ण्य प्रविष्टवत् चिरं राजधानीमगच्छत्।

अभिजातं खल्वस्य वचनम्। अथ वा चन्द्रादमृतमिति किमत्राश्चर्यम्।

नास्ति भवतोऽपराधः। अहमेवात्रापराद्धा।

अथ रघुनाथ एव। दिष्ट्या सुप्रभातमद्य यन्म देवो दृष्टः।

तपस्विनः प्रतनुतपसामपि तेजः प्रकृत्या तु सह भवति किमुत
सकलभुवनवन्दितचरणानां मुनीनाम्।

विश्रायता सकलमेव शिरो ददौ।

कच्चिद् भर्तुः स्मरसि रसिके त्वं हि तस्य प्रियेति।

कच्चिन्मयापराद्धमज्ञेन वा केन चिदनुजीविना परिजनेन? अति
निपुणमपि चिन्तयन् न पश्यामि स्खलितमप्यपरमात्मनस्त्वद्विषये।

हंहो! दिष्ट्या वर्धसे। प्रतिहतास्ते शत्रवः। चिरं जीव। जय पृथिवीम्।

...सन्दर्शनानाम्। दक्षिणायनं रात्रिः। सप्तसप्तोऽक्रोशात्।

तस्मिन् गते यामे । मासो द्वादश वर्षम् । द्वादशवर्षसहस्राणि दिव्यानि कलियुगम् । द्विगुणानि द्वापरम् । त्रिगुणानि त्रेता । चतुर्गुणानि कृतयुगम् । एवं द्वादश सहस्राणि दिव्यानि चतुर्युगम् । चतुर्युगाणामेकसप्ततिर्मन्वन्तरम् । चतुर्युगसहस्रं च कल्पः । स च पितामहस्य दिनम् । तावती चास्य रात्रिः । एतद्विशेषेणाहोरात्रेण मासवर्षगणनया शतवर्षं ब्रह्मणो परमायुः । ब्रह्मायुषा च परिच्छिन्नं पौरुषो दिवसः । तस्य शर्वरी महाकल्पः । तावत्प्रमाणा निशा । पौरुषाणामहोरात्राणां संख्यैव नास्ति । न च भविष्यति । अनाद्यनन्तता कालस्य ।

याच्ञा मोघा वरमधिगुणे नाधमे लब्धकामा ।
यौवनं धनसम्पत्तिः प्रभुत्वमविवेकिता ।
एकैकमप्यनर्थाय किमु यत्र चतुष्टयम् ॥
वरं हि नरके वासो न तु दुश्चरिते गृहे ।
नरकात् क्षीयते पापं कुगृहात् परिवर्धते ॥
सरभसा स्निग्धो न पुनर्निजा ननु मित्रेषु वर न पुत्रम् ।
समयमेत्दुपेक्षयसा जय प्रियजनेन न मनु समागम ॥
यथा यथा भास्वतो विरथते भितो त्रिलोकीमिव कतु मुद्यतम् ।
तथा तथा मे हृदयं विदूयते प्रियालकावीथ्यवलोकनोत्सुकम् ॥
सदृशं त्रिषु लिङ्गेषु सर्वासु च विभक्तिषु ।
वचनेषु च सर्वेषु यन्न व्येति तदव्ययम् ॥
कामं नृपाः सन्तु सहस्रशोऽन्ये राजन्वतीमाहुरनेन भूमिम् ।
नक्षत्रताराग्रहसङ्कुलापि ज्योतिष्मती चन्द्रमसैव रात्रिः ॥
स्थाने भवानेकनराधिपः सन्नकिञ्चनत्वं मखजं व्यनक्ति ।
पर्यायपीतस्य सुरैर्हिमांशोः कलाक्षयः श्लाघ्यतरो हि वृद्धेः ॥

हे मुनि ! मैं आशा करता हूं कि आपकी तपस्याएं निर्विघ्न हैं ।

यह योग्य है कि उर्वशी सब स्त्रियोंमें अधिक सुन्दर कही जाती है ।

राजा तथा रानी दोनों धार्मिक थे ।

हे मित्र ! इस सत्कार्यमें सफल होनेके लिये मैं तुम्हें अभिनन्दन करता हूं ।

क्या तुमने वह किस्सा पढ़ा है जो इस पुस्तकके ११५ वें पृष्ठमें अंकित है ?

धन आदमीको गर्वी बनाता है । यदि उसके साथ कुछ विद्या और घमण्ड पर हो तो फिर क्या पूछना है !

क्या तुमको काशीमें पवित्र गङ्गाजीके तटपर हमलोगोंके मकानकी याद है ?

स्वयं अव्यय शब्दसे ही मालूम पड़ता है कि इनको लिङ्ग, वचन, विभक्ति नहीं लगते ।

शब्दार्थ ।

अकिञ्चनत्व (न अकिञ्चनत्वम् कर्म०, नास्ति किञ्चन यस्य सोऽकिञ्चनः,(३२ वां पाठ देखो) तस्य भावोऽकिञ्चनत्-म् वा तत्त्वम्)—वह दशा जिसमें पास कोई वस्तु न हो दरिद्रता

अनर्थ (अनर्थ) पु —विपद्

अनाद्यनन्तता (स्त्री, नास्त्यादिर्यस्य सोऽनादिः [बहु०] नास्ति अन्तो यस्य सोऽनन्तः [बहु०], अनादि-श्चासावनन्तश्च [कर्मधा वा विशेषणस०] अनाद्यनन्तस्तस्य भावस्तत्ता) आदि अन्तरहितता

अभिरूप (अभिरूप) पु —विद्वान्

अलकाली (स्त्री अलक पु केश+आली स्त्री पंक्ति) घन और लच्छे केशोंकी पंक्ति

अविवेकिता (स्त्री न विवेकी अविवेकी नञ्स०, तस्य भावस्तत्ता) —अविचार

अहोरात्र (अहोरात्र) पु अहश्च रात्रिश्च अहोरात्र द्वन्द्व, अहन् को अह और रात्रि को रात्र)—दिनरात

आश्रय (न)—आश्रय

उत्तरायण[1] (उत्तरायणम्) न उत्तर अय + अयन न आना)—वे छ मास जिनमें सूर्य दक्षिणसे उत्तर घूमता है।

कल्प (कल्प) पु—ब्रह्माका दिन (जिसका अन्त होनेपर प्रलय होता है)

कलियुग (कलियुगम्) न—कलियुग

कृतयुग (कृतयुगम्) न—सत्ययुग

चतुर्युग (चतुर्युगम्) न—चारका समुदाय

जाल (जालम्) न—खिड़की

तारा (स्त्री)—नक्षत्र

त्रेता (स्त्री)—त्रेतायुग

दक्षिणायन (दक्षिणायनम्) न दक्षिण-अय + अयन-न आना) —वे छ मास जिनमें सूर्य उत्तरसे दक्षिणमें घूमता है।

द्वापर (द्वापर) पु—द्वापरयुग

निशा (स्त्री)—रात

परमाणु (पु कर्म०, परम + अणु—पु) —सबसे छोटा कण

परिजन (परिजन) पु—सेवक

पितामह (पितामह) पु (मह प्रत्यय है)—दादा

प्रदेश्न (प्रदेश्नम्) न—कहना

प्रसूति (स्त्री)—सन्तति

भोज (पु)—एक राजाका नाम

मन्वन्तर (मन्वन्तरम्) न—एक मनुका समय *

याच्ञा—मांगना, मांगना

---

[1] उत्तरा, उत्तरस्मात् रात् उत्तरस्मिन् ई—ये उत्तरके अव्यय रूप हैं। नियम—पूर्व पर, अवर, दक्षिण, उत्तर अपर अधर जिनके उच्चारणसे किसकी? यह आकांक्षा उत्पन्न हो और जिसका अर्थ जाति या धन न हो अथवा जिसका अर्थ बाहरी या पहिननेका वस्त्र हो सर्वनाम है और प्र० प० स० पञ्चमी तथा सप्तमी के एकवचनमें विकल्पसे सब नामकी ऐसे रूप होते हैं। जैसे—पूर्वस्यां पूर्वायां वा दिशायाम् उत्तरस्मिन् उत्तर वा भागे स्वे स्वा (आत्मीया), अन्तरे अन्तरा वा गृहा (बाह्य), अन्तरे अन्तरा वा शाटका (अर्थात् परिधानीया)।

* एक मन्वन्तरमें ४३२ , ०×७१=३ ६७ २०, वर्ष होते हैं।

रश्मि (पु)—किरण
राजधानी (स्त्री)—राजधानी
विषय (विषय) पु—विषय
विपरिणाम (विपरिणाम) पु—परिवर्तन
वृत्तान्त (वृत्तान्त) पु—हाल
सम्भव (सम्भव) पु—जन्म
सर्ग (सर्ग) पु—सर्ग
सम्वत्सर (सम्वत्सर) पु—वर्ष
सुप्रभात (सुप्रभातम्) न (प्रादि०, शोभन वा सुष्ठु प्रभातम्)—शुभ प्रात काल
स्खलित (स्खलितम्) न (स्खल् धातु पर + त)—गलती, प्रमाद

विशेषण।

अतीत (अति + इ + त)—बीता हुआ
अधिगुण (अधिका गुणा यस्य सोऽधिगुण [बहु०])—गुणवान्
अनघ (स्त्री अनघा बहु०, नास्ति अघं दुःखं यस्य वा)—नीरोग
अनुजीविन्—सेवक
अपराद्ध (अप + राध-ि पर अप राध करना + त)—१ (कर्तरि) अपराधी २ (कर्मणि)—विरोधित
अभिजात (अभि + जन् —[जा] दि धा + त) विनीत, कुलीन
उद्यत (उद् + यम् [यच्छ्] धा आरम + त)—तैयार
चतुर्गुण (बहु०)—चौगुना
ज्योतिष्मत्—प्रकाशमान
तावत्—उतना
त्रिगुण (बहु०)—तिगुना
दिव्य—स्वर्गीय
दुःसह—सहनको कठिन
द्विगुण (बहु०)—दूना
परिच्छिन्न (परि + छिद् + त)—परिमित
पौरुष—विष्णु का
प्रतनु—(प्रादि०, प्रकृष्ट तनु)—बहुत छोटा
प्रतिहत (प्रति + हन् + त)—नष्ट
मखज (मख एवं यज्ञ + ज जन् से)—यज्ञसे उत्पन्न
मोघ—व्यर्थ
राजन्वत्—जिसमें अच्छा राजा है

रश्मि (स्त्री०—आ)—रमण | मकर (अनु०, फलानि यस्य : सहित मकरम्)—मय
रोपित (रुह् प्र + त)—लगाया हुआ | मृग—समान
वन्दित (वन्द् प्र + त)—प्रणाम किया गया | मृदु—मुख

धातु ।

वि + अञ्ज् (व्यनक्ति प० पद)—प्रकट करना	वि + द्रु (विद्रवति प० पद)—दूर भगना
वि + हृ (विहरति प० पद)—परिभ्रमण को निकलना	व्रज् (व्रजति प० पद)—जाना, चलाना

अव्यय ।

अतिनिपुणम्—बड़ी कुशलतासे, बड़ ध्यानसे	क्षिप्रम्—शीघ्र
कामम्—मान लिया	स्थाने—मुनासिब (स्थिति का पृ य व)
कच्चित्—१ (आशा या इच्छाको बताता है)—मैं चाहता हूं, मैं आशा करता हूं, २ प्रश्न	वरम्—अच्छा
	सहसा—एकबारगी

पाठ ३२ ।

समास—अव्ययीभाव तथा तत्पुरुष ।

आरम्भिक समासोंका विचार ११ वें तथा १२ वें पाठमें, शब्दसूची में, तथा टिप्पणियोंमें किया जा चुका है। विशेष विवरण इस तथा अग्रिम पाठमें दिया गया है।

यथाशक्ति, प्रतिदिनम्, उपकृष्णम्—इनमें यथा, प्रति, तथा उप का अर्थ

प्रधान है, इसलिये इन समासोंके अर्थ—'शक्तिके अनुसार,' 'प्रतिदिवस', तथा 'कृष्णके पास' ये हैं।

अव्ययीभाव—इस समासमें प्रायः पूर्वपदके अर्थकी प्रधानता रहती है। बाधक—शाकप्रति = शाकस्य लेशः शाकप्रति। इसमें उत्तरपद प्रति का अर्थ प्रधान है। क्योंकि इस समासका अर्थ 'शाकका लेश' है।

प्रधान अव्ययीभावोंके विग्रह नीचे दिये जाते हैं—

हरौ इति अधिहरि (इसको सप्तमी विभक्त्यर्थ अव्ययीभाव कहते हैं। अधि सप्तमीके अर्थमें है), कृष्णस्य समीपमुपकृष्णम्, यावन्तः श्लोकाः यावच्छ्लोकमच्युतप्रणामाः (विष्णुको उतने प्रणाम जितने श्लोक, यावत् अवधारण या निश्चयका बोध कराता है), यावदमत्रं ब्राह्मणानामन्त्रय अमत्र=पात्र यमत्राणि तावतो ब्राह्मणानित्यर्थः (जितनी थालियां हों उतने ब्राह्मणोंको बुलाओ), जीवनपर्यन्त यावज्जीवम्, विधिमनतिक्रम्य यथाविधि, गङ्गायाः पारे पारेगङ्गम् पारेगङ्गात्, गङ्गाया मध्ये मध्येगङ्ग मध्येगङ्गात् (पार तथा मध्य का पारे तथा मध्ये होता है और समास पञ्चमीके रूपमें भी प्रयोग किया जाता है), दिने दिने प्रतिदिनम्, तृणमप्यपरित्यज्य सतृणम् (जैसे सतृणमत्ति), अक्ष्णः परं परोक्षम् (पर को परः), अक्षं प्रति प्रत्यक्षम्, रूपस्य योग्यमनुरूपम्, 'हरेः पश्चादनुहरि, ज्येष्ठानुक्रमेण अनुज्येष्ठम्, हिमाचलमारभ्य आहिमाचलम् आहिमाचलात्, सेतुपर्यन्तम् आसेतु आसेतोर्वा, मक्षिकाणामभावो निर्मक्षिकम् ("कृतं त्वया साम्प्रतं निर्मक्षिकम्'—तुमने अब यहांसे सबको हटा दिया है, तुमने इस स्थानको मक्खीसे भी शून्य कर दिया है।)

समासान्त प्रत्यय—आत्मानमधिकृत्येति अध्यात्मम्, अहनि अहनि इति प्रत्यहं प्रत्यहः वा—अव्ययीभावमें शब्दके अन्तिम अन् का लोप होता है और उसको अ लगाया जाता है। यदि वह अन्नन्त शब्द नपुंसक हो तो ये परिवर्तन विकल्पसे होते हैं।

तत्पुरुष —

द्विजायायं द्विजार्थ ओदन, द्विजायेयं द्विजार्था यवागू, द्विजायेदं द्विजार्थं पयः —

चतुर्थीतत्पुरुष चतुर्थ्यन्त पद तथा अर्थशब्दका होता है, और समासको विशेष्यका लिङ्ग, वचन, तथा विभक्ति होती है। इसको नित्य समास कहते हैं। खट्वारूढ का अर्थ है जाल्म या नीच, इसका विग्रह वाक्य नहीं किया जा सकता। इसीलिये इसको नित्यसमास कहते हैं। विद्यार्थी को जमीनपर सोना चाहिये। यदि वह खटियापर सोवे तो वह खट्वारूढ अर्थात् अविनीत कहा जाता है। खट्वारूढ से यह अर्थ नहीं निकलता। अर्थ शब्द लगाकर द्विजार्थ का विग्रहवाक्य नहीं किया जा सकता। इसलिये यह नित्यसमास है। वह समास जिसका विग्रह ही न हो सके, या समास के पदोंको अलग वाक्य बनाकर नहीं दिखाया जा सके उसको नित्यसमास कहते हैं। अधिहरि, प्रतिदिनम्, इत्यादि सब नित्यसमास हैं। इस प्रकार—अविग्रहोऽस्वपदविग्रहो वा नित्यसमासः।

अश्वघास —अश्वस्य घासः, रन्धनस्थाली—रन्धनस्य स्थाली। ये षष्ठी तत्पुरुष समास हैं। यूपाय दारु यूपदारु—यह तभी होता है जब प्रकृतिविकृतिभाव हो। यूपदारुमें दारु प्रकृति या मूल कारण है और यूप विकृति या उससे बनी हुई वस्तु है। इस प्रकारका सम्बन्ध अश्व और घासमें नहीं है, और न रन्धन और स्थाली में, इस लिये अश्वघास, रन्धनस्थाली इत्यादि षष्ठीतत्पुरुष समास हैं, चतुर्थीतत्पुरुष नहीं।

पुरुषोत्तम —पुरुषेषु उत्तम, नृषु श्रेष्ठ नृश्रेष्ठ द्विजेषु वर द्विजवर द्विजेषु सत्तमः द्विजसत्तम —

पुरुषाणामुत्तम या पुरुषेषु उत्तम, नृणामुत्तम अथवा नृषु उत्तम ये दोनों प्रयोग शुद्ध हैं। ऐसी जगहपर षष्ठी तथा सप्तमी निर्धारणषष्ठी तथा निर्धारणसप्तमी कहाती है, क्योंकि एक व्यक्ति गुणके निमित्त जाति

(वर्ग) से अलग की जाती है, (निर्धारण=निश्चय) और निश्चित की जाती है। निर्धारणषष्ठीका समास निषिद्ध है। इसलिये इस अर्थमें जहां समास हो उसको सप्त० तत्पु० समझना चाहिये, षष्ठी तत्पु० नहीं।

एकदेशिसमास वा अवयविसमास—पूर्वं कायस्य पूर्वकायः, अपरं कायस्य अपरकायः, मध्यं रात्रेः मध्यरात्रः, मध्यमह्नः (अह्नः का मध्य भाग) मध्याह्नः, सायमह्नः सायाह्नः—

यह अवयव तथा समुदायका समास है। एकदेशका अर्थ है अवयव, तथा एकदेशीका अर्थ है अवयवी—समुदाय।

कर्मधारय—पूर्वं स्नातः पश्चादनुलिप्तः स्नातानुलिप्तः (पहिले नहा चुका फिर चन्दन लगा चुका)

मेघ इव श्यामो मेघश्यामः, चन्द्र इव सुन्दरं चन्द्रसुन्दरम्, सप्त च ते ऋषयश्च सप्तर्षयः (संख्यावाचक), शीतं च तदुष्णं च शीतोष्णम् (विशेषण समास), पुरुषो व्याघ्र इव पुरुषव्याघ्रः, वदनं कमलमिव वदनकमलम् (उपमितसमास, क्योंकि पुरुष वदनम् इत्यादि उपमित वा उपमेय अर्थात् सादृश्यका विषय है)। पुरुषो व्याघ्र इव शूरः—यहां समास नहीं होता। साधारण धर्मका प्रयोग हो वहां समास निषिद्ध है।

नञ्तत्पुरुष—न ब्राह्मणः अब्राह्मणः

द्विगु—त्रयाणां लोकानां समाहारस्त्रिलोकी, पञ्चानां पात्राणां समाहारः पञ्चपात्रम्, अष्टानामध्यायानां समाहारोऽष्टाध्यायी, चतुर्णां मूर्तीनां समाहारश्चतुर्मूर्ती—

ये समाहारद्विगुके उदाहरण हैं। समाहारका अर्थ है समुदाय। अकारान्त समाहारद्विगु स्त्रीलिङ्गमें होता है। समासके अन्तिम अ का लोप होता है और उसकी जगह ई होता है।

मासो जातस्य मासजातः, एवं संवत्सरजातः—ये तत्पुरुष कहाते हैं।

समास (संज्ञावाचक), यथा शालाया भद्र भौमशाल (यहाँ तद्धित प्रत्यय भी लगा है)—जिन शब्दोंका तथा शब्दावयवोंका सभी समास होता है जब समासमें समासका भाग हो, या जब समासको बाद तद्धित प्रत्यय लगाया जाय।

उपपदसमास—कुम्भं करोतीति कुम्भकार। सर्वं जानातीति सर्वज्ञ।

प्रादिसमास—अतिक्रान्त इन्द्रियाणि अतीन्द्रिय, निष्क्रान्त कौशाम्ब्या निष्कौशाम्बि, शोभन मित्र सुमित्रम्, कुत्सित मित्र कुमित्रम्, प्रकृष्ट तनु प्रतनु।

मध्यमपदलोपी—शाकप्रिय पार्थिव शाकपार्थिव, देवपूजको ब्राह्मण देवब्राह्मण।

मयूरव्यंसकादि—कुछ अनियत समास इस वर्गमें आते हैं जो तत्पुरुष कहाते हैं।

मयूरो व्यंसक (धूर्त) मयूरव्यंसक, अन्यमेव अन्यमेव वदन अन्यन्तम्, अन्यो राजा राजान्तरम्, चिन्त्र चिन्मात्रम्, नास्ति कुतोऽपि भयं यस्य स अकुतोभय। उच्च च अवाक् च उच्चावचम् (विविध), नास्ति किंचन यस्य सोऽकिंचन। यद्यपि अकुतोभय और अकिञ्चन अर्थमें बहुव्रीहि हैं, तथापि इनकी गणना तत्पुरुषमें है।

तत्पुरुष समासमें प्राय उत्तरपदका अर्थ प्रधान रहता है।

बाधक—पूर्वकाय, ग्रामणीयिक (ग्रामो जीवको ग्रामजीविक) आपन्नजीविक (आपन्नो जीविकाम्)।

समासान्तप्रत्यय—अङ्गानां राजा अङ्गराज, परमश्चासौ राजा च परमराज, महांश्चासौ राजा च महाराज, महान् अहुर्यस्य स महा अहु, महतां सेवा महत्सेवा, प्राचा सखा प्राचीसख, पुण्य च तदहश्च पुण्याहम्—(१) तत्पुरुषके अन्तमें रहनेवाले राजन्, अहन्, तथा सखि शब्दके अन्तिम स्वरका या उपान्त्य स्वरके साथ अन्तिम व्यञ्जन

का लोप होता है और उसको अ लगाया जाता है, अर्थात् वे रात्र, अह, तथा अह्न में अन्त होते हैं। (२) कर्मधारय तथा बहुव्रीहिमें महत् को महा होता है, पर तत्पुरुषमें नहीं।

मध्यं रात्रेः मध्यरात्रः, अतिक्रान्तो रात्रिमतिरात्रः (प्रादि स०), मध्यमह्नः मध्याह्नः, पूर्वमह्नः पूर्वाह्णः, अपरमह्नः अपराह्णः, सायमह्नः सायाह्नः, पुण्यं च तदहश्च पुण्याहम्, द्वयोरह्नोः समाहारो द्व्यहः, नवानां रात्रीणां समाहारो नवरात्रम्, अहश्च रात्रिश्चाहोरात्रः, द्वन्द्व—

(३) अहन्, सर्व, एकदेशवाचक—जैसे पूर्व, अपर, तथा मध्य,—संख्यात पुण्य संख्यावाचक तथा, अव्यय पूर्व रहनेपर रात्रिका रात्र होता है, और इन्हीं अवस्थाओंमें अर्थात् सर्व इत्यादि शब्द पूर्व रहनेपर अहन् को अह्न होता है, परन्तु पुण्य, सुदिन अथवा संख्यावाचक पूर्व होनेपर अहन् को अह होता है। (४) रात्र, अह्न, तथा अह शब्दान्त द्वन्द्व और तत्पु० पुंल्लिङ्गमें होते हैं, परन्तु संख्यावाचक पूर्व होनेपर रात्र, तथा पुण्य, सुदिन पूर्व होनेपर अह को नपुंसक लिङ्ग होता है।

(५) इक्षूणां छाया इक्षुच्छायम्—घनी छाया' इस अर्थमें छाया-शब्दान्त तत्पु० नपुंसकमें होता है।

द्वयो राज्ञोः समाहारः द्विराजम्, पञ्चानां राज्ञां समाहारः पञ्चराजम्, पञ्चभिर्गोभिः क्रीतः पञ्चगुः, द्वाभ्यां गोभ्यां क्रीतः द्विगुः।

(६) गोशब्दान्त तत्पुरुषको अ लगाया जाता है पर जब इसको लगे हुए तद्धित प्रत्ययका लोप हुआ हो तो अ नहीं लगता।

कुत्सितो राजा किंराजा, कुत्सितः सखा किंसखा ("स किंसखा शास्ति न यो नराधिपम्"), शोभनो राजा सुराजा, अतिक्रान्तो राजा अतिराजा—

(७) निन्दार्थक किम् तथा प्रशंसार्थक सु और अति पूर्वपद हों तो समासान्त प्रत्यय नहीं होते।

अन्यस्मिञ्जन्मनि न कृतमवश्यं कर्माशाम्यापि । जन्मान्तरकृतं हि कर्म फलमुपनयति पुरुषस्येह जन्मनि ।

किमतु कियन्त्येवापचे वस्तुनि । मुच्यतां शोकानुबन्धः । एतद्धेतुदर्शनं स्मरन कीदृशो मे दुःखानुबन्ध इति जानासि ।

परं हि दैवतमपत्यम् । यत्नेनाराधिता यथाधर्मोचितफलाः दुर्लभानामपि वराणां दातारो भवन्ति ।

प्रायशः कारणमितृणाञ्जलिकल्पाणि च वशा भवन्ति सदा पतीनां ।

स्निग्धस्येषमतिकष्टा दशा उसत । तथा हि रविरम्बरतलमध्यवर्ती स्फुरन्तमातपमनवरतमनलधूलिनिकरमिव विकिरति करैः । अधिकामुपजनयति तृषाम् । सन्तप्तपांसुपटलदुर्गमा भूः । अतिप्रबलपिपासाजर्जराणि गात्राणि अपि मे नातिसमर्थानि । अप्रभुरस्म्यात्मनः । सीदति मे हृदयम् । अन्धकारतामुपयाति चक्षुः । अपि नाम खलो विधिरनिच्छतोऽपि मे मरणमद्यैवोपपादयेत् ।

ज्ञाने मौनं क्षमा शक्तौ त्यागे श्लाघाविपर्ययः ।
गुणा गुणानुबन्धित्वात्तस्य सप्रसवा इव ॥

कुलेन कान्त्या वयसा नवेन
गुणैश्च तैस्तैर्विनयप्रधानैः ।
त्वमात्मनस्तुल्यममुं वृणीष्व
रत्नं समागच्छतु काञ्चनेन ॥

शरणं करवाणि शर्मदं ते
चरणं वाणि चराचरोपजीव्यम् ।
करुणामसृणैः कटाक्षपातैः
कुरु मामम्ब कृतार्थसार्थवाहम् ॥

इस गांवका रहनेवाला कोई ब्राह्मण स्नानसन्ध्याके लिये दूसरे गांव गया।

चाण्डालको अपने किये हुए पापका विचार जन्मभर दुःख देता है।

द्वारकाद्वीप समुद्रके बीचमें है।

गर्मी तथा प्यासका सताया मैं एक पग भी नहीं चल सकता।

मेरा शरीर दिन २ क्षीण हो रहा है। कदाचित् मेरी इच्छा न रहनेपर भी यम मेरे प्राण लेंगे।

यद्यपि वह निर्धन था तो भी बड़ा उदार था, अथवा इसमें आश्चर्य क्या है? क्योंकि वह दयालु था।

वह सब अध्यापकोंमें उत्तम था, उसके विद्यार्थी उसको पिताके समान मानते थे।

और तुम अधिक काम करोगे और तुम्हारा नाम होगा।

संज्ञाशब्द।

अङ्गक (अङ्ग+क एक प्रत्यय जो कोमलताके अर्थमें आता है) न—कोमल अङ्ग

अनल (अनल) पु—अग्नि

अनुबन्ध (अनुबन्ध) पु—१ बन्धन, सातत्य, २ प्रेम

[1]अम्बा (स्त्री)—माता

अम्बर (अम्बरम्) न आकाश

आतप (आतप) पु—गर्मी

कटाक्ष (कटाक्ष) पु—चितवन

कर (कर) पु—किरण

काञ्चन (काञ्चनम्) न—सुवर्ण

गुणानुबन्धित्व (न गुण पु—अनुबन्ध-पु बन्धन, सातत्य)—गुणोंका लगातार रहना

तल (तलम्) न—तल

तृषा (स्त्री)—प्यास

त्याग (त्याग) पु—दान

१। सं ए व द्वि वच पर अम्बिका नियत है हे अम्बिके।

दैवत (दैवतम्) न—देवता
धूलि—तथा धूली (स्त्री)—धूल
निकर (निकर) पु—समूह
पटल (पटलम्) न—राशि, समूह
पांसु (पु)—धूलि
पात (पात) पु—गिरना
पिपासा (स्त्री)—प्यास
प्रभव (प्रभव) पु—जन्म

मौन (मौनम्) न—चुप रहना
वर (वर) पु—वर
विपर्यय (विपर्यय) पु—वैपरीत्य, विरोध
श्लाघा (स्त्री)—स्तुति
साधुवाद (साधुवाद) पु—समुदाय का अनुवाद

विशेषण।

अजर—अचल
अतिकष्ट—अतिदुःखदायी
अतिप्रबल—अतिबली
अप्रभु—असमर्थ
अवदात (अव+दै—भ्वा पर +त) —शुद्ध, पवित्र
अवसन्न (अव+सद् [सीद्] भ्वा पर +त)—डूबता हुआ, —झुका हुआ
आयत्त (आ+यत् भ्वा आ +त) अधीन
आराधित (आ+राध् चु पर +त) पूजित

आढ्य—मोटा
उपजीव्य (उप+जीव्—भ्वा पर + य)—आश्रय
कामद—सब मनोरथोंको पूर्ण करनेवाला
कृतार्थ—कृतकृत्य
चर—चल
दुर्गम—पार करनेमें कठिन
मसृण—कोमल
सन्तप्त (सम्+तप्—भ्वा पर +त) —गरम
समीहित (सम्+ईह—भ्वा आ +त)—इष्ट

धातु।

उप+जन् (णिच् उपजनयति)—उत्पन्न करना

उप+नी (उपनयति—भ्वा पर)—लाना, उत्पन्न करना

उप+पद् (प्रे उपपादयति)—उत्पन्न करना

उप+या (उपयाति—अ पर)—समीप जाना, पाना

वि+कॄ (विकिरति—तु पर)—बिखेरना

मज्ज् (मज्जति भ्वा पर)—झुकना, डूबना

सम्+आ+गम् (समागच्छति भ्वा पर)—मिलना

अव्यय ।

अनवरतम् (अन्+अव+रम्+त) निरन्तर

अपि नाम—सम्भव है, जैसा मैं चाहता हूं।

(यह सम्भव तथा इच्छा का बोध कराता है।)

अलम्—समर्थ

अल्प—थोड़ा

पाठ २३ ।

बहुव्रीहि तथा द्वन्द्व समास ।

बहुव्रीहि—प्राप्तमुदकं यं स प्राप्तोदको ग्रामः, वीराः पुरुषाः यस्मिन् स वीरपुरुषको ग्रामः, पीतमम्बरं यस्य स पीताम्बरो हरिः। (इनमें समासके पद समानाधिकरण अथवा एक विभक्तिमें होते हैं) इस समासमें दो या अधिक पद होते और वे समानाधिकरण रहते हैं।

व्यधिकरण बहुव्रीहि—असिः पाणौ यस्य स असिपाणिः, दण्डः पाणौ यस्य स दण्डपाणिः। इस बहुव्रीहिमें पद समानाधिकरण नहीं हैं। इस प्रकारका समास कहीं २ होता है, सर्वत्र नहीं।

तद्गुणसंविज्ञान तथा अतद्गुणसंविज्ञान—इसे लोग कहते हैं—लम्बकर्णमानय जब लम्बकर्ण (लम्बौ कर्णौ यस्य स, अमुक व्यक्ति) अथवा गन्दा [illegible] । उसके साथ कान भी उसके साथ आते हैं।

इस प्रकार उसके गुणकी—रवि कानकी—पहिचान (सविज्ञान) है। इस लिये यह तद्गुणसंविज्ञान बहुव्रीहि हुआ। जब हम लोग कहते हैं—दृष्टसागरमानय (दृष्टः सागरो येन स दृष्टसागरस्तं दृष्टसागरम्), तो यहाँ गुणकी कोई पहिचान नहीं है—इस लिये यह अतद्गुणसंविज्ञान बहुव्रीहि हुआ।

सीतया सह वर्तमानो—सः वर्तमान ससीत सहसीतो वा (सह को विकल्पसे स होता है) उत्तरस्याः पूर्वस्याः दिशोऽन्तरालं सा उत्तरपूर्वा, दक्षिणस्याः पूर्वस्याः अन्तरालं दक्षिणपूर्वा—इस प्रकारके समास बहुव्रीहि कहाते हैं।

वक्तुं कामो यस्य स वक्तुकाम, गन्तुं मनो यस्य स गन्तुमना (काम और मनस् आगे रहनेपर तुम्का म् का लोप होता है।)

आहित अग्निर्येन स आहिताग्नि अग्न्याहितो वा, प्रभि उदाती येन स अभ्युदात्त (कहीं २ समानाधिकरण उत्तरपद भी होता है)।

बहुव्रीहि समासमें प्रायः अन्यपदार्थ प्रधान रहता है।

साधक—द्वित्रा (द्वौ वा त्रयो वा) इत्यादि। इसमें समासके दोनों पदोंके अर्थ प्रधान हैं।

समासान्त प्रत्यय—सस्त्रीक, सवधूक, बहुकर्तृक—(१) यदि बहुव्रीहिका उत्तरपद ऋकारान्त दीर्घ ई या ऊकारान्त स्त्रीलिङ्ग हो तो समासको क लगता है। सनामकम्, अकमकम्—(२) प्रायः बहुव्रीहि समासके अन्तमें क लगता है।

एको वा द्वौ वा एकद्वा, द्वौ वा त्रयो वा द्वित्रा, त्रयो वा चतुरो वा त्रिचतुरा, चत्वारो वा पञ्च वा चतुष्पञ्चा, पञ्च वा षड् वा पञ्चषा, दशानां समीपे ये सन्ति ते उपदशा, द्विरावृत्ता वा दश द्विदशा, त्रिंशतोऽधिका अधिकत्रिंशा, आसन्नविंशा, अदूरपञ्चाशा, अधिकचत्वारिंशा—(३) संख्यावाचकका संख्यावाचकके साथ, अव्ययके साथ,

आसन्न, अदूर, या अधिकके साथ समास बहुव्रीहि समास है। इसमें अन्तिम स्वर या उपान्त्य स्वरके साथ अन्तिम व्यञ्जनका लोप होता और डच् प्र लगता है। त्रिंशतिके ति का लोप होता है और चतुर् में अ लगता है।

केशेषु केशेषु गृहीत्वा युद्धं प्रवृत्तमिति केशाकेशि, दण्डैश्च दण्डैश्च प्रहृत्य युद्धं प्रवृत्तमिति दण्डादण्डि, मुष्टीमुष्टि—(४) ऐसे समासों की गणना बहुव्रीहिमें होती है। इसमें पूर्वपदके अन्तिम स्वरको दीर्घ होता है और समासके अन्तमें इ लगता है। यह समास अव्यय है और क्रियाकी पुनरुक्ति (कर्मव्यतिहार) का बोध कराता है।

कमले इवाक्षिणी यस्य सः कमलाक्ष, हरिणस्य अक्षिणी इव अक्षिणी यस्याः सा हरिणाक्षी—(५) बहुव्रीहिके अन्तमें अक्षिको अक्ष होता है (स्त्री अक्षी)।

नास्ति प्रज्ञा यस्य सः अप्रज्ञा, दुष्टा मेधा यस्य सः दुर्मेधा, शोभना प्रज्ञा यस्य सः सुप्रज्ञा —(६) नञ् (अ), दुस्, तथा सु पूर्व रहनेपर प्रज्ञा तथा मेधाको प्रज्ञस् तथा मेधस् होता है।

सीता जाया यस्य सः सीताजानि —(७) बहुव्रीहिके अन्तमें जायाको जानि होता है।

ज्यामधिरूढमधिज्यम्। अधिज्यं धनुर्यस्य सः अधिज्यधन्वा (जिसके धनुषपर प्रत्यञ्चा या डोरी चढ़ी हुई है)—(८) बहुव्रीहिके अन्तमें धनुस्को धन्वन् होता है।

शोभनौ पादौ यस्य सः सुपाद्, द्वौ पादौ यस्य सः द्विपाद्—(९) सु या संख्यावाचक पूर्व होनेपर पादको पाद् होता है। चतुष्पदः—द्वि ब व, चतुष्पदाम्—ष ब व।

शोभनो गन्धो यस्य सः सुगन्धि, उद्गतो गन्धो यस्य सः उद्गन्धि, सुरभिगन्धो यस्य सः सुरभिगन्धि, पद्मस्येव गन्धो यस्य सः पद्मगन्धि —

(१०) उत्, पूति, सु, सुरभि एवं इनमेंसे, वा इनमें समास आनेपर अन्तमें हो, बहुव्रीहि समासके अन्तिम 'गन्ध'को 'गन्धि' होता है।

द्वन्द्व—यह दो प्रकारका होता है, इतरेतरद्वन्द्व और समाहारद्वन्द्व। रामलक्ष्मणौ, हरिहरौ, युधिष्ठिरार्जुनौ, इत्यादि इतरेतरद्वन्द्वके उदाहरण हैं।

पाणिपादम् (पाणी च पादौ च तेषां समाहारः), रथिकाश्वारोहम्, मार्दङ्गिकपाणविकम्, यूकालिक्षम्, अहिनकुलम् इत्यादि समाहारद्वन्द्वके उदाहरण हैं। शरीरावयववाचकोंका, सेनाके अवयववाचक, या वाद्य (बाजा) वाचकोंका, क्षुद्रजन्तुवाचकोंका, अथवा स्वाभाविक विरोध रखनेवाले प्राणिवाचकोंका समास समाहारद्वन्द्व है। ऐसे स्थानपर इतरेतर द्वन्द्व नहीं आता। पाणिपादौ नहीं होगा।

देवताद्वन्द्व—मित्रश्च वरुणश्च मित्रावरुणौ, सूर्यश्च चन्द्रमाश्च सूर्याचन्द्रमसौ, अग्नीषोमौ, अग्नीवरुणौ (पूर्वपदके अन्तिम स्वरको दीर्घ होता है)।

इतरेतरद्वन्द्वमें दोनों पदोंके अर्थोंकी प्रधानता रहती है, पर समाहारद्वन्द्वमें समुदाय प्रधान रहता है।

एकशेष—माता च पिता च पितरौ, भ्राता च स्वसा च भ्रातरौ, पुत्रश्च दुहिता च पुत्रौ, हंसी च हंसश्च हंसौ, श्वश्रूश्च श्वशुरश्च श्वशुरौ।

अलुक्समास—युधिष्ठिर, परस्मैपद, आत्मनेपद, विशांपति, वाचंयम इत्यादि।

स्वर्गस्य पन्थाः स्वर्गपथः, रम्यः पन्था यस्य स रम्यपथो देशः (समासके अन्तमें पथिन्‌को पथ होता है), विष्णोः पूः विष्णुपुरम्, राज्यस्य धूः राज्यधुरा (पुर् तथा धुर्को अ लगता है)।

पृषोदरादि—पृषत् (बूंदका) उदर पृषोदरम् या पृषत् उदरं यस्य तत् पृषोदरम् (पवन), मनस ईषिणः (विचार करनेवाले)

मनीषिण (पण्डित), वारीणां वाहक बलाहक (मेघ)—कुछ समासोंमें पूर्वपदके कुछ अक्षरोंका लोप होता है। ऐसे अनियत समासों-का इस गणमें समावेश होता है।

सुप्सुप्समास—पूर्व भूत भूतपूर्व, पूर्व दृष्ट दृष्टपूर्व—यह ऐसा समास है जिसकी गणना अव्ययीभाव०, तत्पु०, बहु०, या द्वन्द्वमें नहीं हो सकती। इसमें एक सुबन्त (जिसके अन्तमें सुप् अर्थात् विभक्ति हो) का दूसरे सुबन्तके साथ समास होता है।

सन्देहदोलाधिरूढं मे चेतः।

न शक्नोमि भवन्तं विना क्षणमप्यवस्थातुमेकाकी। कथमपरिचित इवादृष्टपूर्व इवाद्य मामेकपदे उत्सृज्य प्रयासि!

सखे! नैतदनुरूपं भवतः। क्षुद्रजनसुलभा एव मायाः। धैर्यधना हि साधवः। किं च कश्चन प्राकृत इव विक्लवीभवन्तमात्मानं न लज्जसे?

अहह! दुःश्रवमप्रियं खल्वसौ कथोद्घातः।

किमपि वक्तुकामोऽस्मि।

सखे! कथय किमप्यन्यचेतसा मया नावधारितं किमनयोक्तमिति।

अन्तरेणापि शब्दप्रयोगं बहवोऽर्था गम्यन्तेऽक्षिनिकोचैः पाणिविहारैश्च।

यथा कश्चिदाश्वभिधायी भवति। आशु वर्णानभिधत्ते। कश्चिच्चिरेण। कश्चिच्चिरतरेण। तद्यथा। तमेवाध्वानं कश्चिदाशु गच्छति। कश्चिच्चिरेण गच्छति। कश्चिच्चिरतरेण गच्छति। रथिक आशु गच्छत्यश्वश्चिरेण पदातिश्चिरतरेण।

गुरुवदस्मिन् गुरुपुत्रे वर्तितव्यमन्यत्रोच्छिष्टभोजनात् पादोपसंग्रहणाच्च। यदि च गुरुपुत्रोऽपि गुरुर्भवति तदपि कर्तव्यं भवति।

अतिमहदिदमाश्चर्यमाख्यातव्यम्। अवधेयमहः। प्रत्यायीन्ति च न जानथ। तदुत्तिष्ठन्तु भवन्तः। सर्व एवाचरन्तु यथोचितं क्रियाः

व्यापारम् । [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ८।२
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] मधुनि ।

[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ।
[illegible] [illegible] [illegible] ॥
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible]—

[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ।
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ॥

[illegible] [illegible] [illegible] ।
[illegible] [illegible] [illegible] [illegible] ॥

वाह ! समुद्रके बीच यह द्वीप कैसा सुन्दर है !

आप यहां तीन या चार दिन ठहरें । इतने अवसरमें मैं आपका कार्य सिद्ध करनेका यत्न करूंगा ।

दीनोंकी रक्षा करना आपको उचित ही है, क्यों कि आप अपने पूर्व पुरुषोंके कामका अनुकरण करते हैं ।

अरे ! यह अंधेरा हो गया ! मुझे शीघ्र उठना चाहिये । अथवा मैं शीघ्र उठकर क्या करूंगा ? मेरे हाथपैर तो चलते नहीं ।

मृगया (शिकार) से लौटे हुए राजाने गोदावरीके तटपर विश्राम किया और तरंगोंसे आनेवाले मन्दपवनसे उसकी थकावट मिट गयी ।

मेरा मन दूसरी ओर लगा था, इसलिये मैंने तुम्हारी कही हुई बात न सुनी ।

वह मित्र, जो राजाको अच्छी सलाह नहीं देता, खराब मित्र है ।

आज वह गाय, जिसके थनपर डाली बंधी हुई थी, जिसके सुन्दर सींग थे तथा काली चोटी थी [illegible] उतरा, उसको सब [illegible] [illegible] [illegible] [illegible] आये ।

संज्ञाशब्द।

अर्णव (अर्णव) पुं—समुद्र
आगम (आगम) पुं—शास्त्र, वेद
उपसङ्क्रमण (उपसङ्क्रमण) न—धीरे२ चलाना
ओघ (ओघ) पु—समूह
कथोद्घात (कथोद्घात) पुं—कथाका आरम्भ
कपाट (कपाट) पु—कपाटक देशका चाबी
दोला (स्त्री)—झूला
निकोच (निकोच) पु—सकोच
पदाति (पु)—पैदल सवार
रथिक (रथिक) पु—रथारूढ़
विहार (विहार) पु—क्रीड़ा, टहलना
व्यापार (व्यापार) पु—काम
सम्भूति (स्त्री)—जन्म

विशेषण।

अधिरूढ़ (अधि+रुह्+त)—चढ़ा हुआ
अनुरूप—योग्य
अवधारित (अव+धृ—णिच् पर+त)—विचारित
उच्छिष्ट (उत्+शिष क पर+त)—जूठा
एकाकिन्—अकेला
जाह्नवीय—गङ्गाका
दुरासद—कठिनाईसे पाने योग्य
प्राकृत—मामूली
मर्मच्छिद् (मर्मन् छिद्)—मर्मस्थानको काटनेवाला
[1]विह्वलीभवत्—व्याकुल होता हुआ
क्षुण्ण (क्षुद् क्त पर+त)—कुचला गया हुआ
क्षुद्र—नन्हा

१। न विह्वल विह्वल यथा सम्पद्यते तथा भवतीयम —अर्थ [illegible] भाव अर्थ है। इस अर्थमें [illegible] लगाया जाता है और उसके बाद [illegible] भू, भवत् के रूप [illegible]

धातु।

आ + विद् (प्रे॰)—कहना, निवेदन करना | (इति भ्वा॰ पर॰)—पास आना
प्रति + आ + गम् [गौण] प्रत्यागतो | प्र + या (प्रयाति—अ॰ प॰)—आना

अव्यय।

अहह—आः (आश्चर्य दिखाता है।), डरा हुआ वा आश्चर्ययुक्त
आशु—शीघ्र | पार्श्वम् (पार्श्व पु॰, न॰)—एक तरफ
एकपदे—एकाएक | प्रभृति—आरम्भ कर
चकितम् (चक् भ्वा॰ आत्म॰ + त)

पाठ २४।

कारक।

कारकोंके अर्थ इसी पाठमें दिये गये हैं। विशेष धातुओं और उपसर्गोंके योगमें उनके प्रयोग शब्दरूपों तथा टिप्पणियोंमें कहे गये हैं। विद्यार्थियोंके सुभीतेके लिये इस पाठमें विस्तारसे उनका वर्णन किया जाता है।

षष्ठीको छोड़ और सब विभक्तियाँ कारकविभक्तियाँ कहाती हैं, क्योंकि ये क्रियाके साथ अन्वित होती हैं। षष्ठी इस प्रकार क्रियाके साथ अन्वित नहीं होती। यह विशेषणके अर्थमें आती है और विशेषण विभक्ति कहाती है।

प्रथमा—यह नाम की विभक्ति है। इसका अर्थ नाम अथवा प्रातिपदिक है। कर्तरि प्रयोगमें कर्ताके अर्थका क्रियासे बोध होता है। इस लिये प्रथमान्त, यद्यपि वह कर्ता हो, कर्ताके अर्थमें नहीं कहा जाता क्योंकि कर्ता अभिहित अर्थात् क्रियासे बोधित है।

अधोलिखित प्रथमाके अर्थ हैं—

१। माणवक पुस्तकं लिखति—प्रातिपदिकार्थ, मात्राय, या निर्देशार्थ। यह कर्तरि प्रयोग है और कर्ता क्रियासे उक्त है।

२। द्रोणो व्रीहिः—परिमाण यहां द्रोणका अर्थ है द्रोणपरिच्छिन्न द्रोणात्मक परिमाणसे नपा हुआ।

३। रे देवदत्त—सम्बोधन।

द्वितीया—इसका अर्थ है अनभिहित कर्म। कर्मणि प्रयोगमें कर्मका अर्थ क्रियासे अभिहित होता है। इसलिये कर्म प्रथमान्त होता है।

१। माणवको ग्रन्थं लिखति—यह कर्तरि प्रयोग है। यहां कर्मका क्रियासे बोध नहीं होता और इस प्रकार वह अनभिहित है। इसलिये द्वितीया हुई। माणवकेन ग्रन्थो लिख्यते—यह कर्मणि प्रयोग है और कर्म 'लिख्यते' से अभिहित है, द्वितीयासे इसका बोध नहीं होता। इसलिये प्रातिपदिक अर्थमें 'ग्रन्थ' से प्रथमा हुई।

विषवृक्षोऽपि संवर्ध्य स्वयं छेत्तुमसाम्प्रतम्—यहां असाम्प्रतम् इस अव्यय से कर्मका बोध होता है क्योंकि इसका अर्थ न युक्तं (योग्य नहीं है) है। इसलिये विषवृक्षसे प्रथमा हुई।

स्वयमेव दृश्यन्ते कुटुम्बलोकाः—यह कर्मकर्तरिप्रयोग कहाता है। यहां लोक कर्ता भी है और कर्म भी। इसका अर्थ है—लोग और किसीसे देखे नहीं जाते, वे स्वयं अपनेहीसे देखे जाते हैं।

२। दुह्, याच्, इत्यादि द्विकर्मक धातु हैं। (१०६ व टिप्पणी देखो) इन धातुओंके अर्थके दूसरे धातु द्विकर्मक होते हैं।

गां दोग्धि पयः, बलिं याचते वसुधाम्, माणवकं मार्गं पृच्छति, पौरवं गां भिक्षते याचते वा, पुत्रं धर्मं ब्रूते अनुशास्ति वा, वृक्षमवचिनोति फलानि, अजां ग्रामं नयति हरति वहति कर्षति वा तण्डुलानोदनं पचति, व्रज मुष्णाति देवदत्तम्, इत्यादि।

इन उदाहरणोंमें एक प्रधानकर्म है, दूसरा गौण कर्म। पय, गाम्, मासम् गाम् धनम् फलानि, अजाम्, भारम् और शतम् क्रमसे प्रधान कर्म हैं, इतर कर्म गौणकर्म हैं।

गां दोग्धि पय—गाय दुहता पय, वृक्षमवचिनोति फलानि—वृक्षसे फल चुनता है, अजां ग्रामं नयति—अजा ग्रामको ले जाता—

३। नी, हृ, कृष, तथा वह्के कर्मणि प्रयोगमें प्रधान कर्म, और इतर दुहादि धातुओंके कर्मणि प्रयोगमें गौणकर्म क्रियासे अभिहित होता है, इसलिये वह प्रथमान्त रहता है और दूसरा कर्म द्वितीयान्त।

प्रेरणार्थक प्रयोगोंके नियम हैं —

हरिः पुस्तकं पठति (अण्यन्तावस्था, णिच् या णि प्रेरणार्थक प्रत्यय है, ण्यन्तावस्था=प्रेरणार्थक प्रयोग और अण्यन्तावस्था=अप्रेरणार्थक प्रयोग)।

माधवः हरिं पुस्तकं पाठयति—ण्यन्तावस्था अथवा प्रेरणार्थक प्रयोग। माधव प्रेरक कर्ता कहलाता है।

माधवेन हरिः पुस्तकं पाठ्यते—ये कर्मणि प्रयोग।

४। अण्यन्त अवस्थाका कर्ता ण्यन्त अवस्थामें तृतीयान्त होता है।

गच्छति भृत्यो ग्रामम्। गमयति भृत्यं ग्रामं राजा। गम्यते भृत्यो ग्रामं राज्ञा। सुरा अमृतमश्नन्ति। हरिरमरानमृतमाशयति। हरिणा देवा अमृतमाश्यन्ते।

शत्रूनगमयत्स्वर्गं वेदार्थं स्वानवेदयत्।
आशयच्चामृतं देवान् वेदमध्यापयद्विधिम्॥
आसयत्सलिले पृथ्वीं यः स मे श्रीहरिर्गतिः॥

इत्यादि स्मरणम्—

५। गत्यर्थक, ज्ञानार्थक, भक्षणार्थक, तथा ऐसे धातु जिनका कर्म शब्द हो, तथा अकर्मक धातुओं का अण्यन्त दशाका कर्ता ण्यन्त दशामें

द्वितीयान्त होता है, तृतीयान्त नहीं। ऊपर दिये हुए श्लोकोंमें इस नियमके सब उदाहरण हैं। दृश धातुमें भी वैसा ही प्रयोग होता है।

नाययति वाहयति वा भारं भृत्येन। हारयति कारयति वा भृत्यं भृत्येन वा कटम्।—

६। नी तथा वह् धातुका अण्यन्त रचनाका कर्ता ण्यन्त रचनामें तृतीयान्त रहता है, और हृ तथा कृ का अण्यन्त रचनाका कर्ता ण्यन्त रचनामें द्वितीयान्त या तृतीयान्त रहता है।

बोध्यते माणवकं धर्मं, बोध्यते माणवको धर्ममिति वा। भोज्यते ब्राह्मणं ओदनम्, भोज्यते ब्राह्मणोऽन्नम् इति वा। शिष्यो वेदमध्याप्यते, शिष्यं वेदोऽध्याप्यत इति वा।—

७। ज्ञानार्थक, भक्षणार्थक, तथा शब्दकर्मक धातुओंमें ऊपर दिये हुए दोनों प्रकारके प्रयोग होते हैं।

उपवसति—अनुवसति—अधिवसति—आवसति वा वैकुण्ठं हरिः (११९ वें पृष्ठमें टिप्पणी देखो)।

अन्तरा त्वां मां च कमण्डलुः। अन्तरेण हरिं न सुखम् (१५५ वें पृष्ठमें शब्दसंग्रह देखो)।

अधिशेते—अधितिष्ठति—अध्यास्ते वा वैकुण्ठं हरिः (१२९ वें पृष्ठमें टिप्पणी देखो)।

हा कृष्णाभक्तम्। बुभुक्षितं न प्रतिभाति किञ्चित् (हा तथा प्रति के योगमें द्वितीया होती है)।

धिग् जाल्मान्। धिक् कृष्णाभक्तम् (१५४ वें पृष्ठमें शब्दसंग्रह देखो)।

धिगर्थाः कष्टमयाः। धिगियं दरिद्रता। धिङ् मूढ। (इस प्रकार धिक् के योगमें द्वितीया, प्रथमा, तथा सम्बोधन होता है।)

मासमधीते—क्रोशं कुटिला (अत्यन्तसंयोगवाचक)—

८। काल या स्थलकी व्यापकताके अर्थमें द्वितीया होती है।

यह अत्यन्तसंयोग कहाता है। इसका अर्थ क्रियाका काल या स्थानके साथ घना सम्बन्ध है।

तृतीया—यह कर्त्ता या करण अर्थमें होती है।

प्रकृत्या चारु, प्रायेण याज्ञिक, गोत्रेण गार्ग्य, समेनैति (समेन मार्गेणैति), विषमेणैति।

अक्ष्णा काणः। कर्णेन बधिरः। पादेन खञ्जः। पुत्रेण सह सार्धं साकं या समं विना —

१। ऐसे उपलक्षणोंमें तृतीया होती है।

पुस्तकेन दृष्टो हरिः। अध्ययनेन वसति।—

२। यह तृतीया हेतुके अर्थमें है।

अन्न महीपाल तव श्रमेण (अस्मत न किमपि साध्यमित्यर्थ)। अलमतिविस्तरेण। कृतं प्रदर्शनेन।

३। 'अपवर्ग' इस अर्थको प्रकाश करने तथा कालवा दूरताके योगमें तृतीया होती है। यहाँ साधन क्रिया सम्पन्न अर्थात् समाप्त है और फल मिलता करता है।

अह्नाभिलाषेण, इन्द्रियैश्च राजानमपश्यत्, क्रमशस्तुना ज्ञान —

४। यह लक्षणतृतीया कहाती है, क्योंकि यह वस्तुके लक्षणको बताती है।

चतुर्थी—यह सम्प्रदान या तादर्थ्यके अर्थमें होती है (तादर्थ्ये चतुर्थी वाच्या भावप्रत्ययाय)। जिसको कोई वस्तु दी जाय या जिसके सम्बन्धमें कोई क्रिया की जाय वह सम्प्रदान है। जैसे— विप्राय गां ददाति, युद्धाय सन्नह्यते (युद्धके लिये तैयार होता है), गर्गाः करमर्पयति, शिष्याय शास्त्रमुपदिशति गुरु, अतिथये पाद्यमुपनयति।

हरये रोचते भक्ति। यज्ञदत्ताय स्वदतेऽपूप (अपूप = मालपुआ)— यहाँ प्रसन्न होनेवाला (प्रीयमाण) सम्प्रदान है।

हरये क्रुध्यति—कुप्यति—द्रुह्यति—ईर्ष्यति असूयति वा, परन्तु क्रूरमभिक्रुध्यति अभिद्रुह्यति वा—क्रोध, द्रोह (द्वेष), ईर्ष्या, तथा असूया अर्थक धातुओंके योगमें जिसके ऊपर क्रोध इत्यादि हो उसमें चतुर्थी होती है, परन्तु उपसर्गपूर्वक क्रुध् तथा द्रुह् के योगमें द्वितीया होती है।

भक्तिर्ज्ञानाय कल्पते सम्पद्यते जायते वा (६८ वें पृष्ठमें अष्टमपद देखो)।

देवदत्ताय गां प्रतिशृणोति आशृणोति वा (प्रतिज्ञा करता है)।

फलेभ्यो याति (फलान्याहर्तुं यातीत्यर्थ)।

यागाय याति (यष्टुं यातीत्यर्थः)।

नमो भगवते वासुदेवाय। प्रजाभ्यः स्वस्ति। अग्नये स्वाहा। पितृभ्य स्वधा। दैत्येभ्यो हरिरलम् (समर्थ प्रभुर्वा)। वषट् (यह एक शब्द है जो देवताके उद्देश्यसे होम करनेमें प्रयोग किया जाता है) इन्द्राय।

ग्रामं ग्रामाय वा गच्छति—गमनार्थक धातुओंके योगमें द्वितीया वा चतुर्थी होती है, पर पन्थानं गच्छति—जहां जाना हो वह यदि मार्ग हो तो केवल द्वि० होती है, मनसा हरिं व्रजति—यदि वास्तविक गमन वा चलना अर्थ न हो तो केवल द्वि० होती है।

उपपदविभक्ति—नम इत्यादि अव्ययोंके योगमें होनेवाली विभक्ति उपपदविभक्ति कहाती है और इनसे इतर विभक्ति कारकविभक्ति कहाती है। वाक्यमें क्रियापद प्रधान रहता है, इतर पद उपपद वा गौण पद होते हैं। उपपदविभक्तिसे कारकविभक्ति प्रबल होती है (उपपदविभक्तेः कारकविभक्तिर्बलीयसी)। जैसे नृसिंह नमस्करोमि (यहां नम के योगमें चतुर्थी होनी चाहिये और करोमि के योगमें द्वितीया, चतुर्थी उपपदविभक्ति है, और द्वितीया कारकविभक्ति, इसलिये द्वितीया हुई)।

नृसिंहाय नमस्करोमि इत्यादि प्रयोगोंका समाधान, 'फलेभ्यो याति' समान 'नृसिंहमनुकूलं कर्तुं नमस्करोति' ऐसा अर्थ करनेसे होता है।

भक्ताय धारयति मोक्षं हरिः (हरि भक्तका या ऋणी होता है, और भक्त उत्तमर्ण अथवा ऋण देनेवाला)।

पुष्पेभ्यः स्पृहयति, परन्तु यदि इच्छा अत्यन्त प्रबल हो, तो पुष्पाणि स्पृहयति।

न शठाय [illegible]—वे गुरु जिनको भी नहीं समझता।

पञ्चमी—यह अपादान तथा हेतुमें प्रयुक्त होती है। अपादान वह है जिससे कोई वस्तु अलग होता है।

चौराद् बिभेति। चौरात् त्रायते। अध्ययनात् पराजयते (पढ़नेसे भागता है, घबराता है)। यवेभ्यो गां वारयति। मातुर्निलीयते कृष्णः। [illegible] उपाध्यायादधीते। ब्रह्मणः प्रजाः प्रजायन्ते। हिमवतो गङ्गा प्रभवति। तिलेभ्यः प्रतियच्छति माषान्।

पृथग् रामेण रामाद्रामं वा। विना रामेण रामाद्रामं वा।

प्रासादात् प्रेक्षते (प्रासादमारुह्य प्रेक्षते), आसनात् प्रेक्षते (आसने उपविश्य प्रेक्षते), [illegible]।

ग्रामो निकटो दूरो वा कृष्णात्।

आ मुक्तेः संसारः (आ = तक—मर्यादा)। आ [illegible] (आ = से—अभिविधि या आरम्भ)।

भवात् प्रभृति आरभ्य वा सेव्यो हरिः।

ऋते कृष्णात्, ऋते के योगमें पञ्चमी द्वितीया भी होती है ऋतेऽपि त्वां न भविष्यन्ति सर्वे। [illegible] पश्यति। रामादन्यो धनुर्धरो न।

षष्ठी—यह सम्बन्धका बोध कराती है।

किं निमित्तं वसति। केन निमित्तेन [illegible], इत्यादि। निमित्त शब्द तथा इस प्रकार और शब्दोंके योगमें सब विभक्तियाँ होती हैं।

नृणां नृषु वा द्विजः श्रेष्ठः—निर्धारणषष्ठी वा निर्धारणसप्तमी (२२० तथा २२१ का पृष्ठ देखो)।

सत्सु (पुत्रादिषु) सत्सु (पुत्रादिकेषु) वा प्राव्रजत्—यद्यपि पुत्र इत्यादि हो रहे थे तो भी वह सन्यासी हुआ। यह अनादरषष्ठी वा अनादरसप्तमी है। इसका अर्थ है—सन्तं पुत्रादिकमनादृत्य।

मातुः स्मरति बालः। मातरं स्मरति वा। (स्मृ के योगमें षष्ठी वा द्वितीया होती है।)

राज्ञां मतो बुद्धः पूजितो वा। (यहांपर षष्ठी तृतीयाके अर्थमें तथा भूतकृदन्त वर्तमान कृदन्तके अर्थमें है।) "अहमेव मतो महीपतेरिति सर्वः प्रकृतिष्वचिन्तयत्"—रघुवंश—८—८।

तुला सदृशः समो वा कृष्णस्य कृष्णेन वा।

दक्षिणेन वृक्षवाटिकामालाप इव श्रूयते, दक्षिणेन ग्रामं ग्रामस्य वा, उत्तरेण ग्रामं ग्रामस्य वा—दक्षिणेन तथा उत्तरेण एन—प्रत्ययान्त अव्यय हैं और इनके योगमें द्वितीया वा षष्ठी होती है।

सप्तमी—यह आधार वा अधिकरणका बोध कराती है।

गोषु दुह्यमानासु गतः—सतिसप्तमी।

प्रचित चरत्सु को वा हरिणा हरो वा।

अयि वत्स! कृतं कृतमतिविनयेन। अनेकवारमपरिश्रान्त परिष्वजस्व माम्।

कुशलवौ भगवता वाल्मीकिना धात्रीकर्म वस्तुतः परिगृह्य पोषितौ परिरक्षितौ च। वृत्तचूडौ च त्रयीवर्जमितरा विद्याः सावधानेन परिपाठितौ। समनन्तरं च गर्भैकादशे वर्षे क्षात्रेण कल्पेनोपनीय गुरुणा त्रयीविद्यामध्यापितौ।

हा देव! एष मया विनाहमप्यनेन विनेति क्षमेऽपि येन सम्भावित

आसीत् । तन्मुहूर्तमपि जन्मान्तरमिव लब्धजन्मेव बाष्पसलिलान्तरेषु अपि तावद्दुःखतामापनुम् ।

अनया बालकतया सुदूरमपक्रान्ते स यावद्भद्रमिति मनसि कृत्य तत् कृताञ्जलिरश्रुसलिलवर्षीव खलु प्रणाममकरवम् ।

का तु तदा जीवनं स कलापान्तेन सम्भ्रमवशात् वीणागुणं च निश्चयस्य मनो भवन्तु—राजपुत्र । किमनेनातिनिघृणहृदयया मम मन्दभागिन्या वार्तया च मम प्रभृति वैराग्यवृत्तान्तेनात्मवधोचितेन सुखेन । तथापि यदि भवतः कुतूहलं तत् कथयामि । श्रूयताम् ।

अनभिज्ञाः स्वस्वदशायाम् जीवितविरोधा न भवन्ति खलु जगति प्राणिनः । नास्ति जीवितान्यासमभिमततरमिह जगति सकलमपि । तद्धुना सुखैरनपि तात पञ्चत्वमिवोपगम्य पुनरेव प्राप्नोमि । धिक् मामकरुणमतिनिष्ठुरमकृतज्ञम् । तदकृतमपि नापैति पापं हि खलु मे दुष्कृतम् ।

प्रियप्राया वृत्तिर्विनयमधुरो वाचि नियमः
प्रकृत्या कल्याणी मतिरनवगीतः परिचयः ।
पुरो वा पश्चाद्वा तदिदमविपर्यासितरसं
रहस्यं साधूनामनुपधि विशुद्धं विजयते ॥

चिरं जीव चिरं नन्द चिरं पालय मेदिनीम् ।
चिरमाजितलोकानां पूरय त्वं मनोरथान् ॥

कमलभुवनया मुखपङ्कजे
वसतु ते कमला करपङ्कजे ।
वपुषि ते रमतां कमलाङ्कज
प्रतिदिनं हृदये कमलापतिः ॥

मूर्खको उपदेश उसकी मूर्खता बढ़ानेके लिये होता है (कृप्)।

यह उसको बुद्धिमान् नहीं बनाता।

हाय! बड़ी बुरी बात हुई! शकुन्तलाने किसी पूज्य ऋषिका अपराध किया।

अग्निके सिवा और कौन धान्योंको जला सकता है?

लोभसे क्रोध उत्पन्न होता है।

मैं नहीं जानता कि अबतक यह राजपुत्र कितना चतुर हुआ है।

नीच आदमी दूसरेके उपकारकी तरफ ध्यान नहीं देता।

सज्जनोंका चरित्र सर्वोत्तम है, जो सदा सच बोलते हैं, और कभी नीचोंके मार्गसे नहीं चलते।

रामने लङ्का जानेके लिये नलसे समुद्रपर पुल बनवाया (कर्तरि तथा कर्मणि प्रयोग करो)।

कृपाकर उसे बीचमें न छोड़िये। मैं आरम्भसे यह किस्सा सुननेके लिये बड़ा उत्सुक हूं।

शब्दार्थ।

अवस्था (स्त्री)—स्थिति

उपकृत (उपकृतम्) न (उप+कृ+त)—उपकार।

कमलभू (पु)—ब्रह्मा (विष्णुके नाभिकमलसे उत्पन्न)

कमला (स्त्री)—लक्ष्मी

कमलाङ्गज (अङ्गज पु पुत्र) पु—लक्ष्मीका पुत्र प्रद्युम्न

करपल्लव (कर पु + पल्लव पु न) पु, न—पल्लवके समान कोमल हाथ

कल्प (पु)—विधि

कालकला (स्त्री)—कालका सूक्ष्म भाग

चूडा (स्त्री)—केशान्तसंस्कार

जीवित (जीवितम्) न (जीव्+त)—जीवन

धात्री (स्त्री)—धाई

पर्षद (परिषद) पु —परिषद्
प्राप्य (प्राप ल्यप् । प्र , आप् धातु
रस (रस) पु —अनुराग, प्रेम
रहस्य (रहस्यम्) न —गुप्त बात
ग्रन्थारम्भ (ग्रन्थ पु , आ—
द्वन्द्व + उपात्त पुं लिङ्ग)—
हालत यत पुर प्रश्नका लिनारा
तृप्ति (स्त्री)—सन्तोष आराम
वैराग्य (वैराग्यम्) न —सांसारिक
सुखोंमें द्वेषा

टिप्पण।

अकृतज्ञ—जो किए हुए उपकारको नहीं मानता, कृतघ्न
अतिकष्ट—बहुत दुःख दायक
अतिनिष्ठुर—कठोरहृदय, अतिक्रूर
अध्यापित (अधि + इ—पढ़ना प्रे० + त)—पढ़ाया गया
अनवसित (अन् + अव + सो—त्याग पर + त)—अनिश्चित
अनुपधि—निष्कपट (उपधि पु — कपट)
अविकल—अव्याकुल
अविपर्यसित (अ + वि + परि + अस्—फेंकना णि० + त)—अपरिवर्तित
उपक्रान्त (उप+क्रम् धातु, क्त पर +त)—शुरू हुआ
उपरत (उप+रम् धातु क्त +त)

कल्याणिन्—पुण्यात्मा हितचिन्तक
साधु—सन्तुष्टमनस्को
गर्भकाण्ड—गर्भमें स्थापनी
निरवद्य—निर्दोष, बेकसूर
परिपातित (परि + पत्—णि + त) पछाड़ा गया
पापकृत्—पापी
प्रियप्राय (स्त्री —प्रियप्राया) (बहु० प्रिय + प्राय—पु० अक्षर बहुधा)—प्राय प्रिय, बहुत कर प्रिय
सम्भाषिन्—प्रवक्ता
मञ्जुल—कोमल, मधुर
सम्भावित (सम् + भू—णि + त) —विचारित, चिन्तित
पुण्यकीर्तिनामन् (बहु०)—शुभ नामवाला
विशुद्ध (वि + शुध्—णि पर + त) —अत्यन्त पवित्र

धातु ।

अप+मृज् (अपमार्ष्टि—अ पर)—पोंछना

उप+नी (उपनयति—ते—भ्वा उभ)—यज्ञोपवीत करना

मस्ज् (मज्जति—भ्वा पर)—मग्न होना

निष्क्रम् (निष्क्रामति—म्यति—भ्वा, दि—पर)—निकलना

परि+ष्वञ्ज् (परिष्वजते—भ्वा आ)—गले लगाना, आलिङ्गन करना

प्र+क्षल् (प्रक्षालयति—चु पर)—धोना

मनसि कृ (तना०)—सोचना

अव्यय ।

अपरिसयम्—गाढ़

अनेकवारम्—कई बार

उष्णम्—गरम

अलम्—बस

तत्—तो

त्रयीभगम् (त्रयी स्त्री तीन वेद, तत्पु०, क्रियाविशे०)—तीन वेदके सिवा

दीर्घम्—लम्बा

पश्चात्—पीछे

पुरः—सामने

प्रभृति—आरम्भसे (तत प्रभृति—तबसे)

मुहुः—बार २

वस्तुतः—सचमुच

समनन्तरम्—बाद

सावधानम् (अव अवधानेन सहितं यथा स्यात्तथा)—ध्यानपूर्वक

सुदूरम्—अतिदूर

पाठ २५।

लुट्, लृट्, लृङ्।

भविष्यत् तथा क्रियातिपत्ति।

न जाने प्रातःकाले किं भविष्यति—मैं नहीं जानता कि सबेरे क्या होगा।

शत्रून् विजेष्ये वा मरिष्यामि वा—मैं शत्रुओंको जीतूंगा या मर जाऊंगा।

सुवृष्टिश्चेदभविष्यद् दुर्भिक्षं नैव समपत्स्यत—यदि अच्छी वृष्टि होती तो अकाल कभी न होता।

अथ धर्मं व्याख्यास्यामः। कृत्स्नं धर्मं व्याख्यास्याम इति यावत्—हमलोग सम्पूर्ण धर्मकी व्याख्या करेंगे। अथ धर्मं व्याख्यास्यामः का अर्थ है कृत्स्नं धर्मं व्याख्यास्यामः —अर्थात् हमलोग सम्पूर्ण धर्मकी व्याख्या करेंगे। यावत् 'अर्थात्' के अर्थमें आता है।

अथ भगवान् कुशली काश्यपः। अथ प्रश्नार्थोऽयमथशब्दः। "मङ्गलानन्तरारम्भप्रश्नकार्त्स्न्येष्वथो अथ" इत्यमरात्—क्या भगवान् काश्यप सुखी हैं? यहां अथ का अर्थ प्रश्न है। क्योंकि अमरकोशके अनुसार अथो तथा अथ के अर्थ ये हैं —मङ्गल, अनन्तर, आरम्भ प्रश्न तथा पूर्णता।

